आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 160 • नई दिल्ली, शनिवार 16 सितम्बर 2023 • पृष्ठ: 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 जागरूकता हेतु भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा ...

## आर्थिक तंगी के चलते पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की उड़ानें समाप्ति की कगार पर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की सबसे बड़ी विमान सेवा प्रदाता इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) डूबने की कगार पर है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान की बदतर आर्थिक स्थिति के चलते इन विमानों में ईंधन भरवाने के पैसे भी नहीं हैं। अगले कुछ महीनों में पीआईए के मुख्य कार्यों और गैर-प्रमुख संपत्तियों की बिक्री की उम्मीद है। पिछले हफ्ते ही पाकिस्तान के उड्डयन मंत्रालय ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए संघीय सरकार से कहा था कि एयरलाइन गंभीर नकदी प्रवाह के संकट से जूझ रही है। मंत्रालय ने कहा, इससे लेनदारों, विमान पट्टेदारों, ईंधन आपूर्तिकर्ताओं, बीमाकर्ताओं, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाईअड्डा ऑपरेटरों और अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) पर बकाया हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके कारण, पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वजवाहक को 13 पट्टे वाले विमानों में से पांच को खड़ा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, और शीघ्र ही चार अन्य विमानों को भी इस संकट का सामना करना पड़ेगा। विमानन मंत्रालय ने बताया कि बोइंग और एयरबस सितंबर के मध्य तक स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति



बंद करने की कगार पर थे। बढ़ती चिंताओं के बीच, मंत्रालय ने 23 बिलियन पाकिस्तानी रुपये (लगभग 77.3 मिलियन अमरीकी डालर) के तत्काल नकद इंजेक्शन का अनुरोध किया है। इसने घरेलू एजेंसियों के लिए शुल्क, कर और सेवा शुल्क को निलंबित करने के लिए भी कहा है। पाकिस्तान में नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की 35 उड़ानों का निरीक्षण नहीं किया है, जिससे अगले साल की उड़ानों के लिए आवश्यक प्रमाणपत्र जारी करना खतरे में पड़ सकता है। पाकिस्तान विमानन प्राधिकरण ने अन्य मुद्दों के अलावा विमानों की तकनीकी समस्याओं और चालक दल के प्रशिक्षण के बारे में टिप्पणियां की हैं। जानकारी के अनुसार, एयरलाइन को दिसंबर 2023 तक सीएए द्वारा निरीक्षण पूरा करने के लिए कहा गया था। ग्राउंडेड विमानों के साथ-साथ विदेश और पाकिस्तान नौसेना द्वारा उड़ाए गए विमान भी निरीक्षण सूची में शामिल हैं। अगले वर्ष के एयर ऑपरेटर प्रमाणपत्र की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2024 है। सीएए के उड़ान मानकों के निदेशक द्वारा संचालन विशिष्टताओं के शीर्षक के तहत विमानों की एक सूची जारी की गई है। सूची में एयरलाइन के 12 बोइंग 777, 17 एयरबस ए320 और छह एटीआर विमानों का विवरण शामिल है। सीएए ने बार-बार राष्ट्रीय ध्वज वाहक से इन विमानों का निरीक्षण पूरा करने के लिए कहा है।उल्लेखनीय है कि पीआईए के कुल 15 विमान ग्राउंडेड हैं, दो विदेश में हैं जबकि दो का इस्तेमाल देश की दूसरी संस्था कर रही है। संघीय सरकार ने कर्ज में डूबी पीआईए को विदेशी पूंजी के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत चलाने और राष्ट्रीय वाहक के पुनर्गठन की एक बड़ी योजना तैयार की है। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) को 15 विमानों को खड़ा करने का खतरा है क्योंकि उसने अभी तक 20 अरब रुपये तक का बकाया नहीं चुकाया है। सूत्रों के मुताबिक, इसके अलावा, अगर विमानों को खड़ा किया गया तो 30 से अधिक उड़ानें निलंबित होने की संभावना है। ईंधन, संघीय उत्पाद शुल्क (एफईडी) और पट्टे के भुगतान से संबंधित बकाए के समय पर भुगतान में देरी के कारण 15 विमानों को खड़ा किया जा सकता है। इससे पहले, उड्डयन मंत्रालय ने कहा था कि पीआईए की ओवरहालिंग एक जटिल प्रक्रिया है और इसमें एक साल लगेगा हालांकि, राष्ट्रीय करियर को चालू रखना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मामन खान की पेशी से पहले जिले में धारा-144 लागू

**नूंह**। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा से पूर्व भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में कांग्रेस विधायक मामन खान को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया था। आज कांग्रेस विधायक को एसआईटी अदालत में पेश किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस शुक्रवार सुबह 11 बजे के बाद आरोपित विधायक को अदालत में पेश कर सकती है। पुलिस ने विधायक को अदालत में पेश करने से पहले जिला के प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से फिरोजपुर झिरका में दो कंपनी अतिरिक्त बल थाने बुलाकर ड्यूटी प्वाइंट पर लगाया गया है। वहीं, नूंह में 15 से 16 सितंबर तक इंटरनेट सेवाओं को फिर से बंद कर दिया गया है। नूंह तथा फिरोजपुर झिरका और बड़कली चौक तथा आरोपित विधायक के गांव भादस में भी पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। प्रमुख जगहों पर आरएएफ की भी तैनाती की जा रही है। वहीं, प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू कर राजस्थान से जुड़ी सीमाओं पर नाकेबंदी कर दी है और वाहनों की जांच करने के बाद ही लोगों को जिला में प्रवेश करने दिया जा रहा है। साथ ही प्रशासन ने लोगों से जुमे की नमाज अपने घर पर ही अदा करने की अपील की है। मामन फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र से विधायक है।



### पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों के हिंदी प्रेम की सराहना की

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों के हिंदी प्रेम की सराहना की। वह 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट का जवाब दे रहे थे। फिलिप ग्रीन ने उच्चायोग में अपने सहयोगियों की पसंदीदा हिंदी कहावतें और "दोहा" सुनाते हुए क्लिप साझा किया था। पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, "कहावतों और दोहों का आपका कथन मंत्रमुग्ध कर देने वाला है और हिंदी भाषा के प्रति आपका प्रेम काफी दिलचस्प है।" हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है। 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि हिंदी देश की आधिकारिक भाषा होगी।



### दूध के बकाया पैसे मांगने पर हुआ विवादः तीन लोगों की गोली मारकर हत्या



**पटना**। बिहार की राजधानी पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और एक जख्मी हो गया। घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है। पुलिस के मुताबिक, सुरंगापार गांव में बकाया पैसे को लेकर प्रदीप कुमार और जय सिंह के बीच विवाद चल रहा था। इसको लेकर रात भी एक गुट पैसा मांगने गया था। इसी दौरान दोनों गुटों में बहस शुरू हो गई। करीब 11 बजे दोनों ओर से गोलियां चलने लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जय कुमार (52), प्रदीप कुमार (32) और शैलेश कुमार (40) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। फतुहा के पुलिस उपाधीक्षक सियाराम यादव ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। प्रथमदृष्ट्या दूध के 400 रुपए बकाया पैसे को लेकर विवाद की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना में एक व्यक्ति घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दोनों पक्षों से 11 लोगो को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पूरे एरिया में पुलिस कैंप कर रही है।

## आतंकरोधी ऑपरेशन में परस्पर गोलीबारी जारी

- आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने के लिए सेना ने तेज किया ऑपरेशन
- पहाड़ी के आतंकी ठिकाने की घेराबंदी करके चौतरफा हमले की तैयारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग में 13 सितंबर से चल रही आतंक विरोधी अभियान जारी है। सुरक्षा बलों ने कम से कम 3 आतंकवादियों को घेर रखा है, जिसमें 10 लाख रुपये का इनामी लश्कर लोकल कमांडर उजैर खान भी शामिल है। वह पहले भी कई वारदातों में शामिल रहा है और मुठभेड़ के बाद भागने में कामयाब हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस मुठभेड़ में सेना के कम से कम 2 अधिकारी घायल हुए हैं। इससे पहले बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में 2 सैन्य अधिकारियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक की मौत हो गई थी। वहीं 12 सितंबर को राजौरी में हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के 1 जवान सहित डॉगी केंट की गोली लगने से मौत हो गई थी। सेना और पुलिस ने मंगलवार देर रात आतंकियों की तलाश के लिए संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। चिनार कोर के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और विक्टर फोर्स के जीओसी मेजर जनरल बलबीर सिंह वर्तमान में ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। अब तक, सुरक्षा बलों के चार जवान, 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक, और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उप अधीक्षक हुमायूं भट, और राइफलमैन रवि कुमार-लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। गुरुवार को, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना के एक्सवी कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कर्नल सिंह और मेजर धोनैक को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने श्रीनगर के बादामीबाग छावनी में दोनों अधिकारियों के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। आतंकवादियों द्वारा चार सुरक्षाकर्मियों की हत्या के विरोध में गुरुवार को जम्मू शहर के विभिन्न हिस्सों में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन भी हुए। पनुन कश्मीर और ईक सनातम भारत दल (ईएसबीडी) ने सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि दी और जम्मू-कश्मीर में टेरर इकोसिस्टम के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की मांग की। जम्मू कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह और एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार का भी इस पर बयान आया है। उनका दावा है कि आतंकियों का खात्मा कर दिया जाएगा। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि हम अपने अफसरों की बहादुरी को सलाम करते हैं। आज भी दोनों तरफ से हो रही है।

### बिहार के मंत्री चंद्रशेखर के बयान पर मचा घमासान

**नई दिल्ली**। कर्नाटक के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बाद अब बिहार के मंत्री चंद्रशेखर यादव अपने बयान की वजह से सुर्खियों में आ गए हैं । उदयनिधि ने सनातन धर्म को लेकर जो बयान दिया था, उस पर सनातन धर्मावलंबियों ने कड़ा रुख अपनाया है। अभी तक यह मामला शांत भी नहीं हुआ कि बिहार के मंत्री चंद्रशेखर की रामचरित मानस पर टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया घमासान मच गया है। इसे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को समाप्त करने वाले बयान से जोड़ कर देखा जा रहा है। बिहार के मंत्री चंद्र शेखर के इस बयान पर कि रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड है, उप्र के मंत्री जितिन प्रसाद कहते हैं, ''आईएनडीआई गठबंधन और उसके नेता सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते हैं। आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी। जो लोग सनातन धर्म को समाप्त करने की बात करते हैं वे स्वयं समाप्त हो जायेंगे।" लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान कहते हैं, "वह उस राज्य के शिक्षा मंत्री हैं, जहां वर्षों से पाठ्यक्रम खत्म नहीं हुए हैं। जहां प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता का पतन हो रहा है। जहां छात्रों के लिए बुनियादी ढांचा और बेंच नहीं है। इस तरह के विवादित बयान देकर कोई भी इन्हें पहचान सकता है। चिराग पासवान ने कहा कि क्या शिक्षा मंत्री ने एक बार यह जानने की कोशिश की कि बिहार के छात्र कोटा में क्यों आत्महत्या का प्रयास कर रहे हैं।

### जामताड़ा पुलिस के चलाये जा रहे अभियान और कार्रवाई से साइबर अपराध में आई है गिरावट - डीआईजी सुदर्शन मंडल



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । साइबर अपराध अब जामताड़ा जिला में काफी कम हो गया है। लगातार पुलिस की ओर से चलाये जा रहे अभियान और कार्रवाई के कारण साइबर अपराधी बाहर शिफ्ट करने लगे हैं। पड़ोसी राज्य बिहार का नवादा जिला फिलहाल साइबर अपराध के मामले में टॉप पर चल रहा है। यह कहना है संथाल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन मंडल का। शुक्रवार को डीआईजी जामताड़ा साइबर क्राइम थाना का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका सम्मान किया गया। डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न फाइलों एवं पंजियों का अवलोकन किया। साथ हीं कई कांडों में उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने गुणवत्तापूर्ण इन्वेस्टिगेशन करने की बात कही। साथ ही तमाम पुलिस पदाधिकारी एवं इन्वेस्टिगेशन ऑफीसर को निर्देश दिया कि अपराध का अनुसंधान में क्वालिटी से कोई कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए। डिजिटल एविडेंस को किस प्रकार कलेक्ट करना है और किस प्रकार उसे सजाना है इन सब बिंदुओं पर उन्होंने निर्देश दिए। मौके पर एसपी अनिमेष नथानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद ज्योति मिंज, साइबर थाना प्रभारी मनोज कुमार,टाउन थाना प्रभारी अब्दुल रहमान, सर्किल इंस्पेक्टर जामताड़ा देवेश भगत, इंस्पेक्टर सुबोध कुमार यादव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### असम सीएम नालंदा विश्वविद्यालय कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बिहार

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के पटना पहुंचने पर भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सनातन धर्म को लेकर हो रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही विपक्षी दलों के गठबंधन INDIA पर भी निशाना साधा है।



**विपक्ष का असली मकसद हैं सनातन के खिलाफ काम करना** – हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि मैं एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने आया हूं। हमारे कार्यकर्ताओं से मिलकर बहुत खुशी हुई और बहुत अच्छा लगा। वहीं विपक्ष के विवादित बयान पर हेमंत विश्व शर्मा ने कहा की पूरा विपक्ष का जो एलाइंस हुआ है इसका असली मकसद है भारत के हिंदुत्व को कमजोर करना और सनातन के खिलाफ काम करना। इसीलिए अगला जो लोकसभा चुनाव होगा यह सिविलाइजेशनल का फाइट होगा और हमारे भारत का लोग सनातन को सुरक्षित रखेगा। एयरपोर्ट से निकलकर सबसे पहले मिले सम्राट चौधरी से हिमंत बिस्वा सरमा के पटना एयरपोर्ट पर बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

### महज 450 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर, करना होगा ये काम

**भोपाल** । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाडली बहनों को गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिलेगा। सावन के माह में अर्थात 4 जुलाई से लेकर 31 अगस्त तक गैस सिलेंडर रिफिल कराने वाली लाडली बहनों को भी अनुदान राशि का अंतरण उनके बैंक खातों में किया जाएगा। चौहान ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए लाडली बहनों को पंजीयन कराना होगा। पंजीयन मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना पोर्टल पर होगा। मुख्यमंत्री टीकमगढ़ से आज पंजीयन की शुरुआत करेंगे।

### पत्नी को मायके से बात करने से रोकना मानसिक क्रूरता

**एजेंसी। मुंबई**

वैवाहिक संबंध के कारण पत्नी को उसके माता-पिता से अलग नहीं किया जा सकता। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि एक पत्नी से अपने माता-पिता के साथ संबंध तोड़ने की उम्मीद नहीं की जा सकती है, और इस बात पर जोर देना कि पत्नी मायके के संपर्क में नहीं रहे, मानसिक क्रूरता है। हाई कोर्ट ने तलाक के एक मामले में यह राय दर्ज की है. न्यायमूर्ति नितिन सांबरे और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की पीठ ने छह सितंबर को यह टिप्पणी की. इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा है कि आधुनिक समय में पति-पत्नी दोनों को घर की जिम्मेदारियां समान रूप से निभानी चाहिए। दरअसल 35



साल के एक शख्स की शादी 2010 में हुई थी, शादी के 8 साल बाद यानी 2018 में उसने फैमिली कोर्ट में अर्जी दी। उन्होंने अपने आवेदन में दावा किया कि पत्नी हमेशा अपनी मां से फोन पर बात करती है और घर का काम नहीं करती है. दूसरी ओर, याचिकाकर्ता की पत्नी ने दावा किया था कि मेरे ऑफिस से घर आने के बाद मेरे पति मुझसे घर के सारे काम करने के लिए दबाव बना रहे थे. उसने मुझे मेरे माता-पिता से फोन पर भी बात नहीं करने देते थे और न ही उनसे मिलने दिया. इस दौरान महिला ने यह भी दावा किया कि उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया. पति-पत्नी के बीच विवाद की सुनवाई फैमिली कोर्ट में हुई। दोनों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अर्जी खारिज कर दी. इस बीच उक्त व्यक्ति ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी. इस मामले की सुनवाई 6 सितंबर को हाई कोर्ट में हुई थी. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि इस बात पर जोर देना कि पत्नी को मायके के संपर्क में नहीं रहना चाहिए, मानसिक क्रूरता है। वहीं, तलाक की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी गई कि पति-पत्नी दोनों घर के कामकाज के लिए जिम्मेदार हैं।

### 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के पहले चरण में स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित 2.33 लाख से अधिक शिलाफलकम् स्थापित

**नई दिल्ली**। ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के पहले चरण में देश के 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में स्वतंत्रता सेनानियों और सुरक्षा बलों को समर्पित 2.33 लाख से अधिक शिलाफलकम् स्थापित किए जा चुके हैं। शुक्रवार को संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि अब तक लगभग 4 करोड़ पंच प्रण प्रतिज्ञा सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी हैं। देश भर में 2 लाख से अधिक बहादुर अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वसुधा वंदन थीम के तहत 2.36 करोड़ से अधिक स्वदेशी पौधे लगाए गए हैं और 2.63 लाख अमृत वाटिकाएं बनाई गई हैं। मंत्रालय के अनुसार यह अभियान देश भर में अमृत कलश यात्राओं की योजना के साथ अपने दूसरे चरण में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अभियान का उद्देश्य देश के हर घर तक पहुंचना है। भारत भर के ग्रामीण क्षेत्रों के 6 लाख से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों के वार्डों से मिट्टी और चावल के दाने एकत्र किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे ब्लॉक स्तर पर जोड़कर ब्लॉक स्तरीय कलश बनाया जाएगा।

विधायक इरफान के बिगड़े बोल

## 'प्रधानमंत्री जिंदाबाद नहीं, हेमंत जी का नाम लीजिए, नहीं तो अच्छा नहीं होगा, गर्दा उड़ा देंगे'

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के शिलान्यास को लेकर जमकर राजनीति हुई। शिलापट में स्थानीय विधायक इरफान अंसारी का नाम नहीं रहने के कारण जमकर विरोध हुआ। विधायक और दुमका सांसद सुनील सोरेन दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। मामले में सांसद ने कहा कि विधायक बिना सोचे-समझे शिलान्यास करने चले आते हैं।क्या है पूरा मामलाः जामताड़ा के सुपायडीह पंचायत में

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चार प्रमुख सड़कों के शिलान्यास का आयोजन



किया गया था। शिलान्यास दुमका सांसद सुनील सोरेन द्वारा किया जाना था।इसी दौरान शिलापट पर विधायक इरफान अंसारी का नाम नहीं होने पर इरफान बिफर गए।इसके बाद उनके समर्थकों ने जमकर विरोध शुरू कर दिया। सबसे बड़ी बात यह है गई की सांसद के शिलान्यास करने से पहले ही शिलापट वहां से गायब हो गया। गायब होने के बाद तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई। उसके बाद फिर से विधायक इरफान अंसारी का नाम लिखा शिलापट आया तब जाकर सांसद और विधायक ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ और फीता काटकर चार महत्वपूर्ण सड़क योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलापट में नाम को लेकर सांसद और विधायक में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। सासंद सुनील सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना केंद्र सरकार की योजना है। इसमें बिना सोचे समझे शिलान्यास करने विधायक चले आते हैं हालांकि सांसद सुनील सोरेन शिलापट में नाम नहीं रहने को विभाग की भूल बताया है। उन्होंने कहा कि विधायक इरफान अंसारी की मानसिकता बिगड़ गई है। वहीं विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि सांसद को कोई जानकारी नहीं है। विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि सदन में इस क्षेत्र के सड़क के लिए आवाज उठाया था और योजना लेकर आए थे।कहा कि सांसद प्रधानमंत्री जिंदाबाद का नारा यहां लगा रहे हैं।मैनें कहा हेमंत सोरेन का नाम लीजिए, नहीं तो गर्दा उड़ा देंगे।

## ख़ास ख़बर

### जनता दल यूनाइटेड कला संस्कृति युवा एवं खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने पूर्व क्रिकेटर जितेंद्र कुमार सिन्हा " गोपी "

**पूर्णिया** । जनता दल यूनाइटेड खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह ने कला, संस्कृति, युवा एवं खेल प्रकोष्ठ कमेटी का गठन किया है जिसमें पूर्णिया से पूर्व क्रिकेटर व समर्पित खिलाड़ी श्री जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ गोपी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है क्रिकेटरों में उत्साह का माहौल है अपने बीच से समर्पित पूर्व खिलाड़ियों को जिला अध्यक्ष जैसा पद पर मनोनीत किया जाना एक बहुत बड़ी बात है। जनता दल यूनाइटेड से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हैं। श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा " गोपी " ने कहा कि हम सभी मिलकर जिलों में खेल के माहौल को और अधिक बनाने का प्रयास करूंगा। साथ ही सरकारी विद्यालय में सरकार के द्वारा दी जा रही राशि का खिलाड़ियों के लिए सही इस्तेमाल इसको भी सुनिश्चित करूंगा। इधर " गोपी " को ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने तहे दिल से दी हार्दिक बधाई। खिलाड़ियों ने कहा समर्पित पूर्व खिलाड़ियों को पूणिया जैसे महत्वपूर्ण जिला का अध्यक्ष बनाने पर मुख्यमंत्री को शुक्रिया कहा।

### उपमुख्यमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारी को लेकर राजद अररिया की टीम सांसद से मिला

**कटिहार/अररिया।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद एवम् कटिहार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के संस्थापक आदरणीय जनाब डा. अशफाक करीम साहब से आज संगठन मजबूती तथा अगले महीने माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के संभावित दौरे को लेकर राजद जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव जी एवं जिला प्रधान महासचिव श्री मनोज विश्वास जी जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात हुई। इस मौके पर पूर्णिया राजद जिलाध्यक्ष श्री मिथिलेश दास जी भी उपस्थित थे। माननीय सांसद महोदय के आवास पर ही हम सबों ने भोजन किया।

### अररिया पुलिस ने पैकेट बंद कुल 602 किलो गांजा को किया जप्त

**अररिया।** अररिया नगर थाना पुलिस द्वारा चोरी के जप्त किए गए पैकेट बंद कुल 602 किलो गांजा को जप्त किया गया। इधर डी आई यू टीम अररिया पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए रानीगंज थाना अंतर्गत ग्राम इंदरपुर के पास पुआल लदे पिकअप गाड़ी में छुपा कर ले जाए जा रहे कई ब्रांडों के कुल 526.35 लीटर विदेशी शराब को पिकअप के साथ जप्त किया ।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जोगबनी आगमन आज आईसीपी , बीजीएफ भवन का करेंगे उद्घाटनः किमी आनंद



**जोगबनी** । आईसीपी जोगबनी के बगल में बोर्डर गार्डेड फोर्स के आवासीय भवन का शुभारंभ करने 16 सितंबर को जोगबनी (अररिया) आ रहे माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा लोकसभा अररिया की मीडिया संयोजक अभिनव आनंद उर्फ किमी आनंद ने कहा कि स्थानीय प्रशासन व कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल पहुँचेंगे जोगबनी आईसीपी , बीजीएफ भवन के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करेंगें, बैठक को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### गैस सिलेंडर की अधिक कीमत देने से मना करने पर मारपीट और छिनतई



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी वार्ड संख्या तीन के रहने वाले मो.शमीम आलम पिता- मो.इस्माइल ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर गैस सिलेंडर का एक हजार रुपैया भुगतान करने के बाद मांगे गए 60 रुपैया अतिरिक्त नहीं देने पर शेख इनुस और उसके पुत्र शेख रज्जाद पर मारपीट और छिनतई करने का आरोप लगाया है।मामले में मो.शमीम आलम ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देते हुए गैस सिलेंडर का एक हजार रुपैया भुगतान करने के बाद मांगे गए 60 रुपैया देने को लेकर किए गए सवाल पर पिता पुत्र द्वारा गाली गलौज के साथ मारपीट करने और मो.इनुस पर जेब से 35 सौ रुपैया निकाल लेने और गले से चार हजार रुपैया की कीमत वाली चांदी का चेन छीन लेने का आरोप लगाया है।साथ ही उन्होंने पिता पुत्र के द्वारा जान से मारकर फेंक देने की धमकी देने का भी आरोप लगाया।मामले में फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवेदन मिलने की बात करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

### आपसी विवाद में चली गोली से एक युवक घायल

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर थाना क्षेत्र के बल्डीहा बलुआ टोल तिनमुहानी नियर कोशी कॉलनी के पास आपसी विवाद में चली गोली से एक युवक घायल हो गया।स्थानीय लोगों के सहयोग से ईलाज के लिए जयनगर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया।घायल युवक की पहचान नेपाल के धनुषा जिले के इनरवा गॉव के निवासी प्रदीप गोईत के पुत्र 18 वर्षीय अनिल कुमार गोईत बताया गया है।घायल व्यक्ति को दांया कंधा के जॉइंट के पास गोली लगा हुआ है।घटना गुरुवार की रात्रि करीब 11 बजे की बताई जा रही है।घटना को लेकर जयनगर थाना की पुलिस जांच में जुट गई।

# यूभीके कॉलेज कड़ामा बना नैक ग्रेडिंग प्राप्त करने वाला इकलौता कॉलेज





**मधेपुरा /डा. रूद्र किंकर वर्मा।** पुरैनी प्रखंड क्षेत्र के कड़ामा स्थित यू भी के कॉलेज को नैक पीयर टीम के द्वारा द्वितीय चक्र बी ग्रेडिंग दी गई। विश्वविद्यालय के एकमात्र संबद्धता प्राप्त कॉलेज को मिली। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति सहित कई अन्य ने प्रधानाचार्य को बधाई व शुभकामनाएं दी।मालूम हो की यूजीसी के द्वारा गठित नैक पीयर टीम द्वारा बीते 28 व 29 अगस्त को महाविद्यालय के सभी विभागों का गहनता से निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के 15 दिन बाद यूजीसी के नैक पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय को बी ग्रेड दिया गया। जिसकी सूचना 14 सितंबर को मेल के द्वारा महाविद्यालय दी गई। ग्रेडिंग की सूचना जब भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा को प्राप्त हुई तो सभी ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. माधवेंद्र झा व सभी शिक्षक शिक्षक कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। ग्रेडिंग प्राप्त होने के बाद शुक्रवार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने कॉलेज में प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सफलता पर बधाई का पहला हकदार कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारियों हैं जिनके अथक प्रयास से महाविद्यालय को यह सफलता मिली है। डा.झा ने बताया कि सुदूर देहात में स्थापित इस कॉलेज को नैक पीयर टीम द्वारा इस कॉलेज में पीजी की पढ़ाई करवाने, कॉलेज को जल्द अंगीभूत भूत करने का रिकोमेंट किया गया है इसके साथ ही उदयनाचार्य के नाम पर यहां एक शोध संस्थान स्थापित करने की सलाह दी गई है। जल्द ही महाविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय को पीजी की पढ़ाई प्रारंभ करवाने के लिए पत्र भेजा जाएगा। साथ ही कॉलेज को अंगीभूत करने के लिए सरकार व शिक्षा विभाग तथा कुलपति को पत्र भेजा जाएगा। अगले एक वर्ष के अंदर महाविद्यालय में उदयनाचार्य शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी। जहां उनके द्वारा लिखित पुस्तक व उनकी कृति मौजूद रहेंगी। जिन पर छात्र-छात्राएं आगे शोध कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों को छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा की महाविद्यालय आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए, रोजगार परक शिक्षा देने के लिए व उच्च संस्कार भरने के लिए हमेशा कटिबध्द है। प्रेस वार्ता के दौरान मौके पर उप प्रधानाचार्य डॉक्टर ललन कुमार झा, कम्युनिटी कॉलेज के निदेशक डॉक्टर ई.सिप्पू कुमार, डॉ शेखर झा, प्रोफेसर ओम प्रकाश यादव,प्रोफेसर अमरेंद्र झा, प्रोफेसर प्रकाश कुमार प्रकाश, प्रोफेसर चंद्रशेखर, प्रोफेसर विनोद शंकर सिंह, प्रोफेसर शिव कुमार यादव, प्रोफेसर शिव किशोर सिंह, प्रोफेसर राजीव कुमार रमन, प्रोफेसर नेहरू प्रसाद चौधरी, हरिओम कुमार, अभिनव कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## केशर कुमार सिंह बने भिंड लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक



**मधेपुरा** । सहरसा जिले के हरिपुरा निवासी बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केसर कुमार सिंह को आगामी विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाया है विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालेंगे केसर सिंह मंगलवार को भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एआईसीसी महासचिव संगठन केसि वेणुगोपाल एवं मध्य प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेबाला की मोजुदगी में आयोजित बैठक में हिस्सा लेने के बाद भिंड के लिए प्रस्थान कर गए । इससे पहले श्री सिंह असम पश्चिम बंगाल कर्नाटक उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में संगठन एवं चुनाव प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं इस उपलब्धि पर कांग्रेस जनों ने केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दें बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह यादव, डॉ प्रो अरुण कुमार,बिष्णुदेव यादव बिक्रम, बिजय जैन,इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष हीरा पासवान, बिष्णु देव सिंह, पुरुषोत्तम अग्रवाल,राम लखन यादव ,बिजय जैन , चितरंजन कुमार सिंह,शंभु सिंह,बंटि सिंह, प्रमोद कुमार पप्पू, मौजूद रहे।

## कॉमर्स कॉलेज के अतिथि सहायक प्राध्यापक एवम डा. शाकीबुर्र रहमान को प्रदेश जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के महासचिव का कमान



**मधेपुरा।** बिहार प्रदेश जदयू अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा के साथ बिहार प्रदेश जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अमरदीप ने जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के 41 जिला अध्यक्षों, 10 नगर अध्यक्षों एवं 108 प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष डा अमरदीप ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं हम सबके नेता श्रद्धेय श्री नीतीश कुमार के विचारों एवं आदर्शों पर चलते हुए प्रकोष्ठ को नई ऊँचाई देंगे, ऐसी अपेक्षा है। इधर भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा के अतिथि सहायक प्राध्यापक डा. आर के वर्मा एवम डा. शाकीबुर्र रहमान को प्रदेश जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के महासचिव का कमान मिलने पर मधेपुरा जिला जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### गृह मंत्री के कार्यक्रम में भाजयुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता लेंगे भाग



**फारबिसगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को उद्घाटन करेंगे। जोगबनी में पहली बार गृह मंत्री के आगमन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाजयुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त बातें भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने गृहमंत्री के कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर जिलाध्यक्ष आकाश राज एवं जिला महामंत्री अमन राज ,दीपक मंडल सहित युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों के बैठक में समीक्षा उपरांत कही प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि गृहमंत्री श्री शाह के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। इस हेतु जिला के प्रत्येक मंडल और शक्ति केंद्र से सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ताओ की भागीदारी होगी।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बुलबुल यादव, संदीप शर्मा, जिला मंत्री उमेश राणा, विपुल सिंह आदि युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जयनगर स्टेशन पर एक महिला रेल यात्री से मोबाइल चोरी करते आरपीएफ जवानों ने खदेड़ कर एक युवक को पकड़ा



**जयनगर/मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि एक महिला रेल यात्री मधुबनी निवासी रंजू देवी ट्रेन के प्रतिक्षा में आरपीएफ पोस्ट के समीप बैठी हुई थी।एक युवक उक्त महिला रेल यात्री के समीप आया और मोबाइल को झपट्टा मार कर भाग रहा था। यात्रियों द्वारा शोर मचाने पर पास ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ प्रभारी रमेश कुमार सिपाही राम कृष्ण राम व अजीत कुमार ने दौड़ कर मोबाइल चोर को मोबाइल फोन के साथ पकड़ा। प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए मोबाइल चोर नेपाल के धनुषा जिले के चौराटेपुर निवासी उदय कुमार यादव पिता हिरा लाल यादव बताया गया है। आरपीएफ ने मोबाईल चोर को रेल थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

### के एन डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक नाथ झा ने समाजसेवी संजय मिश्रा को किया सम्मानित



**कुर्साकांटा** । एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा शुक्रवार को कलानंद नित्यानंद डिग्री कॉलेज बखरी कुर्साकांटा पहुंचे।जहा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक नाथ झा ने बुके देकर स्वागत किया व मिथिला परंपरा को बढ़ावा देते हुए पाग व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं श्री मिश्रा ने कॉलेज प्रांगण की व्यवस्था देख मंत्र मुग्ध हो गए।साथ ही उन्होंने कहा महाविद्यालय के संस्थापक सह प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक बाबू का प्रयास रंग लाएगा ।छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा खासकर बैचलर डिग्री प्राप्त करने के लिए अररिया पूर्णिया पटना एवं महानगरों का रुख नहीं करना होगा।इस क्षेत्र के छात्र छात्राओं को बेहतर व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा यही प्राप्त होगी।इस हिम्मत भरे कदम के लिए पूरे कॉलेज टीम को बहुत बहुत शुभकामना देते है व आभार प्रकट करते है।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 सम्पन्न



**अररिया।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 के दूसरे दिन आज टाउन हॉल अररिया में सुगम संगीत, वक्तृता, चाक्षुष कला (मूर्तिकला, चित्र, हस्तशिल्प कला, फोटोग्राफी) आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। सभी विधा के प्रतियोगिता में 15 से 35 वर्ष आयु के युवाओं ने भाग लिया। इस दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अब राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने भेजा जायेगा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया श्री राज कुमार, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा श्री आकिफ वक्कास एवं संबंधित वरीय पदाधिकारी सहित संबंधित संगीत शिक्षक, कलाकार, बड़ी संख्या में छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

समारोह | उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों एवं सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया

## माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति की एक और मिला सम्मान, रक्तवीर अवार्ड से सम्मानित हुए अमित कुमार राउत



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** आमजन सहयोग रक्तदान सेवा समिति, बिथान के द्वारा समस्तीपुर जिले के बिथान मे बिहार के प्रत्येक जिले से रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों एवं सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया है। इस आयोजित सम्मान समारोह में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाजसेवियों को सम्मानित किया जा रहा है, जिसमें बिहार के सभी जिलों से कई समाजसेवियों एवं सामाजिक संस्थान को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। इसी क्रम मे मधुबनी जिला से रक्तदान एवं अन्य सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जयनगर के मां अन्नपूर्णा रक्त रक्षक के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच पर संस्थान के संतोष शर्मा, विवेक सूरी, नवीन शाह मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आमजन सहयोग रक्तदान सेवा समिति, बिथान के सदस्य एवं माँ अन्नपूर्णा रक्त रक्षक के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत, नवीन साह, विवेक सूरी, संतोष शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी अमित कुमार राउत ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है, जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं, तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन पिछले 1155दिनों से रोज जयनगर रेलवे स्टेशन और इसके सामने पुराना नगर पंचायत परिसर मे लंगर लगाकर खिलाती है।

## फाइलेरिया से जुड़े मिथक दूर कर रहा है रोगी सहायता समूह



**अररिया** । जिले में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए रोग प्रबंधन व दिव्यांगता रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसे लेकर फाइलेरिया मरीजों को रोग प्रभावित अंगो की समुचित सफाई के तकनीक से अवगत कराते हुए उन्हें एमएमडीपी किट मुहैया कराया जा रहा है। फाइलेरिया मरीजों को समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिले में अनुमंडल अस्पताल फारिसगंज व रानीगंज रेफरल अस्पताल में विशेष फाइलेरिया क्लिनिक संचालित है। फाइलेरिया रोग पर प्रभावी नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में फाइलेरिया रोगी सहायता समूह अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। फाइलेरिया रोगी सहायता समूह नेटवर्क के सदस्य फाइलेरिया के नये मरीजों को चिह्नित करने व उन तक जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में मददगार साबित हो रहा है।

**समुदाय स्तर पर लोगों को किया जा रहा जागरूकः** फाइलेरिया रोगी सहायता समूह के सदस्य समुदाय में लोगों को फाइलेरिया रोग से जुड़े विभिन्न पहलूओं के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। जानकारी देते हुए डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि रोग के जागरूकता किसी भी रोग से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है। रोगी सहायता समूह फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बीमारी से जुड़े मिथक को दूर कर रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मरीजों को सभी जरूरी चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। फाइलेरिया क्लिनिक का संचालन इस दिशा में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के नये मरीजों को रोग प्रबंधन तकनीक से अवगत कराते हुए एमएमडीपी किट मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही हाईड्रोसिल मरीजों को सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। फाइलेरिया मरीजों के लिये सभी जरूरी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क होने की जानकारी उन्होंने दी।

**जिले में फाइलेरिया के कुल 1476 मरीजः** जिले में फाइलेरिया के कुल 1476 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसिल के 450 व हाथी पांव के 1026 मरीज शामिल हैं। फाइलेरिया मरीजों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में रोगी सहायता समूह के सदस्य सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। साथ ही समूह की मासिक बैठकों में रोग प्रबंधन व इसे नियंत्रण से जुड़े पहलूओं पर विस्तृत चर्चा करते समुदाय स्तर इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले में फिलहाल 20 रोगी सहायता समूह सक्रिय है। अररिया, फारबिसगंज व रानीगंज प्रखंड में सक्रिय इन समूह के माध्यम से सामुदायिक स्तर जन जागरूकता फैलाते हुए फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने की मुहिम को मजबूत बनाया जा रहा है।

**जिले में लगातार मजबूत हो फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रमः** सिविल सर्जन विधानचंद्र सिंह ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में जिला निरंतर तरक्की कर रहा है। बीते दिनों फाइलेरिया मरीजों की खोज के लिये जिले में संचालित नाइट ब्लड सर्वे के दौरान जिले में फाइलेरिया के महज दो नये मरीज मिले। निर्धारित सर्वे के दौरान किसी साइट पर एक प्रतिशत मरीज नहीं मिले। इस कारण जिले में प्रस्तावित सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम भी टल गया। जो निःसंदेह फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी कामयाबी है।

## ख़ास ख़बर

### निर्मली शहर बना कचरा का अंबार, जनता को होती परशानी



**डॉ0 विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली नगर पंचायत में भले ही सफाई के नाम पर प्रति माह 17 लाख से अधिक रुपए खर्च हो रहे है लेकिन यहां साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं है। शहर के विभिन्न गली-मोहल्ले से कचरे को उठाकर सार्वजनिक स्थलों पर ही जमा कर दिया जाता है। ऐसे में लोगों को बदबूदार कचरे से काफी परेशानी होती है। शहर के मेन रोड स्थित दुर्गा मंदिर के सामने सुबह 10-11 बजे तक बदबूदार कचरा पड़ा रहता है। इसके अलावे बैंक ऑफ इंडिया के पास कन्या उच्च विद्यालय के सामने सड़क पर ही शहर की सड़कों और मोहल्ले से उठाकर लाया गया कचरा डंप करने के बाद काफी देर तक पड़ा रहता है। ऐसे में राहगीरों को सांस लेने में भी काफी दिक्कत होती है। वहीं, इन दोनों प्रमुख स्थलों के अलावे समूचे शहर का कचरा उठाव कर शहर के दक्षिणी रिंग बांध सह सड़क पर ही डंप कर दिया जाता है। जिससे आवाजाही कर रहे लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डंपिंग जोन बनने से सड़क होकर आवाजाही करने वाले लोग न केवल बदबूदार वायु से बीमार पड़ रहे हैं. बल्कि आसपास के मोहल्ले के लोग दूषित पर्यावरण का शिकार हो रहे है। बताया जा रहा है कि नगर के विभिन्न गली मोहल्ले की सड़कें और डोर टू डोर कचरा उठाव कार्य में शामिल कर्मियों के द्वारा समूचे शहर का कचरा उठाकर सड़क पर ही डंप किया जा रहा है और कभी कभार यहां विभागीय लापरवाही के कारण कचरे के ढेर में आग लगा दी जाती है। जबकि कचरा डंपिंग जोन से कुछ ही दूरी पर एक गैस गोदाम और गैस एजेंसी भी स्थापित है।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की इलाज के क्रम में हुई मौत



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के सरहोचिया में बीते रविवार की रात कार की ठोकर से घायल हुए एक युवक का गुरुवार की रात इलाज के क्रम में नेपाल के विराटनगर एक अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि डुमरी पंचायत के सरहोचिया वार्ड 2 निवासी संजीव कुमार (21) पिता भरत यादव एक बाइक से किसी काम को लेकर गणपतगंज बाजार जा रहा था। इसी क्रम में सरहोचिया के पास एनएच 106 पर एक कार बीआर 50 एफ 3900 से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में कार और बाइक दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक चालक संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया था। इधर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि आवेदन अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### धर्मपट्टी में एनएच 57 पर अनियंत्रित ट्रक पलटा



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिमराही के धर्मपट्टी के पास एनएच 57 पर शुक्रवार दोपहर को एक अनियंत्रित ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक के नीचे एक बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार असम से दिल्ली की ओर जा रहे एक ट्रक एनएल 01 एबी 4808 का चालक ने धर्मपट्टी के पास अचानक अपना नियंत्रण खो दिया। जिस कारण ट्रक पलट गया। घटना में सड़क किनारे खड़ी एक बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही ट्रक पलटने की आवाज सुनकर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। घटना को लेकर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना को लेकर जांच की जा रही है। फिलहाल आवेदन नहीं मिला है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जागरूकता हेतु भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ







**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण / लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज- 2 के अन्तर्गत सामुदाय के भागीदारी सुनिश्चित करने एवं जागरूकता हेतु भारत सरकार द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का शुभारम्भ आज 15 सितम्बर 2023 को किया गया है, जो 15 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक संचालन किया जाना है। जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सुपौल श्री कौशल कुमार एवं अध्यक्षा जिला परिषद सुपौल श्रीमति कमला देवी के द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयों एवं कर्मीयों से अनुरोध किये है कि 15 सितम्बर 2023 से "स्वच्छता ही सेवा" अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने अपने प्रखंडों, पंचायतों में ODF प्लस के प्रति सामुदाय की जागरूकता हेतु दैनिक गतिविधि करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि जिले के सभी ग्राम पंचायत के गाँवों को ODF प्लस मॉडल गाँव घोषित करते हुए सम्पूर्ण जिले के 174 ग्राम पंचायतों के सभी गाँवों को 02 अक्टूबर 2023 तक ODF प्लस मॉडल गाँव घोषित किया जा सके। 15 सितम्बर से चलने वाले दैनिक गतिविधि का क्रियान्वयन अपने-अपने पंचायतों के सभी गाँवों में करना सुनिश्चित करेंगे। "स्वच्छता ही सेवा' अभियान के दौरान वॉल राइटिंग, पेंटिंग, गाँव में व्यापक रूप से सफाई अभियान, स्वच्छता लीग 20 सफाई कर्मी का स्वास्थ्य शिविर, ODF प्लस स्थायित्व अभियान स्कूल आधारित गतिविधियों, स्वच्छता की कक्षा, चुप्पी तोड़ो चर्चा करो स्वस्थ रहो. स्कूल में चित्रकला एवं निबंधन प्रतियोगिता संध्या चौपाल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जीविका आधारित जनजागरूकता अभियान, हमारा स्वच्छ गाँव सेल्फी प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियाँ किया जाना है। आज के कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया एवं ODF प्लस के क्रियान्वयन में बेहतरीन कार्य करने वाले जिला के कुल 14 मुखिया जी को जिला पदाधिकारी एवं अध्यक्षा जिला परिषद के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मनित किया गया। प्रशस्ति पत्र पाने वाले 14 मुखिया में प्रखंड बसंतपुर से 01, पिपरा से 01, त्रिवेणीगंज से 02, सुपौल से 02, छातापुर से 02, सरायगढ़-भपटियाही से 01, निर्मली से 01, प्रतापगढ़ से 01, मरौना से 01 किशनपुर से 01 एवं राघोपुर से 01 को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आधारित फिल्म का प्रर्दशन कर सभी प्रतिभागी की क्षमताबर्द्धन किया गया। आज के "स्वच्छता ही सेवा शुभारम्भ कार्यक्रम में जिला सलाहकार (CB&IEC) सुपौल श्री सुभाष कुमार के द्वारा PPT के माध्यम से पूरे कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। आज के कार्यक्रम में श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, श्री संतोष कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुपौल, श्री ऋषव, निदेशक, डी0आर0डी0ए0 सुपौल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुपौल एवं DWSC के अन्य पदाधिकारी/ जनप्रतिनिधी अध्यक्षा जिला परिषद, मुख्य पार्षद नगर परिषद, प्रमुख, मुखिया एवं प्रखण्ड समन्वयक स्वच्छता उपस्थित थे।

# महादलित बस्ती में 28 परिवारों का आशियाना खाख





**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर थाना अंतर्गत राजेश्वरी ओपीक्षेत्र के कैनजारा गांव स्थित महादलित बस्ती में गुरुवार अहले सुबह अगलगी की भीषण घटना हुई है। इस घटना में दो दर्जन से भी अधिक परिवार के आशियाने खाक हो गए और लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आने से तीन पशु भी झुलसकर मौत हो गई और कई पशु व मवेशी झुलसकर जख्मी हुए। घटना की जानकरी के तत्काल बाद अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार दमकल के साथ स्थल पर पहूंचे और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश में जूट गये, आग पर काबु पाने के बाद सीओ ने अग्नीपिडीतों की सुचि तैयार करवाकर सरकारी प्रावधान के मुताबिक सहायता प्रदान करने का भरोसा दिया, तत्पश्चात सीओ ने सभी अग्नीपिडीतों के बीच तत्काल सहायता के रूप में पालीथीन सीट व सुखा राशन का वितरण कराया, जानकारी के मुताबिक अहले सुबह करीब तीन बजे महादलित बस्ती मे सभी सो रहे थे, शौच के लिए जगे एक व्यक्ति ने उपेंद्र सरदार के घर में आग लगा देखा और शोर मचाया, आग के रौद्र रुप ने देखते ही देखते आसपास के कई घरों को अपने चपेट में ले लिया, लोगों के शोर तथा आग की तपीश से घर में सो रहे लोगों की नींद खुली और सभी जान बचाकर बाहर निकले, ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी ओपी एवं सीओ को दी गई, जिसके बाद त्रिवेणीगंज, जदिया एवं छातापुर से दमकल मौके पर पहूंचा, जहां दमकल एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने की कवायद शुरू हुई, भारी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा आग चपेट में आकर पुरी बस्ती खाक हो सकती थी, घटना में जेवरात, नगदी, अनाज, वस्त्र, फर्नीचर, कागजी दस्तावेज सहित सभी घरेलू सामग्री जलकर खाक हो गए । वहीं चपेट में आकर तीन पशु की झुलसने से मौत हो गई और कई पशु व मवेशी गंभीर रूप से जख्मी है, इस दौरान अग्नीपिडीतों के बीच चीख पुकार मची रही और सभी छाती पीट पीटकर रो रहे थे ।आशियाना गंवाने के बाद देखते ही देखते सभी अग्नीपिडीत खुले आसमां के नीचे आ गये, जानकारी के बाद राजेश्वरी पश्चिमी पैक्स के अध्यक्ष अरूण मेहता सहित कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहूंचे और पिडीत परिवारों को हरसंभव सहयोग का ढांढस बधाया, पैक्स अध्यक्ष श्री मेहता के द्वारा सभी अग्नीपिडीत परिवारों के बीच वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया, सीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि 28 परिवार के 28 घर जले हैं, सभी परिवारों को तत्काल सहायता के रूप में पोलीथीन सीट व सुखा राशन दिया गया है, सरकारी प्रावधान के मुताबिक अन्य सहायता प्रदान करने के लिए प्रक्रिया की जा रही है।

### नीतीश कुमार के विकास के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाए युवा



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में संगठन की मजबूती और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए युवा जदयू सुपौल की जिला अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने क्षेत्र का दौर शुरू किया,वही सुपौल सदर प्रखंड के बसबिट्टी पंचायत के बसुआ गांव में एक समीक्षा बैठक रखी गई इसका मूल उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना और नीतीश कुमार के किए गए कार्यों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचना है जिससे कि सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। वही बताया गया कि किस तरह हमारी सरकार छात्र हित, युवा हित, अति पिछड़ा पिछड़ा अल्पसंख्यकों और सभी बिहार वासियों के लिए अपना काम कर रहे हैं जिससे हमारा समाज आज आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजनाओं के तहत आज बिहार के लोग सबल बन रहे है उन्हे अपने गांवों में ही रोजगार मिल रहा है ।बैठक में आरिफ खान, बीरेंद्र कुमार साह, शिबू पासवान, शंकर शाह,शिव शंकर पासवान ,बद्री शाह, उमेश राम ,अमलेश यादव, दिलीप कामत, राजेश राम, उमेश राम, कामेश्वर शाह, जितेंद्र शाह आदि उपस्थित थे।

### पुलिस द्वारा दो अलग -अलग मामला में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिबेनीगंज थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में विभिन्न विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय हिरासत में भेज दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए थानाअध्यक्ष केबी सिंह ने बताया कि थाना कांड संख्या 169/2023 के 420 धारा के प्राथमिक नामजद अभियुक्त सुखदेव पासवान को नगर परिषद बलजोड़ा वार्ड नंबर 2 से गिरफ्तार किया गया वही दूसरा थाना कांड संख्या 34/2023 के अप्राथमिकी अभियुक्त बरहकुरवा वार्ड नंबर 10 निवासी अरुण कुमार मिश्रा को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। दोनों को कोरोना जांच के बाद न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया।

### वार्ड सदस्यों ने मुखिया पर लगाया मनमाने ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन करने का आरोप

**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के उधमपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मुखिया महानंद यादव पर विभिन्न आरोप लगाते हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन दिया है। उपमुखिया सहित आधे से अधिक वार्ड सदस्यों के हस्ताक्षरयूक्त आवेदन में योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता बरतने, सरकारी राशि का दुरुपयोग व गमन करने, जनहित व कल्याणकारी योजना में पक्षपात करने तथा जीपीडीपी पर अपलोड किये बिना मनमाने ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन करने का आरोप लगाया गया है। वहीं वार्ड सदस्यों ने विशेष जांच टीम गठित कर उच्च स्तरीय जांच करवाने तथा इसके लिए दोषी मुखिया, पंचायत सचिव व पीटीए के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। उपमुखिया बीबी शैयरा, वार्ड सदस्य पंचु पासवान, अमेरिका देवी, ललिता देवी, जरीना खातुन, गीता देवी, कविता देवी व नीलम देवी ने आवेदन में बताया है कि 15वीं वित्त और 6वीं वित्त मद से होने वाली योजना में ग्राम पंचायत मुखिया महानंद प्रसाद यादव, पंचायत सचिव मो. सलामुद्दीन और पंचायत तकनीकी सहायक ब्यूटी कुमारी के द्वारा भारी अनियमितता की गई व मनमाने ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, बढा चढाकर प्राक्कलन बनाये जाने के बाद भी धड़ल्ले से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, पीटीए से कोई भी जानकारी मांगने पर वह मुखिया से पुछने की सलाह देती है, ग्राम पंचायत के विकास या किसी भी कार्य से वार्ड सदस्यों को अलग थलग कर दिया गया है, पंचायत में सोख्ता के निर्माण में व्यापक धांधली बरती जा रही है, कार्य की निगरानी के लिए पीटीए नहीं आती और दायित्व पूर्ति के लिए कभी कभार वह अपने पति को भेज देती है, पंचायत चुनाव के बाद अभीतक स्थाई समिति व निगरानी समिति का गठन नहीं हुआ है, वहीं पंचायत कार्यकारिणी की बैठक बीते एक वर्ष से नही कराया जा रहा, बताया है कि विकास के नाम पर पंचायत के खाते से विभिन्न मद में बीते सात महीनें में कुल 94 लाख रुपए की राशि निकासी की गई है, लेकिन पंचायत में कहीं भी विकासात्मक कार्य नहीं दिख रहा है। पंचायती राज पदाधिकारी देश कुमार ने पुछने पर बताया कि आवेदन के आलोक में आरोपों की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियो के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

पूज़ा — विश्वकर्मा पूज़ा को संक्रांति से से ही वास्ता रहता है साथ ही 19 तारीख से गणेश पूज़ा आरंभ हो जाएगा

# इसवार चतुर्थीचंद्र पूजन एवं विश्वकर्मा पूजा एक ही दिनः आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में भाद्र शुक्ल पक्ष को चतुर्थी चंद्र पूजन चौरचन दिनांक 18 9 2013 को होगा। इसी दिन विश्वकर्मा पूजा भी होगा। इस बार विश्वकर्मा पूजा 17 तारीख को नहीं हो करके 18 तारीख को होगी ।कारण संक्रांति जिस दिन रहेगी उसी दिन विश्वकर्मा पूजा होता है। दिनांक 18 को संक्रांति पुण्य काल 12:00 तक है ।और संक्रांति जिस दिन रहेगा उसी दिन विश्वकर्मा पूजा होता है। विश्वकर्मा पूजा को संक्रांति से से ही वास्ता रहता है। साथ ही 19 तारीख से गणेश पूजा आरंभ हो जाएगा जो 10 दिन तक का होगा। विश्वकर्मा भगवान यांत्रिकी के देवता हैं। जितने भी कल कारखाने कल पुर्जे यंत्र इत्यादि होते हैं उनके अधिष्ठात्री भगवान विश्वकर्मा हैं। और सृष्टि के निर्माण में इनका अहम भूमिका था। भगवान विश्वकर्मा ने ही रावण का पुष्पक विमान बनाया था एवं लंका पुरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था। अतः सभी कल कारखाने एवं यांत्रिकी उपकरण के अधिष्ठात्री देवता विश्वकर्मा की कृपा से ही सभी मनोरथों की पूर्ति होती है। विश्वकर्मा पूजा का समय प्रात काल 9 बजे से 12 बजे तक अति



विशिष्ट मुहूर्त है। चतुर्थी चंद्र पूजन का समय संध्या काल में सूर्यास्त के समय में यानि 5बजे संध्या काल से 8 बजे रात्रि तक करना शुभदायक रहेगा। महिलाओं का तीज व्रत एवं पूजन भी 18 को ही होगा। अर्थात विश्वकर्मा पूजा, चतुर्थी चंद्र पूजन एवं महिलाओं का विशेष पर्व तीज यह तीनों पर्व पूजन एक ही दिन होने से विशेष महत्व हो गया है।

# पारिवारिक मतभेद के चलते युवक ने बड़ी नहर में छलांग लगाकर दी जान



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में लापता युवक का मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरकाही साइफन पुल के समीप एमबीसी बड़ी नहर में 24 घंटा बाद शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के कुशहा पंचायत के मचहा गांव वार्ड 13 से हुई है में जानकारी के अनुसार पारिवारिक कलह के चलते युवक ने नजदीक के एमबीसी बड़ी नहर में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की दो दिन से नहर में तलाश की जा रही थी। शुक्रवार सुबह सीमावर्ती मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरकाही साइफन पुल के समीप युवक का शव मिल गया। मृतक युवक की पहचान त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मचहा गांव वार्ड 13 निवासी बालदेव यादव के पुत्र रूपेश कुमार 25 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रूपेश कुमार अपने ससुराल त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र के बघला गांव गया था। जहां किसी बात को लेकर उनकी ससुराल के किसी सदस्य से मामूली विवाद हो गया था। विवाद के बाद रूपेश क्षुब्ध हो गया और उसने अपने घर मचहा गांव पहुंचकर गुरुवार को लगभग 4:00 बजे सुबह ही नजदीक के बड़ी नहर पुल पर पहुंचा और वहां चप्पलें उतार कर नहर में कूद पड़ा। सुबह तक जब उसका कोई अता पता नहीं चला तो परिजन ने उसकी तलाश करनी शुरू कर दी तलाशी के दौरान उसकी चप्पलें नहर के किनारे पड़ी मिलीं। शुक्रवार को उनका शव सीमावर्ती मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरकाही साइफन पुल के समीप से बरामद हो गया। इधर, युवक की मौत की खबर के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही शंकरपुर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई । उन्होंने नहर से शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ख़ास ख़बर

### लोहा चुराकर भाग रहे एक शातिर चोर आरपीएफ डेहरी ऑन सोन के द्वारा पकड़ा गया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** उप निरीक्षक कुमार गौरव साथ सहायक उप निरीक्षक स्वर्णेंद कुमार पांडे, आरक्षी संतोष कुमार सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन तथा आरक्षी नवीन कुमार पांडे रेसुब अपराध आसूचना शाखा गया डेहरी ऑन सोन स्टेशन एरिया में गस्त करते हुए टीआरडी आफिस के पास पहुंचे तो चोर चोर की आवाज सुनाई दिया जब सभी लोग स्टोर के अंदर गए तो एक व्यक्ति नाम ओम प्रकाश, उम्र 26 वर्ष, पिता दिनेश चौधरी, ग्राम महावीर स्थान बंजारी, थाना + जिला रोहतास को स्टोर के अंदर एक सफेद बोरी में 20 अदद रेलवे का ओएचई पार्ट्स लेकर भागते हुए दिखाई दिया जिसे पकड़ कर रेलवे सुरक्षा पर पोस्ट डेहरी ऑन सोन लगाया गया एवं उपयुक्त धारा में कांड पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु माननीय रेलवे न्यायालय के समक्ष भेजा गया

### बिना कनेक्शन लिए बिजली जलाना पड़ा महंगा, विभाग ने ठोका जुर्माना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कंपनी मुख्यालय से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्रखंड, दिनारा में छापेमारी कर बिजली चोरी करते एक को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध दिनारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकास कुमार शर्मा के नेतृत्व में विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी के क्रम में बिना कोई वैध विद्युत संबंध के अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी को लेकर पंचायत-भुई के ग्राम-खखरही के मुर्गा फॉर्म संचालक युगेश्वर राय, पिता-जगदीश राय पर 67368 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। उपरोक्त व्यक्ति के द्वारा एल.टी. तार में सीधे टोका फंसाकर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा परिसर में व्यवसायिक मीटर भी अधिष्ठापित नही था। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह किया जाता रहा है कि जो भी उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत का उपयोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें साथ ही साथ जो व्यक्ति विद्युत संबंध नहीं लिए हैं वह अपना विद्युत संबंध ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर 3 पर प्राथमिकी, विभाग ने लगाया जुर्माना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज, नवदीप गोयल ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन कर ग्राम-कोल्हा में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापेमारी की गई। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर रविन्द्र चौधरी पर 14991, संतकुमार सिंह पर 44488, रामबिहारी सिंह पर 34007 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। सभी अभियुक्तों के खिलाफ बिक्रमगंज थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। क्षेत्र में जांच के दौरान मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। जांच दल में क्षेत्रीय मिस्त्री अविनाश कुमार, उदय प्रताप सिंह, शंभु चौधरी, सोनू कुमार सिंह उपस्थित थें।

### दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो दोस्त जख्मी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा, भोजपुर।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप देर शाम घटी घटना। आरा-अरवल मुख मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उनके दोस्तो द्वारा दोनो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बजरुआ गांव निवासी मनोज कुमार का 16 वर्षीय पुत्र ऋतिक गौरव एवं उसी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी राजेंद्र सिंह का 16 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार शामिल है एवं दोनों दोस्त है। इधर जख्मी ऋतिक गौरव का दोस्त विमलेश कुमार ने बताया कि वह दोनों शुक्रवार की शाम आरा में किसी बर्थडे पार्टी में आया थे। जब दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे उसी दौरान तेतरिया गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद विमलेश कुमार को किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सूचना मिली के बजरुआ गांव निवासी एक युवक जख्मी हो गया। सूचना पाकर वह अपने अन्य दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

# बिक्रमगंज में संयुक रूप से चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान







**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित बिक्रमगंज शहर में मुख्य सड़क के दोनों किनारे ला ईलाज बन चुकी अतिक्रमण की समस्या के खिलाफ शुक्रवार को अनुमंडल प्रशासन व नगर निगम की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व एसडीएम बिक्रमगंज उपेन्द्र कुमार पाल ने किया। इस अभियान में नगर परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की गई। जिस क्रम में तेंदुनी चौक के आसपास से लेकर सासाराम रोड़ में मुख्य सड़क के दोनों किनारे ठेले-खोमचे लगाकर अतिक्रमण करनेवाले फुटपाथी दुकानदारों के द्वारा लगाए गए झोपड़ी, गुमटी आदि हटाया गया। सड़क किनारे स्थित अवैध तरीके से कब्जा कर अतिक्रमित करनेवाले दुकानदारों के विरूद्ध भी कार्रवाई की गयी और प्रशासन ने आगे से अवैध कब्जा करने पर वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दिया।

**प्रशासन ने जेसीबी चलाकर हटवाया अतिक्रमणः** नगर परिषद सड़क किनारे भारी संख्या में लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके दुकानें लगाई गयी थी। जिसको हटाने के लिए लोगों को एसडीओ ने माइक से एनाउंस कराकर समय दिया था। इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों ने दुकानें और गुमटियां नहीं हटाई थी। फुटपाथी दुकानदारों के द्वारा अवैध कब्जे को खाली नहीं किये जाने पर शुक्रवार को अनुमंडल प्रशासन व नगर परिषद प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद थे।

**अतिक्रमण के खिलाफ नियमित अभियानः** एसडीएम बिक्रमगंज उपेन्द्र कुमार पाल ने बताया कि तेंदुनी चौक से सासाराम रोड, आरा रोड़ सहित सभी पथों में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण करने वाले फुटपाथी दुकानदारों के साथ ही सड़क पर लगे ठेला और दुकानों को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई है। उन्होनें बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जाएगा। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सभापति प्रत्याशी सह सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम कुमार ने कहा कि शहर में पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध रहने के बावजूद भी फुटपाथी दुकानदारों को स्थायी जगह नगर प्रशासन के द्वारा नही किया जा रहा है। शहर में काफी मात्रा में गरीब किस्म के लोग फुटपाथ पर अपना दुकान लगाकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते है। सड़क चौड़ीकरण करने को लेकर एसडीम उपेंद्र कुमार पाल के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने के कार्य की काफी सराहना करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण होने के बाद निश्चित रूप से नगर सहित आगंतुकों को सड़क जाम की समस्या से निजात मिलेगी जो एक सराहनीय कार्य है। शहर में विकास हो और शहर का सौंदरीकरण होना चाहिए जिससे शहर अपने आप में एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। अंत में उन्होंने वरीय पदाधिकारी से कहा कि एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल से वार्ता करने के दौरान उनके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि बहुत ही जल्द फुटपाथीं दुकानदारों का स्थाई रूप से व्यवस्था किया जाएगा।

## जदयू ने पोल-खोल अभियान के तहत निकाला मशाल जुलूस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रवि कुमार, नासरीगंज(रोहतास)।** नगर के बड़ी बाजार स्थित जदयू कार्यालय से पोल खोल अभियान के तहत मशाल जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "नीतीश कुमार जिंदाबाद", जाती आधारित गणना पर विरोध करना बंद करो" आदि जमकर नारे लगाए। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सोच के तहत बिहार सरकार के द्वारा जाति आधारित गणना कराये जाने भाजपा विरोध कर रही हैं। इसी को लेकर भाजपा के खिलाफ पोल-खोल अभियान के तहत मशाल जुलूस निकाला गया है। यह जुलूस पार्टी कार्यालय से निकलकर मेन रोड, तालाब, मंगलबाजार व थानामोड तक गया। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार आज समाज में अलगाव की राजनीतिक कर रही है। धर्म एवं जाति के नाम पर समाज को बांटना चाह रही है, जिसे हम सभी जदयू परिवार बिखरने नहीं देंगे। हम सभी समाज को एकजुट करते हुए समरसता की बात करते हैं, लेकिन केंद्र में बैठे भाजपा के सत्ताधारी कभी धर्म के नाम पर तो कभी जाति के नाम पर एक दूसरे के बीच भ्रामक फैलाकर अपने सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व नोखा विधानसभा प्रत्याशी नागेंद्र चंद्रवंशी, नईमुद्दीन इदरीशी, मीनू सिंह, भाई रिजवान फिरदौस, बबन कुमार सिंह, नितेश कुमार लड्डु, रहमत हुसैन, रामजी चौधरी, बीडीसी सुनील कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी, रिंटू तिवारी, विनोद चौधरी, बब्लू गुप्ता, सीताराम भगत, हरेंद्र सिंह, राकेश कुमार मुन्ना, सुखदेव चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, मुन्ना खान, पंकज कुमार, अभय सिंह, प्रिंस कुमार व अमन कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## बिहार के तीसरे जिले के रूप में शामिल हुआ सनदिया पंचायत



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** आरा सदर प्रखंड की सनदिया पंचायत में मल कीचड़ संयत्र बनेगा । बुधवार को इसका शिलान्यास ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ0 एन सरवन कुमार ने किया। सनदिया पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत चयनित बिहार के तीसरे जिले के रूप में मल कीचड़ संयत्र इकाई की स्थापना होगी। पर इस बड़े कार्यक्रम में इस पंचायत के मुखिया ने भाग नहीं लिया जिस पर काफी लोगों ने कई तरह के बातें कर रहे थे वही इस मामले पर जब पंचायत के मुखिया हरेंद्र प्रसाद यादव से पूछा गया कि इतना बड़ा आपके पंचायत में स्वच्छ से जुड़े सौगात मिला पर आपने इसमें भाग क्यों नही लिया, तो मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुखिया संध के प्रदेश अध्यक्ष निर्देशानुसार किसी भी सरकारी कार्यों में भाग नही लेना है, उसी के तहत अपने पंचायत में हुए बड़े कार्यक्रम में भग नहीं लिया ,वही उन्होने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से हमे खबर आई थी कि भोजपुर जिले के तमाम पदाधिकारी एवम कर्मचारियों के बीच प्रधान सचिव के हाथों आपको बेस्ट अवॉर्ड दिया जाएगा, आप चले आइए, जबकि हमने हड़ताल के चलते अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। वही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (मनरेगा एवं पंद्रहवीं वित्त आयोग के अभिसरण से )अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र का सनदिया में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव और भोजपुर के उप विकास आयुक्त के द्वारा उद्घाटन किया गया । इस पंचायत के लिए बड़ी उपलब्धि है । इस दोनो कार्यक्रम की जिमवारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनू कुमार के द्वारा निभाया गया। उक्त अवसर पर प्रखंड ब्लॉक सुपरवाइजर चंद्रदीप कुमार , मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी सुमित कुमार, जेई संभू प्रसाद, पीआरएस अभय कुमार, पीटीए अजय,लखनदीप एवम सनदिया पंचायत के तमाम सफाई कर्मी महजूद थे।

### एसडीएम ने नगर में प्रस्तवित मार्केट कम्प्लेक्स के निर्माण का निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रवि कुमार, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय नगर के बड़ी बाजार स्थित साप्ताहिक जब्जी मंडी का निरीक्षण एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर मार्केट निर्माण के क्रम में उतपन्न होने वाली समस्याओं की समीक्षा किया और उक्त मार्केट के निर्माण से नगर वासियों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि सभी पहलुओं पर विचार के बाद ही कोई सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। वहीं नगर के ईओ राकेश कुमार ने बताया कि उक्त स्थल पर कॉमरशियल काम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव है। जिसको ले अधिकारियों की सहमति एवं परामर्श की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्तावित योजना सफल होती है। तो नगर में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और इससे स्थानीय लोग लाभांवित होंगे। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामुल हक, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय और नगर कर्मी राम बाबू,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय कुमार, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सहकारिता मंत्री का महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)।** बिहार के राज्य सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव का रोहतास गढ़ किला जाने के क्रम में उनके काफिले को रोककर नासरीगंज-दाउदनगर सोन पुल पर महागठबंधन कार्यकर्ताओं एवं पैक्स अध्यक्षों ने फुलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया। सहकारिता मंत्री पटना से रोहतास गढ़ किला में दी सासाराम सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की 46 वीं वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में नासरीगंज प्रखंड के महागठबंधन कार्यकर्ताओं व पैक्स अध्यक्षों ने फुलमाला से सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव का भव्य स्वागत किया। उनके नासरीगंज आने से महागठबंधन कार्यकर्ताओं में भरपूर जोश और उमंग दिखा एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर थी। मौके पर जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष तारिक हुसैन उर्फ मन्ना खां, नगर अध्यक्ष जमील अख्तर, राजद नेता बबन कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, बीसीओ राजाराम, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, अनिल कुमार, प्रिंस कुमार, कमलेश राज समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूल के बच्चों ने बजा दी छुट्टी की घंटी, प्रधानाध्यापक को बचाने के लिए शिक्षक पर करवाई क्यू.?


रोहतास/आरा/बक्सर
केके पाठक के आदेश की उड़ायी जा रही धज्जिया

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट प्रखंड के मोथा पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दिनांक 12.09.2023 को प्रधानाध्यापक का सोते हुए एक वीडियो प्रकाश में आया था जिसमे साफ साफ देखा गया की प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंभकर्ण के नींद में तकरीबन 1:30 बजें सोए हुए है। मामला प्रकाश में आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन के स्थिति में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलीमुदीन अपने टीम के साथ विद्यालय पहुंचे और जांच किए। मामले की जानकारी के लिए जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया की किसी एक शिक्षक द्वारा बच्चों को घंटी बजाने के लिए बोला गया बच्चें ने गलती से छुट्टी की घंटी बजा दिया जिससे पढ़ाई कर रहे सभी बच्चें छुट्टी समझ घर के लिए चले गए। वही मामले में अभी तक करवाई की बात किया जाए तो लीपापोती ही नजर आ रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक को बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। और एक ही शिक्षक पर ताबड़तोड़ करवाई किया जा रहा है । जिसके बाद सवाल तो उठना लाजमी है । विद्यालय में विधिवेवस्था से लेकर दर्जनों मामला प्रधानाध्यापक के खिलाफ है। परंतु करवाई नही हो रही है। वही एक शिक्षक है प्रेम कुमार जो प्रतिदिन विद्यालय आते है और हाजरी बना कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ चले जाते है । फिलहाल मामले की जांच में जिला से आए डीपीओ सर्व शिक्षा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने स्तर से जांच किया और मामले में दोषियों के विरुद्ध करवाई करने की बात की ।

**कार्यक्रम** युवाओं में अन्तर्निहित कलात्मक क्षमता को उजागर करते हुए वृहद मंच उपलब्ध कराना उद्देश्य

# जिला उत्सव 2023 का डीएम ने किया उद्घाटन







**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में मल्टीपर्पस हॉल सासाराम में जिला युवा उत्सव-2023 कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। जिला युवा उत्सव कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य युवाओं में अन्तर्निहित कलात्मक क्षमता को उजागर करते हुए उन्हें वृहद मंच उपलब्ध कराना तथा उनकी इस क्षमता को प्रोत्साहित करना है। जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम मे समूह लोक नृत्य, लोक संगीत लघु नाटक, शास्त्रीय वाद्य वादन, हारमोनियम वादन, शास्त्रीय नृत्य, वक्तृता, चित्रकला, मूर्ति कला, हस्तशिल्प एवं छायाचित्र विद्याओं में प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा उक्त वर्णित विद्याओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत/सम्मानित किया जायेगा। जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम से चयनित प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार/दल संस्कृत एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो सारण जिला मे होना है। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शेखर आनंद, अपर समाहर्ता श्री चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### पूर्व जिला पार्षद निराला पांडेय के निधन से शोक की लहर

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखण्ड के धनाव निवासी 50 वर्षीय पूर्व जिला पार्षद पश्चिमी निराला पांडे का ब्रेन हेमरेज के कारण वाराणसी में ईलाज के क्रम में शुक्रवार को निधन हो गया। मृतक का ईलाज वाराणसी के सिटी हास्पिटल में चल रहा था। पूर्व जिला पार्षद मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यवहार के व्यक्ति थे तथा सभी के सुख-दुःख में सदैव साथ रहते थे। वे अपने पिछे पत्नी एक बेटा और एक बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ही वाराणसी में किया गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी ने उनके घर जाकर स्वजनों से अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया। उनके निधन पर बड़ी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में समाजसेवी सुभाष पांडेय, पवन पांडेय, मुन्ना अंसारी, पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार, बबन कुमार सिंह, उमा भाई अनमोल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण शामिल हैं।

# सड़क दुर्घटना में मृतक का शव पहुंचते ही परिजनों में चीत्कार शुरू हुआ



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)।** नगर के वार्ड 04 मंगलबाजार निवासी ददन प्रसाद के तृतीय पुत्र सह 28 वर्षीय पंकज कुमार का गुरुवार रात्रि सड़क दुर्घटना में नासरीगंज-दाऊदनगर सोन पुल पर मौत हो गया। पोस्टमार्टम के बाद उनके निवास पर शव पहुँचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सगे सम्बन्धी वार्डवासी समेत सभी लोग शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाते दिखे। मृतक श्रीराम नवमी कमिटी का कोषाध्यक्ष था और हनुमान मंदिर कमिटी का चंदा एकत्रित करता था। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मृतक का स्थानीय बाईपास पर गिरिजा ऑटो पार्ट्स का दुकान है। गुरुवार देर शाम को अपने दो स्टाफ को दाउदनगर छोड़ने जाने के क्रम में घटना स्थल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दुर्घटना में घटनास्थल पर ही निधन हो गया। घटना के बाद लोगों ने दाऊदनगर-नासरीगंज मुख्य सड़क को घण्टो जाम कर दिया। गुस्साए लोग मृतक के आश्रित को पांच लाख का मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे थे। घटना स्थल पर पहुंची दाऊदनगर की पुलिस ने समझा बुझा कर सड़क जाम हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मेहनती, धार्मिक व मिलनसार प्रवृति का व्यक्ति था। शुक्रवार सुबह मृतक के निवास पर पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा जिसे देखने व श्रद्धाजंली देने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाद में स्थानीय थानामोड शमशान घाट पर उनकी अन्तेयष्ठी की गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके निधन पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामुल हक, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, जदयू प्रखड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार, समाजसेवी चंद्रकांत कुमार मुन्ना, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ लालबाबु, समाजसेवी बबन कुमार सिंह, कांग्रेस नेता ओमकार प्रसाद, भाजपा नेता सिकन्दर सिंह, उमा भाई अनमोल, सन्तोष कुमार आर्य, अमित कुशवाहा, अंशु कुमार शिपु, राजू मेहता, चनमन गुप्ता, समाज मोहित कुमार, अमन कुमार समेत अन्य हैं।

## ख़ास ख़बर

### चैनपुर पुलिस ने एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर, चैनपुर (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के ईदगाहिया से पुलिस ने एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है बता दें कि चैनपुर पुलिस गस्ती में खड़ौरा सलेमपुर से होते हुए जगदहवा डेम से आ रही थी कि रास्ते में एक पियक्कड़ ने शराब के नशे में हंगामा कर रहा था जहां एएसआई अर्जुन प्रसाद मंडल की नजर शराब शराबी पर पडी जहां शराबी ने पुलिस की गाड़ी को आते देखकर भागने की कोशिश किया लेकिन चैनपुर पुलिस के जवानों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया जहा पूछ ताक्ष में अपना नाम राजेश मल्लाह पिता मकरध्वज मल्लाह को हिरासत में लेकर चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच कराकर भभुआ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### राष्ट्र पिता का जयंती मनाएगा वैश्य समाज

**मोहनिया कैमुर, शुभ भास्कर।** कैमूर जिले के मोहनिया बिहार होटल में सम्पूर्ण वैश्य समाज एक बैठक कर राष्ट्र पिता का जयंती मानने का निर्णय लिया।इस बैठक के अध्यक्षता कैप्टन त्रिवेणी शाह व संचालन प्रदेश उपा अध्यक्ष सुग्रिम गुप्ता ने की । संपूर्ण वैश्य समाज ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह मानने पर बल दिया।मुख्य अतिथि बिहार स्टेट मिलर योसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जदयू प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा की जदयू को त्यागकर 28 सितम्बर को वैश्य समाज भाजपा में शामिल होगा। 29 अक्टूबर को सम्पूर्ण वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष रविरंजन गुप्ता के नेतृत्व में मिलर हाई स्कूल पटना में वैश्य सुरक्षा आयोग का गठन होगा जिसके लिए भारी संख्या में वैश्य समाज को पटना पहुंचने का निर्णय लिया।इस मौके पर रामाकांत गुप्ता,राजदेव गुप्ता,अनिल गुप्ता रामज्ञानी केशरी, शिव मुरत गुप्ता, राजकुमार गुप्ता,रवि गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सुरेश शाह,विजय गुप्ता, डॉक्टर विनोद गुप्ता,सुरज गुप्ता, बंटी केसरी, सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

### मातमपुर्सी में कोहारी पहुंचे उपेंद्र कुशवाहा



**मोहनिया कैमुर, कैमूर।** कैमूर जिले के कोहारी गांव में शुक्रवार को मातमपुर्सी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह आरएलजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा पहुंचकर सांत्वना दी । बताया जाता है कि आरएलजेडी के प्रदेश महासचिव रामयश कुशवाहा के पिता चंद्रशेखर सिंह की देहांत 7 सितंबर को हो गई थी। जिसकी खबर सुन कर नेताओं व मीडिया के लोग कोहारी भारी संख्या पहुंचे थे। बता दें कि स्व चंद्रशेखर सिंह के बड़े पुत्र रामयश कुशवाहा अपने पंचायत से 15 वर्षों तक मुखिया रहें तथा वर्ष 2010 में लोजपा के टिकट पर भभुआ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े। वर्तमान में आरएलजेडी के प्रदेश महासचिव हैं। वही चंद्रशेखर सिंह के छोटे पुत्र अशोक कुमार सिंह NEWS 11भरता में संपादकीय पद सह नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हैं। स्व चंद्रशेखर सिंह 25 वर्षों तक कुशवाहा कल्याण परिषद के अध्यक्ष रहते हुए मुंडेश्वरी धाम में वृद्धा आश्रम बनवाने के साथ साथ इन्होंने कई सामाजिक कार्य किया है जो इतिहास में याद रहेगा।

### राष्ट्र पिता का जयंती मनाएगा वैश्य समाज



**मोहनिया कैमुर, शुभ भास्कर, विवेक कुमार सिन्हा।** कैमूर जिले के मोहनिया बिहार होटल में सम्पूर्ण वैश्य समाज एक बैठक कर राष्ट्र पिता का जयंती मानने का निर्णय लिया।इस बैठक के अध्यक्षता कैप्टन त्रिवेणी शाह व संचालन प्रदेश उपा अध्यक्ष सुग्रिम गुप्ता ने की । संपूर्ण वैश्य समाज ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह मानने पर बल दिया।मुख्य अतिथि बिहार स्टेट मिलर योसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जदयू प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा की जदयू को त्यागकर 28 सितम्बर को वैश्य समाज भाजपा में शामिल होगा। 29 अक्टूबर को सम्पूर्ण वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष रविरंजन गुप्ता के नेतृत्व में मिलर हाई स्कूल पटना में वैश्य सुरक्षा आयोग का गठन होगा जिसके लिए भारी संख्या में वैश्य समाज को पटना पहुंचने का निर्णय लिया।इस मौके पर रामाकांत गुप्ता,राजदेव गुप्ता,अनिल गुप्ता रामज्ञानी केशरी, शिव मुरत गुप्ता, राजकुमार गुप्ता,रवि गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सुरेश शाह,विजय गुप्ता, डॉक्टर विनोद गुप्ता,सुरज गुप्ता, बंटी केसरी, सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा पर दिखावा, सरकार की नजर तो है लेकिन संसाधन पर नहीं

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती।** सरकार के द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा सुधार अभियान के साथ रोज नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन विद्यालयों में जो असुविधा है उस पर सरकार की कोई ध्यान नहीं है। प्राथमिक विद्यालय हाई स्कूल इंटर स्तरीय विद्यालयो में तो सुधार हुआ है, लेकिन आज तक हाई स्कूल इंटर स्तरीय विद्यालय में शिक्षको की नियुक्तियां नही हो पाई। न हीं इन विद्यालय में बैठने के लिए कुर्सी मेंज पंखे और प्रैक्टिकल करने के लिए प्रयोगिक सामान उपलब्ध कराए गए। आज भी बिहार के कई ऐसे जिले हैं जिन जिलों में एमबीए एमसीए आईआईटी पीजी जैसे विद्यालयों को सरकार उपलब्ध नहीं करा पाई, जिससे बीए की पढ़ाई के बाद छात्र आगे की शिक्षा ले सके। यदि किसी जिले में पीजी की पढ़ाई की व्यवस्था है तो टेक्निकल पढ़ाई की व्यवस्था नदारत है। अभी जिलों में पीजी पढ़ाई के लिए भी सारे कोर्स जिले में उपलब्ध नहीं है जिससे खास कर बच्ची और महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि कहीं एक दो विषय है भी तो महिलाओं के लिए न कहीं छात्रावास है न ठहरने के लिये कोई सुविधा। आज भी बिहार के कई ऐसे कॉलेज है जो मान्यता तो ले चुके हैं यूनिवर्सिटीयो से लेकिन उनके पास भवन नहीं है। ऐसे भी बिहार में मान्यता प्राप्त विद्यालय चल रहे हैं जिनके पास अपनी जमीन नहीं है और यदि कुछ विद्यालयों के पास है भी तो अतिक्रमणकारियो के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया हैं जिससे सरकार अनजान है और वापस लेने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। ऐसे भी विद्यालय है जो मान्यता लेकर एक ही भवन में इंटर और बीए के क्लास को चलते हैं। सचमुच देखा जाए तो मान्यता प्राप्त विद्यालयों में बच्चों को खेलने के जो मैदान होना चाहिए न वह मैदान है न ही मानक के अनुरूप विद्यालयों में कमरा। कुछ ऐसे भी विद्यालय बिहार में खुले हुए हैं जो लीज पर लिए गए जमीन के आधार पर उनकी मान्यता दे दी गई है। विचारणीय विषय यह है कि जब लीज खत्म हो जाएगा तो फिर विद्यालय की स्थिति क्या होगी। हायर एजुकेशन में नामांकन के लिए 20 21 22 24 25 सत्र के द्वारा नामांकन लेने की प्रक्रिया जनवरी से लेकर अगस्त तक जारी रही। सरकार के द्वारा क्लास को रेगुलर चलाई जाने की बात कही जा रही है लेकिन सारे सत्र के बच्चे यदि एक साथ विद्यालय में उपस्थित हो जाए तो न भवन की व्यवस्था है न ही शिक्षक की। मान्यता प्राप्त विद्यालय अपने यहां शिक्षकों को रखकर मिलने वाले अनुदान से विद्यालय चलाते हैं लेकिन शिक्षकों को उचित वेतन न देकर सारे पैसे विद्यालय के प्रमुख अपने हड़प लेते हैं। इन कुव्यवस्थाओ से बचने के लिए सरकार को चाहिए कि 75 पर्सेंट उपस्थित की जगह पहले विद्यालयों के संरचना और उसकी व्यवस्था का सुधार किया जाय। ताकि जब विद्यालय गुणवत्तापूर्ण संरचना से सुसज्जित होंगे तो बच्चे भी शिक्षा से सुरक्षित और प्रतिभावान निकलेंगे और सारे उपस्थित बच्चों को बैठने के लिए कमरा और प्रयोग करने के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। स्नातकोत्तर और स्नातक छात्राओं के लिए मनायता प्राप्त विद्यालयों के पास महिला हॉस्टल की सुविधा होनी चाहिए और जब तक मान्यता प्राप्त विद्यालयो में महिलाओं के लिए हॉस्टल की व्यवस्था न हो जाय तब तक वैसे विद्यालय को मान्यता न मिल सके और तब तक उनका नामांकन लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए। जिससे दूर की महिलाएं निर्विघ्न रूप से अपना शिक्षा ग्रहण कर अपने कैरियर को सुधार सकें।




## प्लाईवुड लेकर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर खेत में पलटा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के रोहुआ गांव के समीप प्लाईवुड लेकर जा रहे ट्रेलर अनियंत्रित हो खेत में पलटा बाल बाल बचे चालक सहचालक।घटना शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लिंक रोड रोहुआ की समीप की है। ट्रेलर के अंदर भारी मात्रा में प्लाइवुड लोड था, जो चालक के द्वारा सिलीगुड़ी से चलकर कैमूर में लिंक रोड के जरिए से वाराणसी ले जाया जा रहा था। इसी बीच रोहुआ गांव के पास ट्रेलर खेत में पलट गया।संबंध में चालक राहुल सिंह ने बताया की सिलीगुड़ी से प्लाईवुड लेकर वाराणसी जाना था। जो कैमूर के मोहनियां में रास्ता बंद होने के कारण नेट रूट के जरिए रामगढ़ से लिंक रोड के सहारे हाईवे की तरफ जा रहे थे। जो रास्ते में बंधी एक भैंस को बचाने के क्रम में मेरी गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। इस हादसे में हमलोगों को हल्की चोट आई है।

## 18000 रूपए मासिक मानदेय के साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर रसोइयों ने किया धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर।** समाहरणालय गेट के पास जिला के तमाम स्कूलों के रसोइयों द्वारा राष्ट्रीय एमडीएम रसोइया संघ के तत्वाधान में, १८००० रुपए मासिक मानदेय एवं एक वस्त्र व सरकारी कर्मचारी की दर्जा की मांग हेतु धरना प्रदर्शन, जिला पदाधिकारी को सौपा गया ज्ञापन। आपको बताते चलें कि राष्ट्रीय एमडीएम संघ के तत्वाधान में जिला के कोने-कोने से आई स्कूल में भोजन बनाने वाली रसोईयों द्वारा, अपनी मांगों को लेकर जिला के मुख्यालय गेट के सामने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर धरना दिया गया, संदर्भ में जानकारी देते हुए उपस्थित रसोइयों ने कहां, सरकार द्वारा हम लोगों के साथ नाइंसाफी किया जा रहा है। हम लोगों को मासिक मानदेय मात्र १६५० रुपए दिए जा रहे हैं।। इतने कम मानदेय से हम लोगों का लालन-पालन चलना मुश्किल है।उसमे भी वर्ष में मात्र १० माह का ही मानदेय मिलता है। सरकार से मांग है कि हम सभी को १८००० रुपए मासिक मानदेय के साथ ही सभी लोगों को एक परिधान व सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाए। हमें खाना बनाने में गर्मी का सामना करना पड़ता है, सुरक्षा के साथ बच्चों को खाना खिलाने, बर्तन धोने में पूरे दिन लग जाता है पर काम के हिसाब से पैसे नहीं मिलते हैं। हम लोग बाल बच्चे परिवार कैसे चलाएंगे। रसोइयों द्वारा कैमूर जिला पदाधिकारी सावन कुमार से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि सरकार के निर्देशानुसार जो भी कार्य आप लोगों के हित में होगा किया जाएगा।

## अवैध क्लिनिक में इलाज के दौरान महिला की हुई मौत, आशा कर्मी सहित डॉक्टर पर हुआ नामजद प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़ में बीते रात एक अवैध क्लिनिक में इलाज के लिए आई एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि पैकौली के रहने वाले टुन्नू राम की पत्नी संजू देवी गर्भवती थी और डिलीवरी के लिए रामगढ़ अस्पताल में कार्यरत आशा कर्मी के द्वारा बहला कर रामगढ़ में मौजूद एक अवैध क्लिनिक सिटी हॉस्पिटल में इलाज के लिए लेकर आई, वही इलाज के दौरान ही महिला की मृत्यु हो गई इसके बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा, वही इस दौरान तथाकथित डॉक्टर अपने अस्पताल से फरार हो चुका था घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना के पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल से पहुंचकर मामले को शांत करवाया परिजनों ने तथाकथित डॉक्टर प्रवेश कुमार उनकी पत्नी सुनीता देवी और आशा कर्मी रीमा देवी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया है। रामगढ़ में महिला की मृत्यु के बाद परिजनों द्वारा दिए गए बयान पर अब आशा कर्मियों के भी कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। परिजनों द्वारा बताया गया कि उनके गांव की आशा कर्मी रीमा देवी ने मेडिकल टर्म और कॉम्प्लिकेशंस दिखाकर अवैध क्लिनिक सिटी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। वही मृत्यु के बाद आशा कर्मी एवं डॉक्टर दोनों अस्पताल से फरार हो गए। ऐसा नहीं है कि रामगढ़ में मात्र एक अवैध क्लिनिक है ऐसे दर्जनों अवैध क्लिनिक रामगढ़ में संचालित हो रहे हैं। जिनमें मरीजों को लेकर जाने में आशा कर्मियों की संलिप्तता बताई जाती है। वहीं सूत्रों से बताया जाता है कि एक डिलीवरी में रामगढ़ में मरीज से कम से कम 15000 वसूले जाते हैं,जिनमें 50% आशा कर्मी का कमीशन होता है। ऐसा नहीं है कि रामगढ़ के रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह को इन अस्पतालों की जानकारी नहीं है। लगभग पिछले 10 साल से डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह रामगढ़ के रेफरल अस्पताल के प्रभारी हैं। और इन हॉस्पिटलों के संचालित होने में कहीं ना कहीं उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगा है।क्या कहते हैं पदाधिकारी पूछे जाने पर रामगढ़ रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 13 तारीख को मृतक संजू देवी रामगढ़ रेफरल अस्पताल में आई थी, जिसमें रामगढ़ के डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद उसकी डिलीवरी में कॉम्प्लिकेशंस को देखते हुए सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया था।

### अधिवक्ता सीट के सामने पड़ा नाले का कचड़ा, परेशानी



**मोहनिया कैमुर, शुभ भास्कर।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय मोहनिया में एक अधिकता के बैठने वाले सीट के सामने नाले का कचड़ा निकालने से काफी परेशानी हो रही है। मोहनियां को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद लोगों में आस जगी थी कि अब उन्हें भी शहरी क्षेत्र जैसी सुविधा मिलेगी चारों ओर साफ सफाई होगी।लेकिन नगर पंचायत होने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं देखने को मिल रही है।मोहनिया अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परिसर के जगह-जगह सड़कों पर कचरो का अंबार लगा हुआ है क्योंकि सफाई कर्मी जहा तहां कूड़ा संग्रहण कर देते है। कचरा उठाओ के नाम पर लाखों खर्च के बाद नगर पंचायत कोर्ट परिसर में साफ सफाई के मामले में फेल है।जिससे अधिवक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक प्राधिकारी सुधांशु कुमार ने कहा कि सड़क पर कचरा होने की सूचना आपके माध्यम से मिल रही है अगर ऐसा है तो गलत है। सड़क पर कचरे का संग्रह को तुरंत उठाव कर लिया जाएगा।

### अधिवक्ता से मारपीट मामले को लेकर संघ ने की बैठक



**शुभ भास्कर, मोहनिया कैमुर।** मोहनिया अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता के साथ गुरुवार को एक ठेले वाले ने मारपीट कर दिया। अधिवक्ता ने जिसका प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। इस घटना को लेकर शुक्रवार को मोहनिया के अधिवक्ता संघ ने एक बैठक की। तथा अधिवक्ता के साथ हुए मारपीट गाली गलौज व दुर्व्यवहार पर अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए आक्रोशित दिखे। घटना के संबंध में बता दे की अधिवक्ता ओम प्रकाश कोर्ट कार्य से निकलकर अपने घर के लिए जा रहे थे। जैसे ही स्टुवरगंज बाजार पहुंचे सामने से एक सब्जी वाले ठेला ने आकर उन्हें धक्का मार दिया ।जिस पर अधिवक्ता ने कहा देखकर नहीं चल सकते हो इस बात को लेकर सब्जी वाले आक्रोशित होकर अशब्द बोल दिया बातों ही बातों में गाली गलौज देते हुए अधिवक्ता के साथ मारपीट शुरू कर दी भीड़ भाड़ होने के बावजूद भी अधिवक्ता के बचाव में कोई नहीं आया। यहां तक कि उस ठेले वाले को उसके संगठन के लोग मौके से भगा दिए। अधिवक्ता का मकान मोहनिया में होने के कारण उस ठेले वाले को पहचान गए ।जिसका नाम इलियास है जो नबी का पुत्र है। इस घटना का अधिवक्ता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। तथा संघ के अधिवक्ताओं ने एक बैठक कर इस घटना पर नाराजगी जाहिर कि। संघ के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह व सचिव चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि इस घटना को लेकर जिले के डीएम व एसपी को आवेदन देकर गुहार लगाएंगे ।इस तरह का दुर्व्यवहार अधिवक्ताओं के साथ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जिलाधिकारी के द्वारा किया गया जनता दरबार का आयोजन निष्पादन हेतु दिया गया दिशा निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, कैमूर।** भभुआ दिनांक 15/09/2023 को जिला पदाधिकारी ,कैमूर, सावन कुमार के द्वारा आयोजित "जनता के दरबार में जिलाधिकारी " में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए । ज्यादातर मामले भूमि विवाद से संबंधित थे जिला पदाधिकारी द्वारा समस्याओं का तुरंत निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

### लौहपथ गामिनी मार्ग क्षेत्र से अज्ञात शव बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर।** जिला अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय लौहपथ गामिनी खण्ड कुदरा थाना क्षेत्र स्थित चिलबिली लौहपथ गामिनी फाटक से लगभग ५०० मीटर पश्चिम की ओर लौहपथ के मध्य जल निकासी की नाली में शव होने की सूचना लौहपथ गामिनी प्रशासन को मिला। मौके पर पहुंचे विभागीय प्रशासन द्वारा स्थानीय थाना प्रशासन को सूचित किया गया। घटना की सूचना मिलने के उपरांत आसपास के लोगों द्वारा भी संदर्भ में चर्चा किया जाने लगा। मौके पर पहुंचने पर यह पाया गया कि एक व्यक्ति का शव लौहपथ गामिनी मार्ग के मध्य जल निकासी के लिए बनाए गए नाली में पड़ा है। ऐसे घटनास्थल पर शव को देखने से मौत की वजह संदिग्ध महसूस हो रहा है। मौत का कारण अंत्य परीक्षण के उपरांत ही पता चल सकता है। प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए, अंत्य परीक्षण हेतु भेजे जाने की तैयारी। समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

**समस्या** सरकार के द्वारा चार योजनाओं के तहत ग्राम वासियों को पानी पीने के लिए राशि दिए गए थे

## पिने के लिए पानी के चार योजनाओ पर हुए काम, उसके बाद भी ग्रामवासियों को पानी नसीब नही

**दैनिक भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)।** प्रखंड का एक गांव ऐसा भी है जहां सरकार के द्वारा चार योजनाओं के तहत ग्राम वासियों को पानी पीने के लिए राशि दिए गए, कार्य भी हुआ लेकिन समुचित ढंग से आज भी ग्रामवासियों को पानी पीने के लिए व्यवस्था नहीं है निजी व्यवस्था पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। बता दें की दुर्गावती प्रखंड के सावठ पंचायत वार्ड नंबर 14 में स्थित दहियाव गांव के नाम से जाना जाता है।इस गांव में जनता को स्वच्छ जल पीने के लिए राजकीय नलकूप से पहली बार व्यवस्था की गई थी, जो जमीन की अंदर पाइप लगाकर हर दरवाजे तक पहुंचाया गया था। पर कार्य ऐसा हुआ था की कुछ हीं दिनो के बाद समाप्त हो गई। दूसरी बार इसी गांव को बिहार सरकार के द्वारा दुर्गावती बाजार के बड़े जलमिनर से जमीन के अंदर पाइप के द्वारा पानी पीने की व्यवस्था की गई , लेकिन वह भी योजना कुछ दिनों के बाद धाराशाई हो गई। तीसरी बार भाजपा के बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे के द्वारा सौर ऊर्जा से चलने वाली सबमर्सिबल मशीन उपलब्ध कराई गई। उसके लिए फिर अलग से बोरिंग हुआ और उस बोरिंग के बाद गांव की गलियों में पुनः पाइप लगाया गया, ताकि जनता को बिजली नहीं रहने के बाद भी पिने के लिए पानी मिल सके। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद वह भी योजना धराशाही हो गई। चौथी बार मुख्य मंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत हर घर नल जल योजना के द्वारा गांव में एक बोरिंग कर बड़ी मशीन बैठाया गया, और गांव की गलियों में पुनःपाइप बिछाने का काम शुरू हुआ ताकि जनता इस योजना का भी लाभ ले सके, गांव की हर गलियों के द्वारा हर दरवाजे पर नल की टोटी लगाई गई ताकि आसानी से पिने के लिए हर घर को जल मिल सके लेकिन लाख प्रयास के बाद भी हर घर पानी पहुंचाने में, काम में लगे कामगर असमर्थ रहे। आज इस अंतिम योजना के तहत किए गए काम में लगाए गए जल की टंकियां लिक कर रही है। और गांव की तरफ मोड़ने वाले गेट वाल खराब हो चुके हैं। विभाग के द्वारा लगाए जाने वाले सप्लाई पाइप पूरी तरह से जगह-जगह टूट चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है । ईस प्रकार गांव में लगने वाले इस चौथी योजना से भी ग्रामवासी निराशा है। इन प्रमुख योजनाओं के द्वारा सरकार को अंडरग्राउंड पाइप बिछाकर लाखों का चूना लगाया गया ।यदि फेल की हुई योजनाओं में नई आने वाली योजनाओं का पाइप लगा दी गई होती तो सरकार के बहुत पैसे बच जाते और योजनाएं भी सफल रहती। सबसे प्रमुख बात यह है कि सरकार के द्वारा चलाए गए कार्यक्रम पर काम हो जाने के बाद न पंचायत के मुखिया न विधायक न सांसद न जिला परिषद किसी का ध्यान रहता है ।सचमुच यदि प्रतिनिधियों का ध्यान चलाई गई योजनाओं पर रहे तो कभी भी योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई गईअसफल नहीं होती और जनता को इसकी सुविधा हर समय मिलती रहती।



## साफ़ सफ़ाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप, स्वच्छता चौपाल इत्यादि गतिविधियों का संचालन किया जाएगा

- गांवों एवं टालो को कचरा मुक्त बनाया जाना है।
- हर दिन एक गाँव अभियान
- मेरा वार्ड मेरी ज़िम्मेदारी
- दिवार चित्रण
- स्कूल आधारित गतिविधियां

**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर।** राष्ट्रीय व्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 का संचालन दिनांक 15.09.2023 से 02.10.2023 तक किया जाना है। इस वर्ष का विषय कचरा मुक्त भारत (Garbage Free India) है जिसके अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गाँव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ़ सफ़ाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप, स्वच्छता चौपाल इत्यादि गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। उक्त के आलोक में आज दिनांक 15.09.2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रतिभागी के रूप में जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी, जिला जल एवं स्वच्छता समिति कैमूर के सभी पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ एवं अन्य सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी प्रखंड प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं मुख्य सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा सभी प्रखंड समन्वयक मौजूद थे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ में जिला पदाधिकारी द्वारा सम्बोधन किया गया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत देना 15.09.2023 से 02.09.2023 तक किया जाना है इस संबंध में बताया गया कि जीविका आधारित समुदायीक उत्प्रेरण अभिसरणइसके बाद बारी बारी से कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में जन प्रतिनिधि, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सफाईकर्मी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, एवं प्रखंड समन्वयक को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अभियान की समाप्ति के बाद जिला पदाधिकारी महोदय के नेतृत्व में श्रमदान हेतु मोहनिया प्रखंड के भरखर पंचायत में निदेशक DRDA, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला जल स्वच्छता समिति के पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/कार्मिक उपस्थित होकर श्रमदान किया गया।







## ख़ास ख़बर

### गरीब महिलाओं को साड़ी बांटकर राजा मानसिंह ने मनाया अपना जन्मदिन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । सोहावल तहसील अंतर्गत मसौधा द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य व निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा राजा मानसिंह ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र की करीब एक हजार महिलाओं को साड़ी वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान क्षेत्र के 51 ब्राह्मण सहित अन्य समाज से जुड़े क्षेत्रीय गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र व धार्मिक ग्रंथ रामायण देकर सम्मानित किया। राजा मान सिंह ने अपना 39 वां जन्म दिवस अपने निजी कार्यालय सरियावां में समारोह पूर्वक बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव ने व संचालन अजय प्रताप सिंह उर्फ बुलेट सिंह,चिंटू सागर ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ठ अतिथि दशरथ गद्दी के महंत बृज मोहन दास जी रहे। इस दौरान उत्साहित समर्थकों ने राजा मानसिंह को 51 किलों की माला पहनाकर और केक काटकर जन्मदिन की बधाइयां दी। सपा की कर्मठ कार्यकत्रियों ने बुके देकर मिठाइयां खिलाई।तो राजा मानसिंह ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि गरीबों के बीच जन्मदिन मनाना और उनके बीच खुशियां बांटना एक अच्छे व्यक्तित्व को चरित्रार्थ करता है। ऐसे सामजिक कार्य के लिए लोगों को आगे आना चाहिए।

### कृषक सदस्य बनकर यूपी सरकार की योजनाओं का ले सकते हैं लाभ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या गोसाईगंज**। भारत सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय की गठन के उपरांत बी - पैक्स को बहु आयामी बनाये जाने हेतु चलाई जा रही योजनाओं के क्रम में प्रदेश की ग्रामीण जनता को सभी सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निष्पत्ति से प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक साधन सहकारी समिति बी - पैक्स अथवा मत्स्य सहकारी समिति या डेरी सहकारी समिति स्थापित करने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश पर सभी सहकारी समितियां को कंप्यूटराइज किया जा रहा हैं ।इसी परिप्रेक्ष्य में 1 से 30 सितंबर 2023 तक बी - पैक्स सदस्यता अभियान चलाया जा रहा हैं ।जिसके अंतर्गत कृषक सदस्य बनकर उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बी - पैक्स गोशाईगंज अयोध्या तेलियागढ़ समिति पर कैंप लगाकर संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता अयोध्या विकास कुमार की देखरेख मे 200 मेंबर समिति में बनाए गए।

### 140 करोड़ रुपए से अयोध्या के छह प्रवेश मार्गों पर बनेंगे भव्य प्रवेश द्वार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । योगी सरकार श्रीराम की नगरी को प्राचीन अयोध्या का स्वरूप प्रदान करने में जुटी है। जिस प्रकार प्राचीन राजधानियों में प्रवेश द्वार बनाए जाते थे उसी तर्ज पर अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाने की योजना तैयार की गई है। इसपर लगभग 140 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। उद्देश्य है रामनगरी अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदर नगरी के रूप में विकसित करना। जनवरी 2024 में भव्य गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। रामलला अपने नए घर में विराजें, इससे पहले अयोध्या में भक्तों के लिए सुविधाएं विकसित करने का काम जोरों पर है। इसी क्रम में अयोध्या के छह प्रवेश मार्गों पर छह प्रवेश द्वार बनाए जाने हैं। ये प्रवेश द्वार रामायण के पात्रों के नाम पर होंगे। ये द्वार ''प्रबिसि नगर कीजे सब काजा...'' का संदेश देते दिखेंगे।जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा सभी प्रवेश द्वारों का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचआईए) की ओर से तैयार डिजाइन पर होगा। इसमें पीडब्लयूडी विभाग सहयोगी बनकर अयोध्या की वास्तुकला को डिजाइन में समावेश करेगा। जमीन खरीद के लिए 67 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। वहीं इसपर जनसुविधाएं विकसित करने के लिए 73 करोड़ की अलग से व्यवस्था की गई है। शासन से 50 करोड की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। उप निदेशक पर्यटन आरपी यादव ने बताया कि लखनऊ रोड पर फिरोजपुर, रायबरेली रोड पर सरियावां व अंबेडकरनगर रोड पर राजेपुर के पास, सुल्तानपुर रोड पर मैनुद्दीनपुर प्रवेश द्वार के लिए जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है। बस्ती रोड पर इस्माइलपुर व गोंडा रोड पर कटरा भोगचंद के पास जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। प्रवेश द्वार की चौड़ाई व ऊंचाई एनएचएआई के मानक के अनुसार ही तय की जाएगी। जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है अब प्रवेश द्वार को आकार देने का काम भी शुरू किया जाएगा।

### अनियंत्रित मोटर साइकिल से गिरने से महिला की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** आज शुक्रवार को दोपहर में साईकिल सवार छात्रा को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित मोटर साइकिल के गिरने से महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मरदह थानाक्षेत्र के मरदह-कासिमाबाद मार्ग पर डोड़सर गांव के पास अपने भाई के साथ मायके से बाइक पर बैठकर अपने ससुराल करहा थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ जा रही किरन कन्नौजिया (38) की रास्ते में साईकिल सवार छात्रा को बचाने के चक्कर में बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से सिर में गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हो गयी। शिवा कन्नौजिया अपनी बहन किरन कन्नौजिया एवं किरन की पुत्री को बैठाकर से घर जा रहा था जिसके बाद ये हादसा हो गया। जिसे उपचार हेतु मरदह सीएचसी पर लाया गया। जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मरदह थानाध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मरदह सीएचसी पर जुटे किरन के रिश्तेदारों के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया ।

# महिला कालेज में हुआ यूथ फेस्ट का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर।** उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के द्वारा गुरुवार को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ फेस्ट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जनपद के सभी तहसील एवं ब्लाक के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग करते हुए मैराथन दौड़,क्विज प्रतियोगिता,रील मेकिंग प्रतियोगिता एवं ड्रामा कॉम्पटीशन संपन्न हुआ। समस्त प्रतियोगिताओं में छात्र एवं छात्राओं का प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय विजेता के रूप में चयन करते हुए जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी / जिला क्षयरोग अधिकारी गाजीपुर डा0 मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो0 डाक्टर सविता भारद्वाज जी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सविता भारद्वाज के द्वारा सभी विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं धनराशि (विजेता प्रतिभागियों के खाते में) वितरित किया गया व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के लिए नामित महाविद्यालय के संयोजक डॉ. शशिकला जायसवाल, डॉ.शिव कुमार,डॉ अमित यादव थे जो पूरे कार्यक्रम को मूर्त रूप दिया। अन्य सहयोगियों में डॉ. संतन कुमार राम, डॉ. मनीष सोनकर ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक चला, सभी छात्र-छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर खुशी और उत्साह अन्त तक बना रहा। कार्यक्रम में जिला क्षयरोग विभाग डा मिथिलेश कुमार सिंह, अनुराग कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार वर्मा, कमलेश कुमार, फिरोज बाबू, इंद्रेश सिंह,अजय कुमार, एवं एआरटी सेन्टर, समस्त आई सीटीसी सेन्टर,पीपीटीसीटी सेन्टर,एसटीआई के एलटी एवं काउंसलर अंजू सिंह, स्वर्ण लता सिंह, श्वेता राय, कविता सिंह, संगीत, सीमा,निरा राय, मोहन कृष्ण, स्वाति,प्रतिमा सिंह,प्रतिमा यादव ओमकार सिंह, आनन्द, संतोष, मुकेश,गौरव, एकराम गांधी, सुभिक्षा परियोजना से अनिता मौर्या, मेहंदी,संयम संस्थान अध्यक्ष अजय कुमार,टीआई के समस्त कर्मचारी तथा दिशा क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर मनीष कुमार सिंह उपस्थित थे।

### सुनील सिंह बनाए गए भाजपा के नए जिलाध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी , गा जी पु र ।** बीजेपी में लंबे समय से संगठन के फेरबदल की चर्चाएं चल रहीं थीं। जिसको लेकर कई पदाधिकारीयों को इंतजार था। आखिरकार शुक्रवार को यह फेरबदल कर दिया गया। भाजपा ने प्रदेश भर के कई जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। करीब दो महीने से इस बारे में चर्चाएं चल रही थीं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह नियुक्तियां की गई हैं। जिले में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के करीबियों में गिने जाने वाले सुनील सिंह को गाजीपुर का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि सुनील सिंह भाजपा के कई प्रमुख दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। इन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली सहित कई जिलों में भाजपा के दिए हुए जिम्मेदारियां का निर्वहन किया हैं।

## सुनील सिंह को बीजेपी गाजीपुर का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने दी शुभकामनाएं



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय,जखनियां गाजीपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के शिर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी के अति वरिष्ठ रहे और मिलनसार स्वभाव के धनी सुनील सिंह को भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद मंडल अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में अपने स्थानीय बाजार दुल्लहपुर में अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। मंडल अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि हम सभी आशा और विश्वास करते हैं कि आदरणीय सुनील सिंह जी के नेतृत्व में गाजीपुर जिला एक नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा कार्यकर्ता नए जोश और खरोश के साथ पार्टी के कार्यों में शामिल होगे। तथा हर कार्यों को सफल बनाएंगे। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज यादव,पूर्व जिला मंत्री अनिल कुमार पांडे, महामंत्री डॉक्टर विजय तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रवण सिंह,मंडल मंत्री मनजीत मद्धेशिया,ग्राम प्रधान दीपक चौरसिया,संजीव चौरसिया,राम जी वर्मा,सत्येंद्र दुबे,मुन्ना राजभर आदि लोग उपस्थित रहे।

## मातृभूमि संगठन के लोगों ने आम जन से की अपील,कहा जर्जर सड़क को लेकर कल होगा धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनियां गाजीपुर ।** जखनिया विधानसभा के जखनियां तहसील अंतर्गत समस्त सड़के 10 किमी तक पूरी तरह से जर्जर होने से लोगों को आने जाने में जहां कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वही पूरी तरह से विकास कार्य भी अवरुद्ध हो गया। जखनिया में बड़े से बड़े प्रतिष्ठान तो है लेकिन जखनिया आने में अधिकारी कतराते हैं। जखनिया के सड़कों को लेकर शासन प्रशासन के कई अधिकारियों ने वादे तो की लेकिन आज तक वादे पूरे नहीं हुए,जर्जर सड़क पर लोक निर्माण विभाग प्राप्त डिप्टी सीएम केशव मौर्य सड़क पर खड़े होकर लोगों से वादा साथ ही कई जनप्रतिनिधि वादा तो किया लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हुआ। इसको लेकर जखनिया मातृभूमि संगठन के संरक्षक नीरज सिंह अजेय सहित पदाधिकारी ने आज जखनिया शिव मंदिर पर बैठक कर 16 सितंबर को तहसील परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन के लिए उन्होंने चर्चा की साथ ही जखनिया क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किए।इस मौके पर अध्यक्ष आरिफ अंसारी ,संतोष सिंह, प्रमोद उपाध्याय ,मुन्ना यादव, रामजी मिश्रा, प्रदीप पटेल, अमित श्रीवास्तव, अभय लाल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, विवेक वर्मा, अमरदेव ,प्रदीप यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवती की मौत मामले में बिजली विभाग ने दिया मुआवजा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अमानीगंज- अयोध्या**। कंजी गांव में एक माह पूर्व हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से युवती की मौत मामले में बिजली विभाग ने पांच लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया है। प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने उक्त धनराशि मृतका के खाते में स्थानांतरित होने का प्रमाण पत्र परिजनों को सौपा। पीड़ित ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह को 45 दिनों के भीतर दावा स्वीकृत कराकर मुआवजा दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि खंडासा थाना क्षेत्र के कंजी गांव निवासी राम अवध की पुत्री किरन 20 वर्ष बीती 6 अगस्त की भोर में शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी तभी अचानक सड़क पर गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही झुलस कर मौत हो गई थी। प

### सोहावल स्टेशन पहुंचने में बैट्री रिक्शा का लेना पड़ रहा है सहारा सोहावल स्टेशन, सीएचसी जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । सोहावल रेलवे क्रासिंग के करीब स्थित विद्युत उप केंद्र के सामने से रेलवे स्टेशन व सीएचसी जाने वाली सड़क करीब पांच सौ मीटर पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गई है। स्टेशन को जाने वाली सड़क सोहावल चौराहा से होकर सुचित्तागंज जाने वाले सड़क मार्ग से जुड़ी है। जिसकी वजह से सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन चार पहिया,साइकिल बाइक सवारों का प्रतिदिन स्टेशन व सीएचसी आने जाने का सिलसिला जारी रहता है। आलम यह है कि विद्युत उपकेंद्र के सामने से स्टेशन को जाने वाली सड़क पर चार पांच बड़े बड़े गड्ढे बन गए। इन गड्ढों में आम मौसम में सड़क के किनारे बने आवासों का आकर ठहरता है। नालियों का समुचित निर्माण न होने और उचित जल निकासी की व्यवस्था की कमी के चलते गर्मी के दिनों में तो लोग सड़क के किनारे हो होकर निकल जाते है। लेकिन बारिश के मौसम में इस सड़क के हालात इस कदर बद से बद्तर हो जाते है कि सड़क के गड्ढों में कीचड़ युक्त जलभराव हो जाता है। पैदल चलने वालों के लिए यह सड़क मुसीबत बन जाती है।

### हफ्ते भर से जला ट्रांसफार्मर नहीं गया बदला, आटा चक्की और निजी नलकूप बंद

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर -अयोध्या**। विद्युत सब स्टेशन शाहगंज क्षेत्र के कोंछा फीडर पर ग्राम सोहवल सलोनी पूरे बेर्रा में लगा ट्रांसफार्मर करीब एक हफ्ते से खराब पड़ा है। किसान ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से एक आटा चक्की, छह निजी नलकूप तथा 12 घरेलू कनेक्शन हैं। ग्रामवासी राजेश मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली विभाग में कई बार शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लगातार टालमटोल कर रहे हैं। ग्रामवासी सुंदर लाल यादव, राम अंजोर यादव, राजाराम, सियाराम, राम जग, भगवती मौर्य, कल्हू, रामू, भवानी प्रसाद आदि ने बताया कि इसके बाद में पलिया लोहानी में जला ट्रांसफार्मर बदलवा दिया गया, लेकिन मेरे यहां का ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर "मेरी माटी मेरा देश" महोत्सव का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ जाना बाजार- अयोध्या** । आजादी के अमृत महोत्सव पर "मेरी माटी मेरा देश" महोत्सव का आयोजन न्याय पंचायत सोनौरा गाऊपुर के ग्राम सभा पिछौरा, वेदा पुर, पाली अचलपुर और सोनौरा गाऊपुर में धूमधाम से संपन्न हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामकुमार राव प्रधान पाली अचलपुर और सचिव अर्जुन वर्मा रहे ।

### टोल पर आरटीओ चेकिंग में फंसी बसों में दो यात्रियों की संदिग्ध मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । दिल्ली से बिहार जा रही रही यात्रियों से भरी डबल डेकर प्राइवेट बस रौनाही टोल प्लाजा के पास आरटीओ चेकिंग जाम में फंस गई। लगभग तीन घंटे जाम में फंसी दो अलग- अलग बसों में सवार दो यात्रियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसको लेकर बस सवार यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। तो घटना की सूचना मिलते ही आरटीओ टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद

आरटीओ टीम तत्काल चेकिंग बंद कर वाहनों को मौके से रवाना करना शुरू कर दिया।

शुक्रवार को सुबह आरटीओ टीम ने रौनाही टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग लगा दिया। इस दौरान करीब दर्जन भर बसे करीब तीन घंटे बसें जांच पड़ताल में फंसी रही। इस दौरान दो बसों में एक -एक यात्री की मौत हो गई। इसके बाद बस सवार यात्रियों ने हंगामा शुरू किया। तो मौके पर पहुंची आरटीओ टीम ने बसों को हटवाना शुरू कर दिया। इसके बाद बस मृतक यात्री को लेकर थाने के सामने से रवाना कर दी गई। यात्रियों सहित स्थानीय लोगों का भी आक्रोश बढ़ गया और आक्रोशित भीड़ ने मौके पर पहुंचे ।आरटीओ प्रवीण कुमार को घेर लिया। हंगामा बढ़ता देख आरटीओ प्रवीण कुमार वाहन में बैठकर भाग निकले।

### सांसद लल्लू सिंह ने डोर टू डोर जाकर घरों से मिट्टी व अक्षत किया एकत्र

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । सोहावल विकास खंड के सीवार ग्राम सभा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सांसद लल्लू सिंह ने डोर टू डोर जाकर घरों से मिट्टी व अक्षत एकत्र किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं व स्थानीय नागरिकों ने कलश में अपने घर की मिट्टी डाली। इससे पूर्व कार्यकताओं ने सांसद का स्वागत किया। अयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भारत माता के चरणों में अपना बलिदान देने वाले अमर बलिदानियों का याद करने तथा उनके प्रति अपनी कृतज्ञयता प्रकट करने का एक अवसर है।

धरना | समाचार सम्प्रेषण करना पत्रकार का मौलिक अधिकार, अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : दीपक सिंह

## धानापुर शहीद पार्क में धरना पर बैठे पत्रकार गण




**धानापुर (चंदौली)।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के जिला मंत्री अबुल कैश डब्बल को वाट्सएप ग्रुप में कथित समाचार प्रकाशित करने को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग एवं धमकी देने के आरोप में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू के विरुद्ध धानापुर थाने में नामजद मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले को लेकर उपजा के बैनर तले पत्रकार गुरुवार की शाम 6 बजे से 9 बजे तक धानापुर शहीद पार्क में धरने पर बैठे थे। जहां पहुंचकर भी पूर्व विधायक ने न केवल पत्रकारों को अर्दब में लेने की कोशिश की, बल्कि पत्रकारों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दिए। जिसके बाद बात और बिगड़ गई। और पत्रकार एफआईआर दर्ज कराने को लेकर अड़ गए। दरअसल यह मामला धानापुर न्यूज नाम के एक वाट्सएप ग्रुप में पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू द्वारा शुरू की जा रही गंगा कटान को लेकर पदयात्रा को लेकर प्रकाशित एक खबर के बाद सपा नेता आपे से बाहर हो गए। उन्होंने पत्रकार को न केवल ऑडियो मैसेज भेजकर धमकी दी। बल्कि पत्रकारों के भी विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर आग में घी डाल दिया। जिसके बाद पत्रकारों का गुस्सा भड़क गया। और पत्रकार पूर्व विधायक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने तक धरना जारी रखने पर अड़ गए। जिसके उपरांत पुलिस ने आरोपित पूर्व विधायक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर पत्रकारों का धरना समाप्त कराया। यहां हुई सभा मे उपजा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि समाचार सम्प्रेषण करना पत्रकार का मौलिक अधिकार है। प्रत्येक दशा में इसका अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने पूर्वविधायक के पत्रकार को धमकी देने के मामले की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। इस मौके पर उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, तहसील अध्यक्ष चंद्रजीत पटेल, जिला संगठन मंत्री न्याज अहमद खान, पुनवासी यादव, राहुल मिश्रा, फरीदुद्दीन, अबुल कैश खां डब्बल, सोनू पांडेय,मोहम्मद इनाम, अजय सिंह राजपूत, विष्णुवर्मा, अमित कुमार, अखिलेश कुमार, अलीम हाशमी, नीरज अग्रहरि, कृष्णा गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रभात सिंह, संजय दिनकर, रमेश कुमार, उमाकांत आदि अन्य पत्रकार गण उपस्थित रहे। अध्यक्षता चंद्रजीत पटेल एवं संचालन पं. गोविंद उपाध्याय ने किया।

## पुलिस के निष्क्रियता में बाइक चोरी की घटना बढ़ी



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय , जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के जखनियां तहसील गेट के सामने खड़ी बाइक को पलक झपकते चोर लाक तोड़कर लेकर फरार हो जा रहा है। ऐसा ही मामला है आज दोपहर 1:30 बजे सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के गौसपुर बुजुर्गा निवासी मनोज यादव अपने तीन रिश्तेदारों के साथ जखनिया तहसील पर स्प्लेंडर बाइक लाक करके अंदर आपत्ति डालने चला गया था। बीस मिनट बाद आने पर बाइक गाय मिली। काफी खोजबिन के लेकिन पता नहीं चला ।भुड़कुड़ा कोतवाली में अज्ञात में तहरीर दी।वही दुल्लहपुर थाने के शिवपुर गांव निवासी लालजी यादव अपने पत्नी के साथ नौ सितंबर को जखनिया तहसील से खतौनी निकालने आया था।और एच एफ डिल्क्स बाइक तहसील गेट पर खड़ा किया 15मिनट में ही बाइक गायब हो गई।पीड़ित लालजी यादव ने भुड़कुड़ा कोतवाली में तहरीर दी जिसमे पुलिस के मदद से सीसी कैमरे में चोरी की वारदात कैद है फिर भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुआ।ना ही शिकायत दर्ज की गई।आज भी सीसी कैमरे में चोरी का फोटो लेकर खुद पीड़ित चोर को तलाश में जुटा है।भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती ने कहा सूचना मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

## ख़ास ख़बर

### चोरी की योजना बनाते समय 1 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की सरिया व चोरी करने के उपकरण बरामद



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शातिर चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा रात्रिगस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चोरी की योजना बनाते समय 01 शातिर अभियुक्त धर्मराज उर्फ धरमू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1,000 रू0, चोरी करने के उपकरण व निशानदेही से 54 पीस लोहे की सरिया बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त धर्मराज उर्फ धरमू का साथी अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उक्त अभियुक्त ने अपने फरार साथी अभियुक्त के साथ मिलकर दिनांक 09/10.09.2023 की रात्रि करनैलगंज रोड पर बिल्डिंग मैटीरियल व किराना की दुकान का ताला तोड़कर सरिया व 8000 रू0 चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से घटित अपराधों में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 15.09.2023 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त कादिम अली को मनकापुर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना को0 नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा थाना को0 नगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**गोंण्डा।** पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जालसाजी कर जमीन बैनामा कराने के वांछित अभियुक्त शत्रोहन को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने संतोष कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद नि0 ग्राम बैरागी पुरवा राजापुर परगना थाना को0 नगर जनपद गोण्डा गोण्डा की जमीन को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करवा लिया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### हिंदी दिवस पर न्यायालय में आयोजित हुई संगोष्ठी



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोण्डा जनपद न्यायालय गोण्डा के वीडियो कान्फ्रेन्सिंग हाल में समस्त न्यायिक अधिकारी के मध्य राजभाषा हिन्दी की महत्ता नामक विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोण्डा रीता गुप्ता एवं जनपद न्यायालय तथा परिवार न्यायालय गोण्डा के समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज/एफटीसी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि हिन्दी हमारी राजभाषा है, हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का भी निर्णय लिया गया। इस संगोष्ठी में जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारीगण को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी न्यायिक अधिकारीगण अपने आदेशों को हिन्दी में लिखें, जिससे वादकारीगण आपके द्वारा पारित निर्णय को पढ़कर समझ सकें कि आप के द्वारा वाद में क्या निर्णय पारित किया गया है।

# मण्डलीय अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने रूदौली के अमराई गांव में बने मण्डलीय अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें 11 सितम्बर 2023 से शैक्षिक सत्र की शुरूआत हुई है। उन्होंने सर्वप्रथम विद्यालय के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया तथा विद्यालय की फर्श आदि की साफ सफाई बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से बात की और उनसे विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली व बच्चों को मन लगा के पढ़ने के लिए प्रेरित किया। अगले चरण में उन्होंने विद्यालय के क्लास रूम सहित अन्य कक्षों का घूम घूम कर निरीक्षण किया तथा विद्यालय की दीवालों के सरफेस की फिनिसिंग बेतरतीब होने,गैलरी की लाइट एक सीध रेखा में न होने व जगह-जगह सीलन आदि को देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि परिसर की फिनिशिंग का कार्य सहित अन्य जो कमियां है उसके सम्बन्ध



में सम्बंधित कार्यदायी संस्था अलग-अलग टीम लगाकर कमियों की चेक लिस्ट बनाएं और उसे किस प्रकार ठीक किया जाएगा इसकी कार्ययोजना बनाकर उसे तत्काल दुरूस्त करायें। मंडलायुक्त ने विद्यालय के स्टाफ से विद्युत आपूर्ति के बारे में जानकारी ली तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्यालय में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हेतु बनाये गये डेडीकेटेड फीडर को तत्काल ऊर्जित कर विद्युत आपूर्ति 24 घंटे विद्यालय में की जाय। उन्होंने कहा कि बच्चों को इनडोर व आउटडोर गेम खेलने के लिए विद्यालय प्रशासन एक व्यापक शेड्यूल बनाये और उनको खेलो के प्रति जागरूक करे। उन्होंने अगले चरण में विद्यालय परिसर में बने बालक और बालिका छात्रावास व मेस का अवलोकन कर बच्चो के लिए बनने वाले खाने की गुणवत्ता स्वयं खाकर जांची तथा साफ सुथरा, मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अंत मे उन्होंने कहा कि परिसर में बने लॉन व खेल के मैदान को व्यवस्थित ढंग से सुदृढ़ की जाय और परिसर के पास स्थित वन विभाग की भूमि की झाड़ियों को साफ सुथरा कर ऑर्नामेंटल पौधे लगाने के निर्देश प्रभागीय वनाधिकारी को दिया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद चंद्र जैन, उपश्रमायुक्त श्रीमती प्रतिभा तिवारी,उप जिलाधिकारी रुदौली सहित कार्यदायी संस्था के अभियंतागण उपस्थित रहे।इसके उपरांत मंडलायुक्त ने अयोध्या में निर्माणाधीन खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला भवन का निरीक्षण किया तथा भवन में लगने वाली टाइल्स को पैटर्न वाइस लगाने तथा सजावटी ग्रूव काटने के निर्देश देते हुए कार्य को निर्धारित समयावधि में बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वीवीपैट गोदाम में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चल रहे ईवीएम के एफएलसी एवं मॉक पोल प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

## कजरीतीज के दृष्टिगत डीएम ने किया जनपद मुख्यालय पर कन्ट्रोल रुम को स्थापित

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा जनपद में आगामी 17 सितम्बर, एवं 18 सितम्बर, 2023 को आयोजित होने वाले कजरीतीज के अवसर पर जनपद के प्रमुख शिवालयों में जिलाभिषेक के दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन विभाग गोण्डा द्वारा मुख्यालय पर कन्ट्रोल रुम नंबर- 05262-230125, 05262358560 को स्थापित कर सक्रिय कर दिया गया है। सरयू घाट करनैलगंज से कांवरिया जल भर कर जनपद के बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर खरगूपुर एवं बाबा दुःखहरण नाथ महादेव मंदिर गोण्डा मुख्यालय सहित अन्य कई महादेव मंदिरों पर भारी संख्या में जलाभिषेक करते हैं। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जल भरने वाले कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत कटरा सरयू घाट करनैलगंज



में एसडीआरएफ एवं पीएसी की टीमों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ समय से पहले तैनात करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुआओं के जल भरने से पहले कटरा सरयू घाट करनैलगंज में आवश्यकता के अनुसार सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाय। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जहाँ उनकी डियूटी लगाई गई है, वहां पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करें की, किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाये। ताकि जलाभिषेक करने वाले कांवरियों को जलाभिषेक के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

## स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार-2023 से सम्मानित किए गए रणजीत यादव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में नियुक्त उत्तर प्रदेश पुलिस के सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को देश का प्रतिष्ठित स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया। जनपद हमीरपुर के राठ क्षेत्र में स्थित स्वामी ब्रह्मानन्द महाविद्यालय के अखंड मन्दिर सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री भारत भूषण त्यागी व विशिष्ट अतिथि सीताराम लोधी वेलमैन ऑफ इंडिया ने स्वामी ब्रह्मानन्द की कांस्य प्रतिमा,कांस्य मेडल, सनद,सम्मान राशि 10 हजार रुपये नगद व समिति के सदस्य नरेश राजपूत, डॉ सुरेंद्र सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर लौटे सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार ने बधाई और शुभकामना दिया। स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष शिक्षा क्षेत्र में अनुकरणीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति को स्वामी ब्रह्मानंद जी के निर्वाण दिवस तेरह सितम्बर को दिया जाता है। इस वर्ष खाकी वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध अयोध्या में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को इस पुरस्कार से नवाजा गया है। आज़मगढ़ के भदसार गांव के मूल निवासी रणजीत यादव अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए अयोध्या के जयसिंहपुर वार्ड में खुले आसमान के नीचे उन बच्चों को शिक्षा से दे रहे हैं जो पहले घाटों और मंदिरों आसपास भिक्षावृत्ति में संलिप्त थे। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मलिन बस्ती के इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और उनके समग्र विकास के अनुरूप नवम्बर 2021 से अपना स्कूल नाम से समावेशी ज्ञान उपलब्ध करा रहे हैं।

## कजरीतीज को लेकर आयुक्त व डीआईजी ने किया निरीक्षण

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा शुक्रवार को कजरीतीज के त्यौहार को लेकर गोण्डा जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का देवीपाटन मंडल के आयुक्त और डीआईजी ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, डीपीआरओ, अधिशासी अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ दुःखहरण नाथ मंदिर, सरयू घाट व पृथ्वीनाथ मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों को दुरुस्त करने के दिये। उन्होंने सरयू घाट के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए की जल लेने व स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उचित गहराई से बैरिकेटिंग लगाई जाए। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये नावों व गोताखोरों की व्यवस्था की जाए। मंडलायुक्त ने सीएमओ को महिला व पुरुष चिकित्सक व दवाओं के साथ मेडिकल टीम लगाने के निर्देश दिए।

## दो ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ जन चौपाल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या बीकापुर।** विकासखंड की दो ग्राम पंचायतो में शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत ताजपुर में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित चौपाल के दौरान सचिव नरेंद्र वर्मा, प्रधान अरविंद यादव, प्रधानाध्यापक प्रियाकांत पांडे के मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में उन्हें अवगत कराया गया। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत दयाल जोत में भी पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान मिही लाल यादव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडे तथा सचिव धनंजय मौर्य द्वारा लोगों से संवाद करके उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। जरूरतमंदों को मिल



रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। और लोगों की जन समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। और निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। ग्राम पंचायत में प्रस्तावित अपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का भी सत्यापन किया। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी कर्मी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्रकारों को प्रतिबंधित करने पर इंडियन कौंसिल आफ प्रेस विधि प्रकोष्ठ ने लेटर पिटिशन सौंपा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मीडिया/पत्रकारों को प्रतिबंधित किए जाने पर इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के विधि प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकारणी के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अयोध्या के माध्यम से लेटर पिटीशन देकर शासनादेश को निरस्त करने की मांग किया क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 16 अगस्त को शासनादेश जारी करके लिखा गया है कि मीडिया / पत्रकारों द्वारा तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर नकारात्मक समाचार प्रकाशित करता है जो की शासन एवं प्रशासन की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है जोकि यह पूर्णयता असत्य है जबकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई बार यह कहा जा चुका है की मीडिया/ पत्रकार संविधान का चौथ स्तंभ है और मीडिया पत्रकार समाज की एक ऐसी कड़ी है जो की संविधान के अनुरूप दबे कुचले लोगों की बात को देश के सामने बेबाक रूप से बिना किसी भय के लिखकर दिखाकर लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है और सरकार शासन प्रशासन की मदद करता है उस मीडिया/ पत्रकार पर पाबंदी लगाकर संविधान की मूल भावनाओं को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लेटर पिटीशन देकर उत्तर प्रदेश के शासनादेश को निरस्त करने की मांग की है ।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** नगर के नाका मुजफ्फरा स्थित चिरंजीव हॉस्पिटल में शनिवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्येंद्र कुमार मरीजों का उपचार करेंगे ।उनकी ओपीडी प्रातः नौ बजे से सायंकाल चार बजे तक चलाई जाएगी। जिसमें हृदय रोग से संबंधित विभिन्न बीमारियों हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर, पेसमेकर ,एंजियोग्राफी, एनजओ प्लास्टी, दिल में छे डी, सीने में दर्द सहित कई अन्य बीमारियों का इलाज किया जाएगा। चिरंजीव हास्पिटल के निदेशक डॉ उमेश चौधरी ने कहा कि जनपद में आर्थिक स्तर से कमजोर लोगों के लिए यह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

## ओ लेवल पर ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये करें आवेदन

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के युवक व युवतियों को "ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराया जाना है। इसके लिए इच्छुक प्रशिक्षार्थी ओ-लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित 20 सितंबर तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कक्ष सं० 2106 विकास भवन में जमा किया जा सकता है।ओबीसीसीओएमपीयूटीआरटीआरएआईएनआईएनजीडाटयूपीए सडीसीडाटजीओवीडाटआईएन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

## 19 सितंबर तक करा लें बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा वर्ष 2022 - 23 में छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन में समस्त छात्र व छात्राओं का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन का कार्य पूर्ण न होने के कारण समय अवधि को बढ़ा दिया गया है। अब 19 सितंबर तक छात्र-छात्राएं अपना बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन का कार्य करा सकते हैं। उन्होंने जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, वित्त विहीन, महाविद्यालय व इंटर कॉलेज और मदरसा विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त संस्थान के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया है कि वह 19 सितंबर तक एनएसपी पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु आये आवेदन में समस्त छात्रों का बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन का कार्य करा लें और साथ ही 20 सितंबर तक हर हाल में आवेदन पत्रों को अपने लॉगिन आईडी से सत्यापन कर अग्रसारित कर दें। उन्होंने बताया कि यदि शत प्रतिशत ऑथेंटिकेशन का कार्य संस्थाओं द्वारा पूर्ण नहीं कराया गया तो न केवल ऐसे संस्थानों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा बल्कि ऐसी संस्थाओं समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति से वंचित भी हो जाएगी।

## हापुड़ काण्ड एवं ग्राम न्यायालय के विरोध में आक्रोशित अधिवक्ताओं ने किया चक्का जाम, जताया विरोध

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** ग्राम न्यायालय के स्थापना को लेकर संयुक्त बार एसोसिएशन के आवाहन पर आक्रोशित वकीलों ने ग्राम न्यायालय का किया विरोध , हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं का हुजूम दोनों परिसर में घूम घूमकर खूब लगाए प्रदेश सरकार के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे । जबकि पूर्व पदाधिकारियों ने सभा को सम्बोधित करते हुए खूब प्रदेश सरकार को कोसा,जिसकी अध्यक्षता सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा व जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महाराज कुमार श्रीवास्तव कर रहे थे जबकि आन्दोलन का संचालन महामंत्री जगन्नाथ प्रसाद ने किया,जिसमें हापुड़ में महिला तथा बुजुर्ग वकीलों पर किये बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज को लेकर नाराजगी, पूर्व में वकीलों पर दर्ज मुकदमे वापस होने के साथ ही ग्राम न्यायालय को स्थगित करने की मांग मुख्य रही जिस समय , राजकुमार द्विवेदी, रितेश यादव, गौरीशंकर, मनोज कुमार,मनोज कुमार मिश्रा, लल्ला बाबू, ब्रजेश तिवारी,जीवन लाल शुक्ल,दिनेश कुमार पाण्डेय, सन्तोष , दीनानाथ त्रिपाठी,संगम लाल दूबे,धनलाल तिवारी, जितेन्द्र सिंह,दीप नारायण, महेश सिंह,चारूचन्द मिश्रा,आलोक तिवारी, आलोक पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह खुराना, मोहम्मद शिराज,मुजीबुद्दीन,विजय तिवारी, चन्द्रमणि,आमित शुक्ल,समेत हजारों अधिवक्ताओं की मौजूदगी में वकीलों ने खूब लगाए मुर्दाबाद के नारे और सड़क जाम कर दिया प्रदेश सरकार को संदेश । अपने सम्बोधन में अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा कि इस बीच जो भी अधिवक्ता किसी भी मामले की पैरवी करता , रजिस्ट्री दफ्तर में बैनामा व नोटरी करता हुआ पाया गया तो उस अधिवक्ता पर कार्यवाही होना तय।

विस्तार — नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष ने श्रीरामजन्मभूमि व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन पूजन

# पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास रहेगाः संजीव सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रदेश नेतृत्व द्वारा महानगर जिलाध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को घोषित करने व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष संजीव सिंह के कार्यकाल विस्तार होने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। घोषणा होने के बाद पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कार्यकताओं सहित माला व रामनामी पहना कर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष का स्वागत किया। कमलेश श्रीवास्तव नगर निगम बनने के बाद भाजपा द्वारा सांगठनिक स्तर पर गठित महानगर के प्रथम अध्यक्ष रह चुके है। नगर निकाय चुनाव में जनपद अयोध्या के चुनाव संयोजक तथा वर्तमान में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री का दायित्व सम्भाल रहे है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख बीकापुर तथा भाजपा संगठन के कई पदों पर कार्य कर चुके है। सूची जारी होने के बाद महानगर जिलाध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि तथा हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने



कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा सौंपे गये दायित्व का पूर्ण क्षमता से निर्वाहन करूंगा। आने वाले समय में श्रीराम जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा में संगठन की भूमिका तथा आने वाले लोक सभा चुनाव में महानगर के कार्यकताओं से सामंजस्य स्थापित कर केन्द्र सरकार की नीतियो को जन-जन तक पहुचानें का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। केन्द्र व प्रदेश की सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों से जनसामान्य को जोड़ने तथा उनका प्रचार प्रसार किया जाएगा। दर्शन पूजन में परमानंद मिश्र, शैलेंद्र कोरी, आलोक द्विवेदी मंडल अध्यक्ष, बालकृष्ण वैश्य मंडल अध्यक्ष, तिलकराम मौर्य, राघवेन्द्र पाण्डेय, मनोज वर्मा, सुनील मिश्र, भरत श्रीवास्तव जयशंकर श्रीवास्तव, महंत रमेश दास, सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 14 सितम्बर को हिंदी दिवस राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में घोषित किया जाएः अनिल राजभर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या धाम।** हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान द्वारा हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में हिंदी दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया | समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने माता सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उत्तरप्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने हिन्दी दिवस पर बोलते हुवे कहा कि अगर किसी भाषा को लोग अनिवार्य रूप से समझते हैं तो वह हिंदी है |आज पूरे देश मे हिंदी बोलने वालों की संख्या अधिक है अगर ठीक से प्रयास हो गया तो यही सही समय है ,हम हिंदी को राष्ट्र भाषा बना सकते हैं, इस अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने की जरूरत है ,हिंदी दुनिया की तीसरी राष्ट्र भाषा है | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में यह सपना जल्द पूरा होगा, हिंदी राष्ट्र भाषा बनने से अब कोई रोक नही पायेगा | संस्था के महामंत्री डॉ0



सम्राट अशोक मौर्य ने मंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन भी सौपा जिसमें संस्था की तरफ से हिंदी भवन व वाचनालय, तथा अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हिंदी भवन बनवाए जाने की मांग की जिस पर मंत्री महोदय ने घोषणा की वह मुख्यमंत्री से यह मांग पूरी करवाएगें । समारोह की अध्यक्षता करते हुए महंत स्वामी डॉ0 भरत दास महाराज ने कहा कि हमें हिन्दी को दैनिक उपयोग में लाना होगा, हिन्दी व्याकरण का ज्ञान अर्जित करना होगा तभी सही मायने में हिन्दी राष्ट्र भाषा बन सकती है | मुख्य वक्ता के रूप में कप्तानगंज के पूर्व विधायक सीपी शुक्ला ने बोलते हुए कहा कि हिन्दी भाषा हमारे विदेशों में भी बोली जाती, हिन्दी सभी जानते है हिन्दी को राजकीय भाषा की मान्यता पहले है लेकिन राष्ट्र भाषा अभी तक नहीं बन पाई है जिससे लगता है कि हमारे प्रयास में कोई कमी है जिसको सुधारना होगा और हिन्दी भाषा बोलने के लिए जनमानस में जागरूकता लानी होगी तभी हमारा प्रयास सार्थक होगा।विशिष्ट अतिथि के रूप में परियोजना अधिकारी एके पाण्डेय ने बोलते हुए कहा कि हिंदी के राष्ट्रभाषा बने बिना भारत देश अधूरा है | संस्थान के संरक्षक प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए सभी लोग पूरे मनोयोग से कार्य करें जिससे जल्द से जल्द हिन्दी राष्ट्र भाषा घोषित हो सके| जिससे अयोध्या की धरती से देश को एक सशक्त संदेश जाए और हिंदी देश की राष्ट्रभाषा व विश्व की संपर्क भाषा बन सके, जिससे हमारी संस्कृति और सभ्यता सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करने वालों में विशिष्ट अतिथि किछौछा शरीफ अशरफपुर अंबेडकर नगर के चेयरमैन ओमकार गुप्ता "ओम", दशरथ गद्दी के पीठाधीश्वर महान्त ब्रज मोहन दास महाराज,साहित्यकार वेद भाष्यकार डॉ0 देवी सहाय दीप जी, भूपेन्द सिंह गांधी,यश पाठक, समाजसेवी शरद पाठक "बाबा",डा0सोनी शर्मा, डॉ0एस.पी. द्विवेदी, जिला अध्यक्ष अजय मौर्य,महिला शाखा जिला अध्यक्ष काजल पाठक, संपादक पवन पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव आचार्य शशि मौर्य, चक्रवर्तीमौर्य,उपाध्यक्ष विंध्यवासिनी शरण पांडिया, जय प्रकाश गुप्ता, संरक्षक मंडल सदस्य अनिरुद्ध प्रसाद शुक्ला, परमजीत कौर, अंकुर पांडे,सहित सैकड़ों साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### पुराना सदर अस्पताल में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । सीएचसी जामताड़ा की ओर से एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन पुराना सदर अस्पताल जामताड़ा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास अधिकारी मोहम्मद जहीर आलम एवं सीएचसी प्रभारी डॉक्टर निलेस कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।वही बीडीओ मोहम्मद जहीर आलम ने कहा कि हमारे आसपास बहुत से बुद्धिजीवी लोग होते हैं।जो आसानी से योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। लेकिन ग्रामीणों को जानकारी का अभाव होता है। हमारा प्रयास है क्या सरकार के हर एक योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे। सरकार के जन कल्याण योजनाओं के विषय में विशेष रूप से बतलाएं ताकि उन्हें भी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।लोगों को ऐसी जानकारी दिया जाए कि वह किसी प्रकार का भ्रमित ना रहे। वही प्रभारी डॉ निलेश कुमार ने कहा की हमलोगों के द्वारा कोशिश किया गया है की एक ही जगह लोगों को कई प्रकार की सुविधा दिया जा सके। इन सुविधाओं में परिवार नियोजन की जानकार,आयुष्मान कार्ड, कुष्ठ जागरूकता अभियान, मलेरिया जागरूकता अभियान ,टीकाकरण एवं कई अन्य विषयों में सुविधा प्रदान किया गया है ।जो बिल्कुल निशुल्क है । विशेष कर हमारे ऐसे स्वास्थ्य कर्मी एवं सहिया बहने जो जमीन स्तर पर काम करती है। और उस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देती है।

### मधुस्थली विद्यापीठ में किड्स कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर** । शुक्रवार को मधुपुर सलैया मौजा स्थित मधुस्थली विद्यापीठ के विशाल सभागार में किड्स कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में मधुस्थली विद्यापीठ के साथ-साथ शहर के विभिन्न विद्यालय के सैकड़ो बालक - बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के बालक - बालिकाओं के बीच किया गया । जिसका विषय इस प्रकार था । नर्सरी - कोई फल या मुस्कुराता हुआ सूर्य। एल० के ०जी० -घर या पेड़ । यू०के०जी०एवं प्रथम -तितली या नौकायान एवं कक्षा द्वितीय -- वर्षा ऋतु या कार्टून का पसंदीदा चरित्र । कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती रूबी कुमारी एवं निर्णायक की भूमिका में मोहम्मद अरमान खान एवं श्रीमान अमित दे का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर वात्सल्य वैली विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दीपमाला भी उपस्थित थी। प्रतियोगिता परिणाम में कक्षा- नर्सरी से अनिका कुमारी ने प्रथम,( मधुस्थली विद्यापीठ) आर्यन राज ने द्वितीय( मधुस्थली विद्यापीठ) एवं शुभम कुमार ने तृतीय स्थान मधुस्थली विद्यापीठ) एल० के०जी० से काव्या कश्यप प्रथम मधुस्थली विद्यापीठ आर्या शाहा द्वितीय (कार्मल स्कूल) रियांश राज तृतीय ( मधुस्थली विद्यापीठ) यू०के०जी एवंप्रथम में हेमंत हेमरम( कार्मल स्कूल) ने प्रथम, फाहिन अंसारी ( वात्सल्य वैली) ने द्वितीय एवं अयान अंसारी (वात्सल्य वैली) तृतीय स्थान ,कक्षा -द्वितीय से अली अशरफ (कार्मल स्कूल ) प्रथम अनबिया ताहिर( रेड कारपेट) द्वितीय एवं मोहम्मद अरहान ( बचपन अकैडमी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य वितान विश्वास, निर्णायक गण एवं एवं वात्सल्य वैली के प्राचार्या- दीपमाला के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र भी बांटे गए। निर्णायक गण ने कहा कि कला हमारे जीवन का अभिन्न अंगहै । इसके द्वारा हम अपने भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा के हजारीबाग में स्थिति के बारे में उनको अवगत कराया



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग महिला मोर्चा के पुराने कार्यकर्ता महिला मोर्चा के प्रदेश का समिति सदस्य प्रियंवदा के नेतृत्व में आज डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में नीलिमा सिन्हा जी से मुलाकात कर भाजपा महिला मोर्चा के हजारीबाग में स्थिति के बारे में उनको अवगत कराया। इस अवसर पर प्रियंवदा ने कहा कि आज भाजपा महिला मोर्चा के पुराने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया है, उन सब को अब एकजुट करने की आवश्यकता है।

# "चलो करें आवास पूरा" - उप विकास आयुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा की अध्यक्षता में अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के उद्देश्य से दिनांक 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान "चलो करें आवास पूरा" का शुभारंभ किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि "प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2016-22 अन्तर्गत जिले में अब तक 55340 परिवारों को आवास स्वीकृति की गई है, जिसमें से 53495 (96.67% ) आवास पूर्ण कर लिए गए हैं, जबकि 1858 आवास विभिन्न कारणों से अभी तक लंबित है। इन आवासों को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में सचिव ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, सरकार रांची द्वारा दिनांक 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने का निदेश प्राप्त है। इस अभियान का नाम 'चलो करें आवास पूर्ण रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपूर्ण आवास के लाभुक को पूर्ण करने हेतु प्रेरित करना, पंचायत / गाँव / टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया करना, सभी अपूर्ण आवास को पूर्ण करना है, इस अभियान का संचालन प्रखण्ड स्तर से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में किया जायेगा। योजना के प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव / पंचायत स्वंय सेवक तथा रोजगार सेवक अभियान को पंचायत / गाँव/ टोला स्तर में क्रियान्वित करेंगे। उप विकास आयुक्त ने प्रखण्ड स्तर में सभी पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पंचायत / गाँव/ टोलावार तथा लाभुकवार अपूर्ण आवास की सूची का समेकन करने, प्रति अपूर्ण आवास के लाभुक से संपर्क एवं उसे आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने की रणनीति तैयार करने, गाँव एवं ग्राम स्तर में बैठक आयोजित करने हेतु योजना तैयार करने, पंचायत स्तर पर सभी अपूर्ण आवास के लाभुकों के साथ प्रत्येक बृहस्पतिवार को लाभुक दिवस अनिवार्य रूप से मनाया जाने हेतु जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लंबित आवासों को पूरा करने हेतु हर लाभुक को प्रेरित किया जायेगा एवं आवश्यक सहायता प्रदान किया जायेगा। इस अभियान के दौरान जिन आवासों को पूर्ण कराया जाऐगा, उन आवासों में समारोह पूर्वक स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में "गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । उन्होंने इस अभियान के सफलता एवं शत प्रतिशत लंबित आवासों को पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## गणेश महोत्सव समिति ने सांसद सुनील सोरेन को महोत्सव में शामिल होने का दिया निमंत्रण



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । श्री श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को दुमका सांसद सुनील सोरेन से जामताड़ा सर्किट हाउस में मुलाकात किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने संसद से महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुक्ताराम दत्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में गांधी मैदान में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका निमंत्रण सांसद सहित गण मान्य लोगों को दिया गया है। साथ हि आम लोगों से भी अपील की जा रही है कि आप लोग बढ़ चढ़कर मेला में हिस्सा लें। इस दौरान संसद को मेला आयोजन को लेकर की जा रही तैयारी से भी अवगत कराया गया। इस दौरान उन्हें भी रक्तदान शिविर में के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि पिछले वर्ष से ही समिति के द्वारा एक नई परंपरा शुरू की गई है जिसमे मिला के दौरान सभी सदस्य रक्तदान करते हैं और लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। जिस पर संसद ने इस कार्य की प्रशंसा की। मौके पर काफी संख्या में गणेश पूजा आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

## मधुपुर में महिला कांग्रेस ने महिला स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर**। मधुपुर के राज होटल में महिला कांग्रेस की तरफ से महिला स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले महिला कांग्रेस का झंडा फहराकर महिला स्थापना दिवस की शुरुआत की गई। इसके बाद कांग्रेस के नेता एवं नेत्री ने अपना विचार रखा। इसके बाद सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को शपथ दिलाया गया एवं महिला कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर दिया गया। महिला आगे बढ़ेगी तभी समाज का विकास होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव फैयाज क़ैशर, झारखंड प्रदेश सेवा दल के उपाध्यक्ष अजय कुमार, देवघर जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनंत मिश्रा, झारखंड महिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री प्रमिला देवी नशा, पति हांसदा, टॉफी,जफु, गणपत मंडल समेत दर्जनों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थी।

# महिलाओं को किसान का दर्जा व सुविधा मिले : डॉ सुमन लता



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर** । स्थानीय बावनबीघा में शुक्रवार को मंगलम सभागार में संवाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय वार्षिक महिला सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डाक्टर सुमन लता, ललिता, ऐनी टुडू, सीमा, प्रभा, श्रीकिशुन और मति मुर्मू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विषय प्रवेश करते हुए समाजकर्मी श्रीकिशुन ने कहा कि संगठन का लक्ष्य खेती किसानी से जुड़ी महिलाओं को किसान का दर्जा दिला कर सशक्त बनाना, जमीन के पट्टे पर महिलाओं का भी नाम हो और उन्हें नियंत्रण का भी अधिकार हो। खेती किसानी में महिलाओं का योगदान पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक है। किसान की पहचान के लिए महिलाओं को एकजूट होकर आगे आना होगा। ग्राम सभा के निर्णय महिलाओं की भागीदारी बढ़ाते हुए नशापान, दहेज प्रथा, बाल विवाह, डायन प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करना है। मुख्य अतिथि डॉक्टर सुमन लता ने कहा कि महिलाओं को सजग, सतर्क होकर अपनी रफ्तार, सोच और काम से महिला किसान संगठन को मजबूत बनाना होगा। चंद्रयान को चंद्रमा तक पहुंचाने में महिला वैज्ञानिकों की टीम का श्रेय रहा है। ऐसे में महिलाओं के संघर्ष से किसान का दर्जा मिलना बड़ी बात नहीं है। यह लड़ाई पितृ सत्तात्मक पुरुष प्रधान मानसिकता से है। लेकिन जब महिलाओं ने बीड़ा उठा लिया है तो वह इसे पूरा कर लेगी। खेती किसानी का अधिकांश कार्य महिलाएं करती है तो उन्हें महिला किसान का अधिकार मिलना ही चाहिए। जमीन और संपत्ति पर महिलाओं को अधिकार मिले ताकि उसके परिवार के लोग दारू पीकर, जुआ खेल कर संपत्ति जमीन को नहीं गंवाएं। महिलाओं को घर के साथ समाज की जिम्मेदारी को भी निभाना होगा। महिलाएं अपने काम सोच और मकसद से महिला किसान संगठन को आगे बढ़ाएं। ऐनी टुडू ने महिला किसान संगठन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया।

### पुलिस के चलाये जा रहे अभियान और कार्रवाई से साइबर अपराध में आई है गिरावट - डीआईजी सुदर्शन मंडल



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । साइबर अपराध अब जामताड़ा जिला में काफी कम हो गया है। लगातार पुलिस की ओर से चलाये जा रहे अभियान और कार्रवाई के कारण साइबर अपराधी बाहर शिफ्ट करने लगे हैं। पड़ोसी राज्य बिहार का नवादा जिला फिलहाल साइबर अपराध के मामले में टॉप पर चल रहा है। यह कहना है संथाल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन मंडल का। शुक्रवार को डीआईजी जामताड़ा साइबर क्राइम थाना का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका सम्मान किया गया। डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न फाइलों एवं पंजियों का अवलोकन किया। साथ हीं कई कांडों में उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने गुणवत्तापूर्ण इन्वेस्टिगेशन करने की बात कही। साथ ही तमाम पुलिस पदाधिकारी एवं इन्वेस्टिगेशन ऑफीसर को निर्देश दिया कि अपराध का अनुसंधान में क्वालिटी से कोई कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए। डिजिटल एविडेंस को किस प्रकार कलेक्ट करना है और किस प्रकार उसे सजाना है इन सब बिंदुओं पर उन्होंने निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का वार्षिक आम सभा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जेएसएलपीएस के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण को लेकर जेएसएलपीएस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों समाज सेवियों व सखी दीदियों ने वक्तव्य प्रकट किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रकट करते हुए झारखंड ग्रामीण बैंक शाखा के प्रबंधक ममता कुमारी ने बताया कि जेएसएलपीएस की सखी मंडली द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। सखी दीदियों को इस अवसर पर उनके उत्कृष्ट कार्यों को लेकर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिंदूर मुखिया सरोज देवी मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी कृष्ण प्रसाद उर्फ पंडित जी नारायण प्रसाद, मंडई खुर्द मुखिया ऊषा देवी, बड़ासी मुखिया ममता मेहता, नगवां मुखिया विनय कुमार, सिंदुर मुखिया सरोज देवी, जेएसएलपीएस के कोऑर्डिनेटर पियूष रंजन सहित जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदियां मुख्य रूप से शामिल हुए।

### अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार समाज कल्याण संगठन की महिला अध्यक्षा एवं उप महिला अध्यक्षा का मनोनयन हजारीबाग जिले के लिए हुआ




**हजारीबाग** । हजारीबाग जिले के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार (International Human Rights Social welfare Organization) समाज कल्याण संगठन के द्वारा हजारीबाग जिले के लिए महिला अध्यक्ष के पद पर श्रीमती अर्चना सिंहा एवं उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती रश्मि लाला का मनोनयन झारखंड प्रदेश सचिव श्री रुपेश बिहारी लाला के अनुशंसा पर पूर्ण किया गया. ज्ञात हो कि श्रीमती अर्चना सिंहा एक कुशल नेत्री एवं समाजसेवी होने के साथ-साथ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला जिला अध्यक्षा के रूप में समाज को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं और साथ ही साथ फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन (जनवितरण प्रणाली ) की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के पद पर हैं एवं श्रीमती रश्मि लाला जो हजारीबाग जिले के एक प्रतिष्ठित स्कूल जीनी जॉनी की प्रधानाध्यापिका है एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा में जिला महिला महामंत्री के रुप में समाज को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं. अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय सलाहकार एवं बिहार झारखंड प्रदेश के प्रभारी श्री एम एस राज अंजुम जी ने उपरोक्त पदों पर पदासीन पदाधिकारी श्रीमती अर्चना सिंहा एवं श्रीमती रश्मि लाला को बहुत-बहुत शुभकामनाएं भेजी एवं भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार समाज कल्याण संगठन को पुरजोर तरीके से संचालन हेतु शुभकामनाएं भेजी हैं. इसी क्रम में एस राज अंजुम में हजारीबाग जिले के मानव अधिकार टीम को यह निर्देश भी दिया कि किसी भी हाल में मानव अधिकार के हनन से कोई समझौता नहीं होगा हर कीमत पर पीड़ित व्यक्ति की मदद करने का आदेश दिया गया एवं सभी जिला प्रशासन एवं सभी पदाधिकारी गण की हर गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही गई. श्रीमती अर्चना सिंहा एवं श्रीमती रश्मि लाला काफी लंबे समय से सामाजिक हित के लिए अपनी सेवाओं का योगदान करती आ रही हैं एवं उनका मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिले के महिलाओं के लिए सशक्तिकरण एवं समाज में दबे कुचले महिलाओं की आवाज बने ये उनकी प्राथमिकता रही है दोनों पदाधिकारी के द्वारा यह विश्वास दिलाया गया की जो जिम्मेदारियां उन्हें दी गई है उनका हर संभव पूर्ण निर्वाहन करेगी एवं जल्द से जल्द अपनी एक कुशल टीम का भी निर्माण पूर्ण करेंगी.

**बैठक** विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण से विभागों के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी ली

## सभापति डॉ सरफराज अहमद की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति की बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । शुक्रवार को जामताड़ा परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के माननीय सभापति सह विधायक, गांडेय, डॉ सरफराज अहमद की अध्यक्षता में एवं माननीय विधायक जामताड़ा डॉ इरफान अंसारी, माननीय विधायक, कांके, श्री समरी लाल, माननीय विधायक खिजरी, श्री राजेश कच्छप की उपस्थिति में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के द्वारा विभिन्न विभागों के संबंध में उठाए गए प्रश्न की समीक्षा की गई। जिले में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, विशेष प्रमंडल समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। जिला, अनुमंडलों एवं अन्य सरकारी कार्यालय में विभिन्न पदों पर कार्यरत मानव बल किस एजेंसी अथवा आउटसोर्सिंग के तहत एवं कितने दिनों से कार्यरत है, कितना वेतन मिलता है, आउटसोर्सिंग के तहत स्थानीय को नौकरी को मिलती है कि नहीं, आदि बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि विधानसभा में सदस्यों के जो प्रश्न आते हैं और जिसका जवाब सरकार ने सदन के पटल पर दिया या जो सदस्य जवाब से संतुष्ट नहीं हैं या वैसे प्रश्न जिसका जवाब नहीं मिला, वैसे सभी प्रश्न समिति के पास आते हैं। प्रश्न एवं ध्यान आकर्षण समिति के सदस्य ने झारखंड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण से संबंधित विभिन्न विभागों के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान भवः पखवाड़ा के तहत आयुष्मान मेला, आयुष्मान आपके द्वार एवं आयुष्मान सभा के आयोजन में शत प्रतिशत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने, सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजन तक सुलभ कराने एवं योजनाओं का लाभ देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न फर्मों, आउटसोर्सिंग के तहत विभिन्न विभागों आदि में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं, शिक्षकों की नियुक्ति सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली एवं उचित दिशा निर्देश दिया। माननीय सभापति ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली, ससमय राशन वितरण सुनिश्चित करने, लोगों को सही वजन में खाद्यान्न देने के साथ ही संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान जंगल लगाने पर विशेष ध्यान देने एवं लोगों को वन पट्टा देने हेतु भी उचित दिशा निर्देश दिया।

# भाकपा ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी , नाला/जामताड़ा** । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से विभिन्न समस्याओं को लेकर नाला प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।मालूम हो कि इसके पूर्व मुकुंकुंडी स्थित आशीर्वाद हॉल से जोश और खरोश के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। मालूम हो कि इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई माल पहाड़िया के मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मालूम हो कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड श्यामलाल टुडू तथा तापस महतो ने की वहीं मंच का संचालन कॉमरेड गौर रवानी ने किया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से अपना विचार व्यक्त किया तथा स्थानीय समस्याओं को तथा वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष में सबों ने अपना अपना मंतव्य दिया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्य सदस्य तापस सिन्हा, छात्र नेता विक्रम सिंह,सुबोध महतो, कालीपद राय ,सुदन मुर्मू, जिला सहायक सचिव मिहिर मंडल, रत्नाकर माजी, गौतम कुमार खां, पशुपति कोल तथा जिला सचिव कन्हाई माल पहाड़िया ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लगातार 2 साल अनावृष्टि के कारण जामताड़ा जिला का अकाल जैसा स्थिति हो गया है , किसान का वैकल्पिक खेती की व्यवस्था किसी भी प्रकार नहीं है। जिले के अंदर अजय बराज योजना वर्षों से बना हुआ है लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण किसानों की खेती में पानी नहीं मिल रहा है मजदूर के हाथों में काम नहीं है, मजदूर काम करने के लिए दूसरे राज्य में पलायन कर रहे हैं इसके अलावा उन्होंने स्थानीय कई मुद्दों पर चर्चा की साथ ही कहा कि वर्तमान समय में अफसरशाही हावी है। कहा कि वर्तमान में जनता को सुख सुविधा नहीं मिल रही है, कार्यालय का लोग चक्कर काट रहे हैं परंतु उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है चारों ओर भ्रष्टाचार का आलम है। इस दौरान झारखंड सरकार मुख्यमंत्री के नाम पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें जामताड़ा जिला को अविलंब सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने साथ ही सभी किसानों को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत राशि दिए जाने एवं 2022 का बकाया राहत राशि का अविलंब भुगतान किया जाए तथा अजय बराज योजना कैनल पर विभागीय कड़ी निगरानी से नाला कुंडहीत में निर्मित कैनल के अंतिम छोर तक किसानों को खेतों में पानी देने की गारंटी किया जाए साथ ही किसानों का वैकल्पिक खेती करने का सारा सुविधा दिया जाए सहित 13 सूत्री मांग शामिल है।

## ख़ास ख़बर

### एनडीआरएफ की टीम दे रही आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**संवाददाता संतोष कुमार,उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वाहिनी के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने बलरामपुर जिले का सदर क्षेत्र दौरा किया है। इस दौरान, टीम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर आपदा जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न संसाधनों और सुरक्षा कार्यों को सशक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया है। टीम ने जिलाधिकारी श्री अरबिंद कुमार सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त किया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। इसके बाद प्रशिक्षित और अनुभवी टीम ने महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज (एम पी पी कॉलेज) में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन किया।

### पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियां 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु करें आवेदन

**उत्तर प्रदेश** । शासन के निर्देश के अनुपालन में पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 एवं निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण उ०प्र० लखनऊ के द्वारा द्वितीय चरण हेतु पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आनलाईन पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एम0पी0 सिंह द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु सम्बन्धित जनपदों में पूर्व में प्रथम चरण हेतु आवेदन किया गया था। वे 14.09.2023 से 20.09.2023 तक आनलाइन आवेदन कर उसकी प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन कक्ष सं0 220 में जमा कर सकते हैं।

### नगर के संभ्रांत वह सम्मानित लोगों से अपील लगवाए सीसीटीवी कैमरे अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर

**उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ गोष्ठी की गई । इस दौरान प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपराधों की रोकथाम हेतु व जनपद में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पेट्रोल पंप के मालिक, स्कूल,कालेज, धार्मिक स्थलों, जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा आपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई ।

### गोंडा.बहराइच .श्रावस्ती जिलों के विद्यार्थियों को मिलेगा राज्य विश्वविद्यालय का लाभ

**संवाददाता संतोष कुमार,उत्तर प्रदेश जनपद बलरामपुर** । के तहसील बलरामपुर सदर के ग्राम कोईलरा में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की सिद्धांतिक सहमति शासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा विशेष प्रयास किया गया। विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए निरंतर शासन से पत्राचार करते हुए भूमि के चयन से लेकर विभिन्न आपत्तियां एवं आख्या का निराकरण किया गया एवं लगातार शासन स्तर पर फॉलोअप करते रह गया। जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा तहसील सदर के ग्राम कोईलरा में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है।

### पुलिस ने नाबालिक से छेड़खानी के आरोप में वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**बलिया सिकंदरपुर** । स्थानी पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी के आप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है पुलिस को यह सफलता है एसपी बलिया एस आनंद के कुशल निदेशक में अपना दे मां अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षक व सीईओ सिकंदरपुर भूषण वर्मा के नेतृत्व में मिली है पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी दिनेश पाठक उपनिरीक्षक शिव मूर्ति तिवारी विनय चौधरी मदन कुमार के साथ शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक वारंटी की तलाश में थाना क्षेत्र के भ्रमण थे इस दौरान खास मुखबिर द्वारा उन्हें सूचना मिली की वांछित अभियुक्त ओमप्रकाश राजभर पुत्र सुग्रीव राजभर ग्राम कठौडा थाना स्थानीय कहीं जाने के दिए जमुई चट्टी पर खड़ा है ।

### तेज रफ्तार मैजिक ने स्कूटी को मारी जोरदार टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल



**सिकंदरपुर, बलिया** । स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बंशीबाजार चट्टी पर गुरुवार की अपराह्न बेल्थरारोड की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मैजिक ने एक स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पने लगा। जिसे देखकर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और घायल को अस्पताल पहुंचाया। मैजिक में इतनी जोरदार टक्कर थी, कि स्कूटी बुरी तरह क्षत्रिग्रस्त हो गया। घायल युवक हड़सर निवासी बताया जा रहा है।

# नदी में कूदकर नशेड़ी ने दी अपनी जान



**शिवपुर** । शिवपुर थानाक्षेत्र के पिसौर पुल से वरुणा नदी में बीते गुरुवार को दोपहर में एक नशेड़ी युवक नशे की हालत में कूद गया जिसको स्थानीय लोगो ने देखा तो मामले की सूचना परिजनों को दी जिसके बाद घर एवम ग्रामीणों ने वरुणा नदी में तैरकर काफी तलाश किए लेकिन देर रात्रि तक नहीं मिला जिसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी शिवपुर को दी,सूचना पर शिवपुर पुलिस और लोहता पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों से जाल पानी में डलवा करके काफी खोजबीन करवाई लेकिन कही देर शाम रात तक कही अतापता नहीं चल सका तब पुलिस ने मामले की जानकारी एनडीआरएफ को दी,सूचना पर मौके पर एनडीआरएफ आई और तीन घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद एनडीआरएफ ने शव को बाहर निकाला ,वही शव की पहचान धर्मराज पटेल पुत्र मिठाई पटेल निवासी छितौनी थाना लोहता जनपद वाराणसी के रूप में हुई जो शराब पीने का काफी आदी था जिसकी उम्र लगभग तीस वर्ष बताई गई ,मृतक अपने मां बाप का इकलौता था ,मृतक की शादी विवाह हुआ था लेकिन कोई संतान अभी पैदा नहीं हुआ था मृतक धर्मराज राजगीर मिस्त्री का काम किया करता था उसी के सहारे परिवार की रोजी रोटी चला करती थी वही मृतक की मौत पत्नी संजू देवी और मृतक की मां अमरावती देवी का रो रोकर बुरा स हाल हो गया था,वही मृतक के शव को शिवपुर पुलिस अपने कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

## जनपद को मिली बड़ी सौगात, राज्य विश्वविद्यालय निर्माण की मिली सहमति



**बलरामपुर** । जिला संवाददाता उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जनपद को बड़ी सौगात मिली है। जनपद के तहसील बलरामपुर सदर के ग्राम कोईलरा में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की सिद्धांतिक सहमति शासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। इसके लिए जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह द्वारा विशेष प्रयास किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए निरंतर शासन से पत्राचार करते हुए भूमि के चयन से लेकर विभिन्न आपत्तियां एवं आख्या का निराकरण किया गया एवं लगातार शासन स्तर पर फॉलोअप करते रह गया। जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा तहसील सदर के ग्राम कोईलरा में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। तहसील सदर के ग्राम कोईलरा गोंडा, श्रावस्ती एवं बहराइच के मध्य में स्थित है यहां पर राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण पर बलरामपुर के साथ-साथ गोंडा श्रावस्ती एवं बहराइच के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराया जाएगा।

## नगर के संभ्रांत वह सम्मानित लोगों से अपील लगवाए सीसीटीवी कैमरे



**संवाददाता संतोष कुमार दुबे उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ गोष्ठी की गई । इस दौरान प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपराधों की रोकथाम हेतु व जनपद में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पेट्रोल पंप के मालिक, स्कूल,कालेज, धार्मिक स्थलों, जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा आपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । थाना कोतवाली नगर के सम्मानित नागरिक त्रिनेत्रमित्र श्री आनंद मोहन पाठक नि0 मोहल्ला भंडार खाना पूरब टोला द्वारा आज दिनांक 14.09.23 को अपने घर के सामने चौराहे पर 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार* द्वारा सम्मानित किया गया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री बृजनन्दन राय*, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री विमलेश सिंह व सरवन कुमार मेवा लाल चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लागत रु0 50 लाख से अधिक की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से ज्यादा के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाती है, लेकिन देखा जा रहा है कि गुणवत्ता की जांच कार्यदाई संस्थाओं द्वारा उच्च स्तर के शिक्षा संस्थानों से नहीं कर जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की आईआईटी जैसी संस्थाओं से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यदाई संस्थाओं द्वारा उपभोग प्रमाण पत्र निर्धारित प्रोफार्मा पर समय से शासन में भेजा जाए जिससे कि दूसरी या तीसरी किस्त समय से प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभाग के निर्माण कार्यों की निगरानी एवं गुणवत्ता आदि का निरीक्षण करते रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मोहम्मद नासेह, अभिषेक त्यागी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी वह अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित उपस्थित थे।

### खेल कूद किट वितरण कार्यक्रम में 9 युवक एवं 12 महिला मंगल दलो को खेल-कूद किट किया गया प्रदान

**बलरामपुर** । जिलाधिकारी बलरामपुर श्री अरविंद सिंह के निर्देश के अनुपालन में आज युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग तथा जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी एवं विकास खण्ड, गैसड़ी ब्लाक प्रमुख श्री जगदम्बा सिंह उर्फ 'शक्तिसिंह की अध्यक्षता में तथा खण्ड विकास अधिकारी अवनीन्द्र पाण्डेय के और क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ज्ञान बाबु तिवारी के संयोजन में युवक एवम महिला मंगल दलो को खेल-कूद प्रोत्साहन किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खेल कूद किट वितरण कार्यक्रम में 9 युवक एवं 12 महिला मंगल दलो की खेल-कूद किट प्रदान किया गया। खेल-कूद किट वितरण करने के उपरान्त ब्लाक प्रमुख युवक एवं महिला मंगल दलो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओ के विकास के लिए चौमुखी योजनाएँ चला रही है जिसमें से खेल-कूद किट प्रदान करना भी शामिल है।

### रोडवेज बस में ज्यादा किराया लेना पड़ा भारी, यात्री ने कि शिकायत

**वाराणसी रोहनिया** । गुरुवार को रोडवेज बस से सफर करने वाले एक यात्री ने ज्यादा किराया वसूले जाने के संबंध संबंधित विभाग में शिकायत कर मुआवजा का दावा ठोकने की बात कही है। वाराणसी ग्रामीण क्षेत्र के बूढ़ापुर ग्राम के रहने वाले मानवाधिकार सी डबल्यू ए के जिला मंडल सचिव संजय कुमार यादव ने यूपी रोडवेज पर ज्यादा किराया वसूलने का आरोप लगया है. इसको लेकर संजय ने उपभोक्ता फोरम में अपील भी दायर कर दी है. इस अपील में परिवहन विभाग पर मुआवजा देने का शिकायत दायर किया गया है. परिवहन विभाग पर मुआवजे का दावा संजय कुमार यादव के मुताबिक वह गुरूवार को रामनगर से मोहनसराय रोडवेज बस से सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपना टिकट रामनगर से मोहन सराय तक का कटवाया परंतु परिवहन विभाग के कंडक्टर द्वारा अखरी बाईपास से ही गाड़ी को कैंट के लिए मोड़ लिया गया।

### पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियां सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना

**संवाददाता संतोष कुमार,उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । शासन के निर्देश के अनुपालन में पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 एवं निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण उ०प्र० लखनऊ के द्वारा द्वितीय चरण हेतु पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आनलाईन पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एम0पी0 सिंह द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु सम्बन्धित जनपदों में पूर्व में प्रथम चरण हेतु आवेदन किया गया था। पुनः द्वितीय चरण हेतु प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आनलाईन आवेदन किये जाने की तिथि 14 सितम्बर 2023 से 20 सितम्बर 2023 तक निर्धारित की गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाईट backwardwelfare.up.nic.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु दिशा-निर्देश/समय-सारणी वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी गयी है। पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु सम्बन्धित जनपदों में ऐसे बेरोजगार युवक/युवतियों जो कक्षा-12 पास हों।

### हिंदी दिवस पर स्थानीय नूर जहां मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया



**बलिया सिकंदरपुर** । हिंदी दिवस पर स्थानीय नूर जहां मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिस कॉलेज के मैनेजर इंचार्ज नजरलबारी व प्रधानाचार्य संतोष शर्मा सहित कई प्रधानाध्यापक को छात्रों ने हिस्सा लिया संगोष्ठी में शिक्षकों व छात्रों ने हिंदी को लेकर अपने विचार व्यक्त किया वक्ताओं ने कहा कि आज हम लोग अपने बच्चों को शिक्षा देने पर जोर दे रहे हैं शुरुआती दिनों से ही अपने बच्चों को ज्यादातर लोग अंग्रेजी माध्यम से पढ़ना शुरू कर देते हैं जबकि अपने देश में हिंदी का एक विशेष महत्व है अपना जीवन सजाने और संवारने में हिंदी का आम योगदान है दुनिया की सभी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त कर हम सभी आर्थिक रूप से संपन्न हो सकते है ।

### भाजपा के पूर्व विधायक संजय यादव को पार्टी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की दौड़ गई



**बलिया सिकंदरपुर** । वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक संजय यादव को पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है क्षेत्र के करमौता उनके आवास पर तो जश्न का माहौल है जिला अध्यक्ष पन्ने पर कार्यकर्ताओं द्वारा धारदार बनाया जाएगा भाजपा के संगठन को घर-घर पहुंचने का प्रयास जाएगा पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसे पर खडा उतरने का संभव प्रयास करूंगा आश्वासन कर सकता हूं कि आने वाला लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी सीटों पर अपने कार्यकर्ताओं के बलबूते विजय प्राप्त करेगी पहले भी कार्यकर्ताओं के लिए काम किया हूं और आगे भी उनका सम्मान और उन्हें के सहयोग के माध्यम से संगठन की मजबूती के लिए प्रयास करूंगा का की प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व को आधार साधुवाद की उन्होंने मुझे जैसे साधारण कार्यकर्ता पर विश्वास जताया है ।

कार्यक्रम | सरकार द्वारा युवाओ के विकास के लिए चौमुखी योजनाएँ चल रही है

## खेल कूद किट वितरण कार्यक्रम में 9 युवक एवं 12 महिला मंगल दलो को किया गया प्रदान



**जिला संवाददाता, के बी गुप्ता, बलरामपुर** । जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद सिंह के निर्देश के अनुपालन में आज युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग तथा जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी एवं विकास खण्ड, गैसड़ी ब्लाक प्रमुख जगदम्बा सिंह उर्फ 'शक्तिसिंह की अध्यक्षता में तथा खण्ड विकास अधिकारी अवनीन्द्र पाण्डेय के और क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ज्ञान बाबु तिवारी के संयोजन में युवक एवम महिला मंगल दलो को खेल-कूद प्रोत्साहन किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेल कूद किट वितरण कार्यक्रम में 9 युवक एवं 12 महिला मंगल दलो की खेल-कूद किट प्रदान किया गया। खेल-कूद किट वितरण करने के उपरान्त ब्लाक प्रमुख युवक एवं महिला मंगल दलो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओ के विकास के लिए चौमुखी योजनाएँ चला रही है जिसमें से खेल-कूद किट प्रदान करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, खेल मैदान बनने के उपरान्त इस मैदान का संचालन युवक एवं महिला मंगल दलो द्वारा किया जायेगा, वैसे युवक एवं महिला मंगल दलो का मुख्य कार्य पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने के साथ- साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है इस कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष जगदम्बा ठाकुर, राम केवल यादव जिला मंत्री, रीता शर्मा जिला उपाध्यक्ष, चन्द्र शेखर शर्मा उपाध्यक्ष, राजेन्द्र ओझा तथा पीआरडी जबान चन्द्रकेश्वर शुक्ल, सहदत अली, धर्मेन्द्र आदि उपास्थित रहे।

## निर्माण कार्यों की निगरानी एवं अनुश्र्रण करें संबंधित विभाग - जिलाधिकारी बलरामपुर




**संवाददाता संतोष कुमार, बलरामपुर** । जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से ज्यादा के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कुल 597 करोड़ रुपए की 85 निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाती है, लेकिन देखा जा रहा है उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की आईआईटी जैसी संस्थाओं से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यदाई संस्थाओं द्वारा उपभोग प्रमाण पत्र निर्धारित प्रोफार्मा पर समय से शासन में भेजा जाए जिससे कि दूसरी या तीसरी किस्त समय से प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभाग के निर्माण कार्यों की निगरानी एवं गुणवत्ता आदि का निरीक्षण करते रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मोहम्मद नासेह, अभिषेक त्यागी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी वह अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### चतुर्भुजवा में बर्बाद हुए फसल में दो सदस्यीय टीम का गठन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** प्रखंड ई किसान भवन में शुक्रवार को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में कृषि कर्मियों की एक बैठक की गई। बैठक के दौरान डीजल अनुदान से संबंधित आवेदनों के निष्पादन का पंचायतवार समीक्षा किया गया। प्रभारी कृषि पदाधिकारी ने कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकारों को निर्देश दिया कि पंचायतवार नील गाय का प्रतिवेदन तथा नीलगायों से प्रभावित होने वाली फसलों की रकबा का प्रतिवेदन कार्यालय को दें। उन्होंने कर्मियों को यह भी निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर प्रखंड अंतर्गत सभी बाग बगीचा का सर्वे कर रिपोर्ट कार्यालय को दे साथ ही पंचायतों में दलहनी, तेलहनी व मोटे अनाज के प्रयोग करने को लेकर किसानों को जागरूक करें। वही कृषि पदाधिकारी ने यह भी बताया कि बनवरिया पंचायत के चतुर्भुजवा में बर्बाद हुए फसल के मामले में दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम को सोमवार तक सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है।बैठक में नोडल श्रीकांत ठाकुर, लेखापाल नवीन कुमार, कृषि समन्वयक देवभद्र पांडेय, सौरभ कुमार, सुभाष मिश्र, गोपालजी प्रसाद, प्रह्लाद तिवारी, किसान सलाहकार रंजीत कुमार, सोनू कुमार, सैल्युकेश कुमार,आदि उपस्थित रहे।

### मुरली गाँव में तीन दिन से बिजली आपूर्ति ठप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** इन दिनों बिजली आपूर्ति व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। चाहे शहर हो या ग्रामीण सभी जगह के लोग अनियमित विधूत आपूर्ति से परेशान है।वही प्रखण्ड के सुगौली पंचायत अंतर्गत के मुरली गांव में विगत तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। इस भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति ठप होने से करीब दो हजार की आबादी प्रभावित है।इधर गुरुवार को बनवारिया पंचायत के सुगौली में भी करीब 7 घंटे बिजली गुल रही जिसको लेकर अजुवा के ग्रामीण शंकर गोंड, बलिराम चौधरी,बृजेश साह, आदि का कहना है कि जब भी वर्षा होती है, गांव में बिजली गुल हो जाती है। ऐसे में इस उमस भरी गर्मी में सभी का बुरा हाल है। बावजूद इसके विद्युत विभाग आपूर्ति व्यवस्था में सुधार को लेकर ठोस कदम नहीं उठा रहा। वही मुरली गाव की बात करे तो बुधवार को हल्की वर्षा होने के बाद से बिजली गुल हो गयी जो शुक्रवार तक नही दिखी। बिजली के प्रभावित होने से सबसे अधिक परेशानी बच्चों एवं बूढो को हो रही है। बिजली नही मिलने से बच्चों की पढ़ाई व वृद्ध मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही इस समस्या को लेकर जब विधूत विभाग के कनीय अभियंता सतेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि पावर कम मिलने के कारण रोटेशन के अनुसार विधूत आपूर्ति की जा रही है।वही मुरली में ट्रांसफार्मर की गड़बड़ी के चलते बिजली प्रभावित है। ट्रांसफार्मर बदलने के लिए विभागीय प्रक्रिया कर दी गई है। जल्दी हीं ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा।

### चोरी के समान के साथ अभियुक्त गिरफ्तार जेल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया।** साठी थाना क्षेत्र के भतौड़ा गांव से बुधवार 13 सितंबर की रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब छह टन, लोहे का छड़ चोरी कर लिया मामले में साठी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के महज 24 घंटे के अंदर बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है पुलिस चोरी के समान के करीब 17.50 क्विंटल छड के साथ अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में चोरी मे उपयोग ट्रैक्टर ट्राली को भी जप्त किया है इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि भतौड़ा निवासी छड़ सीमेंट व्यवसाई कन्हैया कुमार ने 14 सितंबर को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। अपने दिए गए आवेदन में कन्हैया ने बताया है कि 13 सितंबर बुधवार की रात अज्ञात चोरो द्वारा दुकान का ताला तोड़कर 60 क्विंटल लोहे का छड़ चोरी कर लिया गया है। आवेदन मिलते ही पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए गोपालपुर थाना क्षेत्र के नरकटिया वार्ड नंबर 11निवासी संदीप साह को चोरी किए गए 17 क्विंटल 50 किलो छड़ तथा उस में उपयोग किए गए आईचर ट्रेक्टर ट्रॉली एवं मोबाईल साहित अभियुक्त को गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है साथ ही इस घटना में उपयोग किए गए पल्सर मोटरसाईकिल एवं एक अन्य अप्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।अन्य लोहे की छड़ बरामद करने हेतु प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त गोपालपुर थाना कांड संख्या 132/12 का भी प्राथमिकी अभियुक्त रह चुका है इसका इसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष उदय कुमार के साथ दरोगा अरविंद कुमार सिंह, दरोगा जीतेंद्र कुमार, पीएसआई जैसल कुमार , आदि डीएपी के जवान शामिल रहे।

# स्थानीय युवाओं ने रोजगार देने की मांग पर जिंक के बाहर किया धरना प्रदर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर/राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर।** देबारी के समीप जिंक स्मेल्टर में हिंदुस्तान जिंक प्लांट के बाहर शुक्रवार को स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत भल्लो का गुड़ा के युवाओं ने मेनगेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया और कुराबड मार्ग को जाम करते हुए अपनी मांगो को जिंक प्रशासन के साथ—साथ स्थानीय प्रशासन तक पहुंचाने की कोशिश की। इस धरना प्रदर्शन में बड़ी तादाद में युवा पहुंचे। युवाओं सहित ग्रामीणों ने जिंक प्रशासन के खिलाफ हाय हाय के नारे भी लगाए। युवाओं ने बताया कि कई वर्षों से हिंदुस्तान जिंक के आसपास का पानी प्रदूषित हो चुका हैं। पानी खराब होने से अब खेतों की फसले भी खराब हो रही हैं और जमीनों के साथ—साथ हवाओं में भी प्रदूषण फैल रहा हैं। जमीनों के खराब होने से फसले नहीं हो पा रही हैं। इससे कई किसान बेरोजगार हो गए हैं। इसके चलते युवाओं ने जिंक प्रशासन से रोजगार देने की मांग की हैं। जमीनों सहित पूरे क्षेत्र में फैले प्रदूषण के बारे में कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इससे खासकर युवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। बड़ी संख्या में इकठ्ठा हुए ग्रामीणों सहित युवाओं ने 9 सूत्रीय मांगों को जिंक प्रशासन के पास पहुंचाकर उन्हें पूरी करने की मांग की। ग्राम पंचायत भल्लो का गुड़ा के ग्रामीणों की माने तो फैक्ट्री के आसपास के युवा तो बेरोजगार हैं वही दूसरी और बाहर से आकर यहां पर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के साथ जिंक प्रशासन ने शिक्षण व्यवस्था में 60 प्रतिशत दायरा तय कर रखा हैं उसमें बदलाव कर 50 प्रतिशत किया जाए। काफी देर तक प्रदर्शन के बाद जिंक प्रबंधन गेट पर आया और लोगों से बात की उसके बाद 21 लोगों की कमेटी में लंबी देर तक वार्ता चली और वार्ता में लिखित समझौता नहीं होने पर वार्ता विफल हो गई जिसके बाद सभी फिर से अनिश्चितकालीन करने पर बैठ गए। देर शाम तक भी सभी लोग जिंक गेट के बाहर धरने पर बैठे रहे। इस दौरान खेमराज पटेल ,मानाराम डांगी, दूदाराम डांगी, सरपंच मांगी मीणा कालूलाल डांगी, भंवरलाल डांगी, राजू डांगी,मुकेश पटेल, हितेश पटेल,घनश्याम सालवी ,शंकर डांगी सहित कई महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।




## विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत- पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणू देवी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** भाजपा कार्यालय बगहा में शुक्रवार को वाल्मीकिनगर विधानसभा कोर कमिटी की एक बैठक संपन्न की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा कि नीतीश कुमार ने जनता का विश्वास तोड़कर लोगों के विश्वास को ठेस पहुंचाई है। राज्य में अपराध अपनी चरम पर है।मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल मे भारत चांद पर भी झंडा फहराने में कामयाब हुआ है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मोदी सरकार 400 पार करेगी।साथ ही आज हम ब्रिटेन को पीछे कर अर्थव्यवस्था में पाचवे स्थान पर पहुँच गए है जो,कि पिछले पीएम मनमोहन सिंह बड़े अर्थशास्त्री थे और हम 11 वे स्थान पर थे।लेकिन अब हम आगे हो चुके है।वही G20 सफल को लेकर उन्होंने पीएम को धन्यवाद ज्ञापन किया।भारत जो पहले विश्व गुरु था आज फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।इस समय भारत की गिनती विश्व के महाशक्तिशाली संपन्न और विकसित देशों में की जा रही है।आज एक व्यक्ति जिसे हम प्रधानमंत्री मोदी के नाम से जानते हैं उसे हाराने के लिए सारी राजनीतिक पार्टियां एक हो चुकी हैं।पहले हम विश्व में मांगने के लिए आगे बढ़ते थे,आज हम विश्व में दूसरों को कुछ देने के लिए आगे बढ़ते है।यह फर्क है पूर्व की सरकारों में और मोदी सरकार मे।उन्होंने कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर भाजपा सरकार को मजबूत करने की अपील की।इस बैठक मे राज्यसभा सांसद सतीशचंद्र दुबे, भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह, रितु जयसवाल,हृदयानंद दुबे,विजय सिंह चंदेल,अमित कुमार समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विषाक्त भोजन से खाने से हुई दो बच्चों की मौत



**सुनील कुमार मिश्रा/दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान / उदयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि मावली क्षेत्र के वासनी कलां ग्रामपंचायत में एक परिवार के विषाक्त भोजन खाने से दो बच्चों की मौत हो गई एवं महिला और एक बच्चे की स्थिति गंभीर होने से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ बामनिया ने बताया कि वासनी कलां गांव में महिला ने सुबह खाना बनाया और पति को टिफिन बना कर दिया।वही खाना महिला एवं तीन बच्चों ने खाया।खाना खाने के बाद परिवार की तबीयत बिगड़ने लगी ।पेट दर्द और दस्त होने पर पति को सुचित किया तो पति पहले देवरे और पीर बावजी के वहां ले गया। फिर चिकित्सा विभाग को सूचना दी। पति के खाना नहीं खाने से वह स्वस्थ था।चिकित्सा विभाग से खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोहर सिंह यादव, बीपीएम हितेश, फतहनगर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ विजय अपनी टीम के साथ जांच कर सभी को उदयपुर महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय भेजकर जिला स्तर पर सूचित किया।एक बच्चे की उदयपुर लाते समय मावली में ही मृत्यु हो गई और एक बच्चे की उदयपुर में चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। परिवार के निजी चिकित्सालय में उपचार करवाने की इच्छा पर महिला और बच्चे को बेडवास स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है।

# ट्राली बैग के अंदर प्लास्टिक में लिपटा मिला अज्ञात युवती का शव, मची सनसनी, मौके पर पहुंचे एसपी

**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर, चंदौली/नौगढ़।** खबर जनपद चंदौली से है जहां नौगढ़ ब्लाक के चकरघट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनकुंआरी के समीप घने जंगल के बीचोबीच ट्राली बैग में एक अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम जांच – पड़ताल में जुट गई।हालांकि इस दौरान सोनभद्र पुलिस और चंदौली पुलिस के बीच बार्डर को लेकर ओहापोह की स्थिति बनी रही। चंदौली एसपी के निर्देश पर चकरघट्टा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। वहीं चंदौली एसपी डा अनिल कुमार खुद मौके पर पहुंच वास्तु स्तिथि की जानकारी में जुट गए हैं।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को धनकुंआरी के समीप घने जंगल के बीचोबीच ट्राली बैग के अंदर प्लास्टिक में लिपटा एक अज्ञात युवती का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाल रंग के ट्राली बैग को खोला तो उसमें अर्धनग्न अवस्था में साड़ी में लिपटी अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। अज्ञात युवती के बाएं हाथ पर सरिता – दीपक नाम गुदा हुआ है। हालांकि इस दौरान सोनभद्र जिले की रायपुर पुलिस और चकरघट्टा थाना पुलिस में सीमा को लेकर काफी ऊहापोह की स्थिति बनी रही। चंदौली एसपी के निर्देशन में मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारी गण के नेतृत्व में चकरघट्टा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। चंदौली एसपी डा अनिल कुमार कुछ समय पश्चात खुद मौके पर पहुंच वास्तु स्थिति का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बाबत एएसपी आपरेशन सुखराम भारती ने बताया कि चकरघट्टा थाना के धनकुआरी जंगल के समीप लाल रंग के ट्राली बैग से एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ है। पुलिस प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर जांच – पड़ताल में जुटी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।



### प्रदीप सिंह दुबारा बनाये गए भाजपा जिलाध्यक्ष



**जिला संवाददाता, बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लम्बे इंतजार के बाद जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी गई पार्टी ने प्रदेश भर में व्यापक परिवर्तन किया है लेकिन जनपद बलरामपुर में प्रदीप सिंह पर भरोसा जताते हुए पुनः भारतीय जनता पार्टी की कमान सौंपते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है घोषणा होते ही पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदीप सिंह को बधाई देना शुरू कर दिया पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने पार्टी कार्यालय पहुँच कर प्रदीप सिंह को बधाई दी वही सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला, पूर्व विधायक गैसंडी शैलेष कुमार सिंह शैलू सहित पार्टी के अन्य जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदीप सिंह को फोन के माध्यम से व मिलकर बधाई दी। प्रदीप सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते हुए जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन मैं निष्ठा पूर्वक करूँगा और संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूँगा

### एलबीएस पीजी कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष की छात्रा का चयन यूनियन बैंक में होने पर कॉलेज परिवार ने किया सम्मानित



**पीडीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर की 2023 में बी ए तृतीय वर्ष उत्तीर्ण छात्रा उमैमा नासरीन का चयन यूनियन बैंक की लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी स्टार यूनियन डाइची में सहायक प्रबंधक पद पर हुआ है ।उक्त छात्रा ने इसी वर्ष समाजशास्त्र व हिन्दी विषय के साथ तृतीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उदयन मिश्र, प्रो संजय पाण्डेय, प्रो राजीव कुमार, प्रो अजीत त्रिपाठी ने आज दिनांक 15 सितंबर को पुष्प गुच्छ देकर चयनित छात्रा का सम्मान किया । प्रो उदयन ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी और महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को संदेश दिया कि लगनशील छात्र छात्राओं को हमें अपना आदर्श बनाना चाहिए जिससे कि हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें ।

### मलखाचक गांव में एक तीन वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दरियापुर /सारण/नित्यानंद।** समीपवर्ती दिघवारा थाना क्षेत्र के बरुआ पंचायत के मलखाचक गांव के वार्ड 05 के अनुसूचित टोला पूर्वी मुहल्ला में गुरुवार को एक तीन वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है हालांकि इस मामले में कोई भी कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है.पीड़ित बच्ची इसी गांव के दलित मोहल्ले की निवासी है.घटना देर शाम की है.पुलिस ने घटना की पुष्टि की है. मिली जानकारी के मुताबिक मलखाचक गांव में तीन वर्षीया बच्ची के साथ उसी गांव के अशोक मांझी(40 वर्ष) ने घर के सामने फल के बागान में ले जाकर गलत नियत से दुष्कर्म किया.यह बात क्षेत्र में फैलने से सनसनी फैल गई एवं इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखा गया. बाद में दिघवारा पुलिस ने इस घटना के संबंध में उसी गांव के अशोक मांझी को हिरासत में लिया है. पीड़ित बच्ची को पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य दिघवारा पहुंचाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया और उसे बेहतर जांच के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया.इस मामले में पुलिस भी कुछ बोलने से परहेज कर रही थी. समाचार प्रेषण तक थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी.

### डॉक्टर की लापरवाही से महिला की हालत बिगड़ी, दी तहरीर

**चहनियां।चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां कस्बा में समाधान हॉस्पिटल के डॉक्टर की लापरवाही से महिला की हालत बिगड़ गयी । ऑपरेशन के नाम पर रुपये ऐंठ कर डिस्चार्ज कर दिया । परिजन महिला को लेकर वाराणसी हॉस्पिटल में भागे । परिजनों ने हॉस्पिटल के संचालक के खिलाफ बलुआ थाने में लिखित तहरीर दी है । पहले भी उपजिलाधिकारी के द्वारा छापा मारने से हॉस्पिटल संचालक फरार हो चुका है । डेरवा खुर्द गांव के रहने वाले पुष्कर पुत्र मांधाता प्रसाद अपनी भाभी सुप्रिया देवी को चहनियां स्थित समाधान हॉस्पिटल में बीते 10 अगस्त 23 को भर्ती कराया था । पीड़ित पुष्कर का आरोप है कि डॉक्टर लक्ष्मन प्रसाद ने डिलेवरी का ऑपरेशन किया । आठ दिन अपने यहां भर्ती किया । फिर 20 हजार रुपये लेकर डिस्चार्ज कर दिया । दो दिन बाद भाभी को ब्लीडिंग शुरू हो गया । मैं पुनः हॉस्पिटल में लेकर गया । जहाँ डॉक्टर ने ब्लड चेकिंग व पानी चढ़ाने के नाम पर फिर 3 हजार रुपये लिये । जबकि कोई जांच नही किये । पानी चढ़ाकर डिस्चार्ज कर दिया । दस दिन बाद फिर ब्लीडिंग हुई तो मैं डॉक्टर लक्ष्मन के पास गया । जो मुझे वाराणसी एक हॉस्पिटल में जाने के लिए बोले । मैं इनके बताये हॉस्पिटल में गया । वहां इलाज के नाम पर 80 हजार रुपये लिए । हालत और बिगड़ गयी । फिर मैं भाभी को दूसरे हॉस्पिटल में भर्ती कराया । जहाँ इलाज के बाद कुछ सुधार है । जब मैं समाधान हॉस्पिटल में फोन किया तो डॉक्टर सीधे बोले कि मुझसे कोई मतलब नही है । मैंने बलुआ थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है । ग्रामीण इलाकों में ऐसे डॉक्टरों के कारण गरीबो का शोषण हो रहा है ।

**आयोजन** — रत्नप्पा कुम्भार के जयंती के अवसर पर जिला स्कूल मैदान में आयोजित किया गया

# मिट्टी को आकार देने वाले प्रजापति समाज भाजपा सरकार को आकार देकर करें प्राण प्रतिष्ठाः सम्राट चौधरी

**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** संविधान सभा के सदस्य महान देशभक्त रत्नप्पा कुम्भार के जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रजापति समाज के द्वारा जिला स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन,नीरज कुमार सिंह बबलू, नगर निगम के महापौर बैन प्रिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा, प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष राम अवतार पंडित, भाजपा जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, प्रजापति समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शीला पंडित एवं जज सामंत प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।भाजपा जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को मंत्री नीरज कुमार बबलू डॉक्टर आलोक रंजन महापौर बैन प्रिया सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।वही कार्यक्रम के संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत पाग चादर देकर किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि संविधान सभा सचिव रत्नप्पा कुम्हार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के साथ कंधे से कंधे मिलाकर सभी वर्गों के लिए संविधान तथा कानून बनाया। लेकिन कांग्रेस ने उसे संविधान की हत्या करते हुए जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू करते हुए दलित पीड़ित शोषित एवं पिछड़ों के अधिकार से वंचित कर दिया गया। लेकिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर को देश की मुख्य धारा में शामिल किया। उन्होंने कहा कि विगत 33 बरसों से बिहार में दो ही आदमी की सरकार का शासन रहा है लेकिन बिहार में गुंडागर्दी एवं अपराध समाप्त नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा और ना ही किसी की गुंडागर्दी चलेगी।उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बिहार के अपराधी या तो नेपाल भाग जाएंगे या उन्हें ऊपर भेज दिया जाएगा। बिहार को विकसित राज बनाना है तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार को अपना पूर्ण बहुमत लेने का काम करें। प्रजापति समाज से आग्रह है कि वह जिस प्रकार मिट्टी को आकार प्रदान कर उसमें प्राण प्रतिष्ठा के साथ जीवंत बनाया जाता है। ठीक उसी प्रकार प्रजापति समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी को शक्ति प्रदान करें ताकि इस समाज को मजबूती के समान साथ समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। श्री चौधरी ने कहा कि मेरे सर पर बंधा मूरैठा मजदूरी का प्रतीक है। और मैं आप लोगों से वादा करता हूं कि जब तक नीतीश सरकार को कुर्सी से हटाकर उखाड़ नहीं फेंकेंगे तब तक यह मुरैठा मेरे सर पर बना रहेगा।



## जन सुराज के पदयात्रा को सफल बनाने हेतु चलाया जा रहा है सघन जनसंपर्क और मधुबनी शहरऔर गांव के जनता का मिलरहा है भरपूर सहयोग - मंजूर आलम

**मधुबनी संवाददाता, मधुबनी।** बिस्फी विधानसभा जन सुराज सेवक मंजूर आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आदरणीय प्रशांत किशोर जी का पदयात्रा मधुबनी मे अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में आने वाला है और पदयात्रा को सफल करने हेतु शहर और गाँव में जगह जगह जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में बेनीपट्टी विधानसभा के अम्बेदकर चाक पर एक मीटिंग के आयोजन में लोगों को जन सुराज के उद्देश्यों को विस्तृत रूप से बताया गया और कहा कि जन सुराज को समर्थन करने के लिए सभी लोगों का आभार प्रकट करता हूँ निश्चित रूप से जन जन के समर्थन से ही जन सुराज अपने प्रगति पथ पर अग्रसारित होता रहेगा और फिर एक दिन बिहार जन सुराज मय होगा।जनता की सरकार होगीऔर बिहार एक बार गौरवशाली अतीत को पुनः वापस प्राप्त करेगा। जन सुराज का वादा है जहाँ बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा, भूमिहीन को अपना भूमि होगा, मजदूरी के लिए अन्य राज्यों में पलायन करने हेतु विवश् युवाओं को अपने पंचायत प्रखण्ड में रोजगार मिलेगा, किसानों को लाभप्रद खेती हेतु उत्तम प्रशिक्षण और सामग्रीअपने पंचायत प्रखण्ड में ही दिया जाएगा, खेती करने हेतु जमीन दिया जाएगा, शुलभ बाजार की व्यवस्था किया जाएगा, किसानों के खुशहाली के लिए उत्तम व्यवस्था किया जाएगा, उत्तम उर्वरक की व्यवस्था किया जाएगा, वृद्धों के चेहरे पर मुस्कान लाने हेतु योजनाओं को धरातल पर लाया जाएगा,शिक्षा में व्यापक सुधार किया जाएगा, तकनीकी शिक्षा पर जोड़ दिया जाएगा जिस से बच्चों को पढाई करने के बाद रोजगार पाने हेतु दर दर की ठोकर न खाना पड़े, सभी तरह के लोगों के विकास के लिए समूचित व्यवस्था किया जाएगा। इस लिए हम सभी को प्रयास करना होगा कि अब की बार जन सुराज सरकार। आप सभी से आग्रह है कि अपने परिचित अपने दोस्त अपने रिश्तेदारों को समक्ष जन सुराज के उद्देश्यों पर चर्चा अवश्य करें और उन सभी को जन सुराज के जन संपर्क से जोड़े, हम सभी लोगों के द्वारा अगर पांच- पांच व्यक्तियों को जन सुराज में जोड़ा जाता है और फिर वो लोग पांच पांच लोगों को जोड़ते हैं तो निश्चित रूप से पूरा बिहार जन सुराज मय हो जाएगा। आइए हम सब मिलकर सामूहिक प्रयास करते हैं।



## ख़ास ख़बर

### कटिहार पुलिस को उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर देकर किया गया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** कटिहार जिले में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, अपराधिक घटनाओं का उद्भेदन करने सहित कई अन्य कार्य को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में आईजी सुरेश कुमार चौधरी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के पश्चात आईजी सुरेश कुमार चौधरी मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आज के दिन डीएसपी से लेकर चौकीदार के पद पर कार्यरत पुलिसकर्मी जिन्होंने काफी अच्छा काम किया है। उन सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कटिहार जिले में काफी अपराध की घटनाएं होती थी। लेकिन वर्तमान समय में अपराधी घटनाओं पर काफी अंकुश लगा है और जितने भी अपराधी घटनाएं हो रही है। कटिहार पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका उद्भेदन करते हैं और इसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजते हैं। उन्होंने दो तीन माह में हुए कांडों के सफल उद्भेदन का भी उल्लेख किया। सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश, बारसोई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रेमनाथ राम, नगर थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, सहायक थाना अध्यक्ष रूपक रंजन सिंह सहित जिले के अलग-अलग स्थान के अध्यक्ष सहित पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### महामहिम ने रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष को भेजा सम्मान पत्र



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** देश , प्रदेश व जनपद की सेवा में समर्पित रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष जशपाल सिंह सलूजा को महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन महोदया की तरफ से किया गया सम्मानित। कमिश्नर देवी पाटन मण्डल व ज़िलाधिकारी गोण्डा/ अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा भेजे गये सम्मान प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। आयुष्मान भारत के तहत तहत जिले के जिन सदस्यों ने टी बी से ग्रसित बच्चों को गोद लिया था। उन सभी सदस्यों को मिला प्रसस्ति पत्र जिस सम्मान के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी जिला उपाध्यक्ष ने पूरा श्रेय माता पिता को दिया और बताया कि उनके स्मृति में बनाई संस्था ज्ञान कश्मीर मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा कुछ बच्चों को गोद लिया था । संयोग वश मेरे बाबू जी स्वर्गीय सरदार कश्मीर सिंह सलूजा की वास्तविक जन्म जयंती पर मुझे यह सम्मान कमिश्नर व जिलाधिकारी द्वारा सदस्यों की मौजूदगी में सम्मानित किया गया जिसकी सूचना पाते ही झूम उठे समर्थक और कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव,के बीच सिंह, शेर बहादुर सिंह, अजेय विक्रम सिंह, अतुल श्रीवास्तव अफजल, हाकिम अली ,सुदीप ने दी ढेरों शुभकामनाएं।

### बच्चो की सुरक्षा के लिए साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन



**वाराणसी।** बच्चों को सुरक्षित रखने और यौन शोषण से सतर्क रहने के लिए जरूरी बातों का ज्ञान करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट और महिला सुरक्षा पर कार्य कर रही संस्था रेड ब्रिगेड ट्रस्ट के तत्वावधान में सरकारी स्कूलों में सप्ताह व्यापी कार्यशाला का आयोजन किया गया है।इस,दौरान राजवारी और धौरहरा संकुल के सात विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए गुड टच बैड टच (अच्छा स्पर्श बुरा स्पर्श) और कक्षा 6 से 8 की बालिकाओं के लिए संकटकाल में आत्मरक्षा के टिप्स बताए जा रहे हैं। इस दौरान लघु,फिल्म, कार्टून, खेल, गीत, पोस्टर आदि के माध्यम से बच्चों मुसीबत के समय चाइल्ड लाइन से सम्पर्क करने के बारे में सचेत किया जा रहा है। आत्म सुरक्षा संबंधी पोस्टर और स्टिकर बच्चों को दिए गए।शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ करते हुए रेड ब्रिगेड के संयोजक अजय पटेल ने बताया कि दुनिया में यौन शोषण के सबसे ज्यादा शिकार बच्चे भारत में पाए जाते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2021 में बच्चो के खिलाफ अपराध के 149404 मामले दर्ज किये गए,इनमे,से 53874 मामले पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुए है।यह सिर्फ दर्ज आंकड़े है जबकि सभी को मालूम है कि देश में अधिकांश मामले परिवार द्वारा दर्ज नहीं कराये जाते है। आधा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने बताया कि यौन दुर्व्यवहार केवल लडकियों का ही नही होता वरन लडके भी इसके शिकार हो जाते हैं और धीरे धीरे मानसिक रूप से बीमार होते रहते है जो बड़े होने पर किसी भी यौन हिंसा के समय वे चुप रहना बेहतर समझते है और आसानी से यौन हिंसा की शिकार होते रहते है।कार्यक्रम के आयोजन में प्रशिक्षिका सुष्मिता भारती, दिव्या पाण्डेय और महबिस सहित दीन दयाल सिंह, प्रदीप सिंह, सौरभ, बृजेश कुमार, रामजनम आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# यातायात जाम से निजात हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी के स्तर पर बनाएं समिति



**किशनगंज, ( अली रेजा सिद्दिकी)।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा करते हुए प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने यातायात नियमों को कड़ाई से पालन ,वाहनों पर स्पीड गवर्नर ,ओवरलोडिंग, सेफ ड्राइविंग प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध पार्किंग करने पर टोटो, टेंपू इत्यादि के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के निमित यातायात व्यवस्था और दुर्घटना को कम करने पर गहन समीक्षा हुई। समीक्षा के क्रम में हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के मामले में पूर्व में प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी, किशनगंज अरुण कुमार के द्वारा बताया गया कि हिट और रन केस में मृतक को 2 लाख देने का प्रावधान है। इसके लिए थाना में दर्ज प्राथमिकी की प्रति एवं पोस्टमाटम रिपोर्ट के साथ जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन जमा कर दावा किया जा सकता है। हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के मामले में कुल 20 आवेदन प्राप्त थे , अबतक कुल 09 मृतक के आश्रितों को भुगतान हेतु प्रस्ताव जनरल इंश्योरेंस काउंसिल, मुंबई को भेजा जा चुका है, जिसमे 04 को मुआवजा प्राप्त हो गया है। वीर कुंवर सिंह बस स्टैंड,किशनगंज में हो रहे ऑटो के बेतरतीब पार्किंग के लिए समाहरणालय से खगड़ा तक लगातार गहन जाँच अभियान चलाए जाने तथा केलटैक्स चौक से गांधी चौक तक वन वे किये जाने पर निर्देश दिए गए। गाँधी चौक से धर्मगंज तक वन वे किये जाने पर सहमति हुई। शहर के फल चौक का अतिक्रमण हटाने और ओवर ब्रिज के नीचे में अस्थाई दुकान को शिफ्ट करने का निदेश दिया गया है । वीर कुँवर सिंह बस स्टैंड की सफाई हेतु नगर परिषद किशनगंज के कार्यपालक पदाधिकारी को औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया ताकि ठीक ढंग से सफाई हो सके एवं कूड़ा वाले स्थान को सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने का निदेश दिया गया। जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र में बेहतर यातायात परिचालन हेतु दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन का मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत चेकिंग कर शमन की राशि वसूली का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों के विरुद्ध यथा हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, चालक अनुज्ञप्ति, अव्यस्क युवाओं द्वारा तेज गति के वाहन चलाना आदि की जांच करने एवं शमन की वसूली करने हेतु निदेशित किया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में थानाध्यक्षों द्वारा सघन चेकिंग तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी निर्देश को दिया गया। बैठक में डीटीओ, पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय) तथा संबंधित विभाग के अभियंता व पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित रहे।

## बच्चा पासवान के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी हो, स्पीडी ट्रायल चले



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** नगर के महात्मा फुले शिक्षण संस्थान में आयोजित भारतीय दलित साहित्य अकादमी की महत्वपूर्ण बैठक में तेजी से उभरते नेता बच्चा पासवान की हत्या की निंदा की गई तथा हत्यारो की अविलंब गिरफ्तारी एवं स्पीडी ट्रायल मुकदमा चला कर सजा देने की मांग की गई । महिला सेल की जिलाध्यक्ष अलीशा सिंनहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दलित साहित्य अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष जागाराम शास्त्री ने कहा कि अपराधियों का मनोबल ऊंचा है, न्याय में विलंब होना मुख्य कारण है। बैठक में श्रीराम पासवान , हीरामुनि पासवान ने हत्या की तीव्र निंदा की। जागाराम शास्त्री ने कहा कि आदापुर स्थित श्यामपुर में युवा सम्राट बच्चा पासवान के निर्मम हत्या के शिकार हो जाने पर उनके परिवार से मिलकर दुख की घड़ी में मैने आश्वासन दिया तथा जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से पचास लाख रुपए परिजनों को देने के साथ साथ परिवार के 1 सदस्य को सरकारी नौकरी देने की की मांग की है । उन्होंने बैठक में यह भी कहा कि अगर अविलंब मृतक परिवार को राहत नहीं दिलाई गई तो दलित साहित्य अकादमी बड़ा आंदोलन आरंभ करेगा।

## कचड़ा मुक्त अभियान चलाया गया



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** आज दिनांक 15 सितंबर 2023 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वेब कास्टिंग के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का मुख्य बिंदु कचरा मुक्त भारत बनाना है। जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के इस पाक्षिक अभियान स्वच्छता ही सेवा के संबंध में उप विकास आयुक्त ने जानकारी दी कि इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाना है। यह विशाल सामुदायिक सक्रियता का व्यापक अभियान पुराने अपशिष्ट की सफाई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की गतिविधि के लिए है। वहीं, इस संबंध में जिला जल स्वच्छता समिति के जिला समन्वयक शंकर शंभू ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जन समुदाय की सक्रियता और भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बताया कि इसे एक जन आंदोलन का रूप देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसके तहत निर्धारित रोस्टर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों की जाएंगी।

## 25 वर्ष पूर्व मोतिहारी के बेलीसराय में खुली ब्रह्माकुमारी के प्रथम सेवा केंद्र का विस्तार दर्जनों सेवा केंद्र के रूप में हुआ



**मोतिहारी, बीके अशोक वर्मा।** 25 वर्ष पूर्व बीके वीरेंद्र भाई एवं बीके आशा माता ने नगर के बेली सराय में ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र के लिए एक कमरा दिया था बीके पूणय देव भाई के यहां चल रहे टेंपरेरी सेवा केंद्र का हस्तांतरण वीके वीरेंद्र भाई के आवास पर हुआ । उन्होंने न सिर्फ अपना कमरा दिया बल्कि टीचर बहन को रहने तथा क्लास चलाने की पूरी व्यवस्था भी दी । वर्तमान समय नगर में पांच सेवा केंद्र कार्यरत है-- श्री कृष्णा नगर, हेनरी बाजार , बनियापट्टी ,पतौरा एवं बाल गंगा । इसके अलांवा केसरिया ,गायघाट,अरेराज, हरसिद्धि, चिरैया ,ढाका ,चकिया रक्सौल छौडादानो , घोड़ासहन,सीकटिया, रमगढ़वा ,सुगौली, पकडीदयाल,नरकटिया बहास ,संग्रामपुर ,केसरिया,गोडासेमरा में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र कार्यरत है कई सेवा केंद्र पर टीचर बहने हैं तो कई सेवा केंद्र और बीके पाठशाला भाईयों द्वारा चलाया जा रहा है ।आज 25 वर्ष के उपलक्ष में यह पोस्ट मै डाल रहा हूं क्योंकि परमात्मा के कार्य को सभी भाई-बहन आगे बढ़ा रहे हैं । लोगों के मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि इतने सेवा केंद्र खुलने से लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?इस बाबत यहां के जो संस्थापक भाई बहन बी के बीरेंद्र भाई आशा माता एवं पूणय देव भाई का नाम आता है ,उन लोगों ने बताया कि आज जिले के हजारों लोगों का जीवन बदल चुका है। संस्था से जुड़े हुए सभी भाई-बहन शुद्ध शाकाहारी बिना लहसुन प्याज का भोजन लेते हैं ।कोई भी गलत कार्य नहीं करते हैं ,संयमित जीवन है तथा सभी के प्रति उनमे सकारात्मक सोच हैं। यही कारण है कि ब्रह्माकुमारी संस्था से जुडे लोगों के चेहरे पर हमेशा मुस्कुराहट रहती है ।इस संस्था से जुड़े हुए जो लोग हैं कोई भी व्यसन का कारोबार नहीं करते है। किसी तरह का गलत कार्य भी नहीं करते है। पुरुषोत्तम संगम युग अब समापन पर है ।100 बरस का युग बिल्कुल अंतिम स्टेज में है ।और 10 /12 वर्ष के बाद भारत की भूमि पर देवी देवताओं का जन्म शुरू हो जाएगा। मोतिहारी में जब पहली बार सेवा केंद्र आरंभ हुआ था तो बहुतो ने इसका मजाक भी उड़ाया था आज देश की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ब्रह्माकुमारी है। लोगों ने इस बात का एहसास किया है कि जिस कार्य को स्वयं परमात्मा ने आरंभ किया उसको भला कौन रोक सकता है ।अनेक उतार चढाव को झेलते हुए ब्रह्माकुमारीज द्वारा मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का कार्य88वर्षो से चल रहा है। यह संस्था परमात्मा द्वारा स्थापित ईश्वरीय विश्वविद्यालय है जहां गोडली एजुकेशन दिया जाता है। जाति, धर्म ,लिंग भेद के संकीर्णता से यह संसथा काफी ऊपर है।यहां ईश्वरीय पढ़ाई एवं सहज राजयोग के माध्यम से आत्मा को सशक्त किया जा रहा है। संस्था के बीस प्रभागो के द्वारा स्पिरिचुअल एंपावरमेंट का कार्य हो रहा है।

### उधवा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का हुआ सुभारंभ, स्कूली बच्चे और लोगों ने ली स्वच्छता की शापत



**संवाददाता, अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आदेशानुसार उधवा प्रखण्ड क्षेत्रों में शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा 2023 पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई। जानकारी के अनुसार 15 सितंबर से गांधी जयंती यानी 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2023 पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। वही इसी क्रम में प्रखण्ड के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत यूपीएस तैमूर टोला, यूपीएस इंतियाज टोला व कादिर टोला स्कूल में मुखिया नफीसा खातून के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान मुखिया नफीसा खातून ने स्कूल के छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत इस साल के स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है और इसके केंद्र में है संपूर्ण स्वच्छ गांव तथा साफ-सफाई को प्रत्येक व्यक्ति की जीवनशैली बनाना। इस साल के अभियान में स्वच्छता के लिए श्रमदान सबसे बड़ा आधार है और कोशिश पूरे देश में सफाई का ऐसा वातावरण बनाना है कि स्वच्छता स्पष्ट रूप से नजर भी आए।

### पंचायती राज, संविधान, त्रिस्तरीय पंचायत आदि को लेकर वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**संवाददाता, अब्दूल वहाब, उधवा। साहिबगंज।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को सभी वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार उत्तर सरफराजगंज, कटहलबाड़ी व मोहनपुर पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बताया की प्रखंड के सभी 26 पंचायत के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण पंचायत वार किया जाएगा। साथ ही कहा कि शुक्रवार को उत्तर सरफराजगंज, कटहलबाड़ी व मोहनपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में पंचायत राज अधिनियम, संविधान, त्रिस्तरीय पंचायत सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। जहां प्रशिक्षक प्रभात कुमार ने विषयवार बिंदूवार सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया।

### मारपीट कर रूपए छिनतई मामले को लेकर 4 लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**संवाददाता, अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पूर्वी प्राणपुर पंचायत अंतर्गत मोर्तुज टोला गांव के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर रुपए छीनने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित सद्दाम शेख ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि पश्चिमी प्राणपुर के गोलढाब में कुछ लोगों के द्वारा प्रशासनिक अनुमति के बिना मेले में कथित रूप से अश्लील डांस कराए जाने पर थाना में कई नामजद व अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उक्त घटना के संदेश में रात करीब 9:45 बजे चार लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। गांव के ही नबी शेख, नजरूल शेख, नाजीर शेख व हाबिल शेख हारवे हथियार से लैस होकर उसके साथ मारपीट किया। नबी शेख ने अपने लोगों को जान से मारने का आदेश दिया।तभी आदेश पाते ही हाबिल शेख पिस्तौल के बट से उसके सिर पर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही नजरूल शेख भी ईंट से उसके सिर में मार दिया। उक्त आरोपित ने उसके कमीज के पॉकेट से 15 हजार रूपये निकाल लिया।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना में बड़ी धांधली, वार्ड अध्यक्ष वार्ड सचिव पर होगी प्राथमिक की दर्ज

**दरभंगा।** सदर के कंसी पंचायत में सुशासन बाबू के नाम से प्रख्यात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अति महत्वाकांक्षी योजना "मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना" के अंतर्गत बिना कार्य के ही पूरी राशि निकाल ली गई जो की सरकार के सुशासन वाली छवि पर एक सवालिया निशान उठाता है। इतना ही नहीं बीपीआरओ के नोटिस के बावजूद भी वह राशि जमा नहीं कराई गई। शायद एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी इसी को कहते हैं। बताते चलें कि प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार के अनुसार निर्देशित किया गया है कि "मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण योजना" के मार्गदर्शिका में अग्रिम राशि देने का कोई प्रावधान नहीं है और इस प्रकार अग्रिम राशि देना सरकारी राशि के गबन का दृष्टांत है। ऐसा ही एक मामला दरभंगा में सामने आया है जिसमें "नल-जल योजना" से संबंधित राशि की निकासी कार्य हुए बिना ही की गई। जब यह घटना बीपीआरओ भारत भूषण गुप्ता के नजर में आई और उन्होंने जांच किया तो इसको सही पाया अतः उन्होंने नोटिस भेज कर तत्कालीन वार्ड एक का अध्यक्ष विनोद सहनी की पत्नी मीना देवी, एवं वार्ड सचिव जवाहर महतो,वार्ड छः के वार्ड अध्यक्ष नवल ठाकुर के पत्नी बेबी देवी वहीं सचिव विनोद कुमार सिंह,वही वार्ड 15 के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान, सचिव दिनेश कुमार भारती को निकाली गई राशि जमा करने का नोटिस दिया परंतु उन्होंने इसके बावजूद भी ना तो कार्य किया ना ही राशि लौटायी जिसको देखते हुए भारत भूषण गुप्ता ने पंचायत सचिव नवल कुमार को आदेशित किया है की तीनों वार्ड के राशि के साथ छेड़खानी और निकासी हुई है इसमें सम्मिलित सभी लोगों को चिन्हित करके उन पर प्राथमिक की दर्ज करे। बताते चलें कि निकल गई राशि 22 लाख से ऊपर की है। यह कोई नई घटना नहीं है इस तरीके की घटनाएं बिहार में आए दिन होती रहती है और खबर बनती ही रहती है परंतु सरकार इस पर काबू पाने में पूरी तरीके से नाकाम है साथ ही ऐसा नियम बनाने में अक्षम है जो इस तरीके की घटनाओं को रोक सके। इस पर लगाम तभी लगाया जा सकता है जब सरकार की मंशा साफ हो और घोटाला-गबन करने वालों को सख्त-सख्त सजा का प्रावधान हो।

कार्यक्रम | मोतिहारी के स्टेशन चौक स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने एक माह तक चलाया "चलो स्वतंत्रता सेनानी द्वार" कार्यक्रम



**मोतिहारी -सुगौली अशोक कुमार वर्मा/ एमके पांडेय।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरंभ किये कार्यक्रम चलो स्वतंत्रता सेनानी द्वार का समापन शुक्रवार को सुगौली मे हुआ। यात्रा दल में शामिल सभी सेनानी उत्तराधिकारियों ने मोतिहारी के स्टेशन चौक स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया कि स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस समता मूलक राष्ट्र की कल्पना की थी हम उसे पूरा करेंगे, यही हमारी सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यात्री दल ने सुगौली क्षेत्र के विभिन्न सेनानी परिवार के द्वार पर पहुंचकर उत्तराधिकारियों से मिले। वहां सेनानी के चित्र पर यात्री दल के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया साथ-साथ उनके वंशजों को भी माला पहनकर सम्मानित किया। यात्री दल द्वारा स्वतंत्रता सेनानी परिवार की स्थिति का भी आकलन कर उसे लिपिबद्ध किया गया। जिस परिवार में टीम के सदस्य गए उनमें छपरा बहास के सेनानी अयोध्या साह, भूटेली झा,सुगांव के किशुन देव ठाकुर, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, छपरा डुमरी टोला के धरीक्षण सहनी ,सरयुग सहनी,विपट सहनी रामा सहनी, सिवान सहनी, रामवृक्ष सहनी पजीअरवा के रामस्वरूप यादव देवदतवा आदि है । भ्रमण के बाद टीम के सदस्य सुगौली स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया उसके बाद प्रेस कांफ्रेंस मे दल का नेतृत्व करता श्रीकिशोर पांडे ने यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस देश में स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान हुआ है वह देश में निरंतर ऊंचाई के बुलंदियों तक पहुंचा है। हमारे सेनानियों ने बिना स्वार्थ और भेदभाव के अपना जीवन को राष्ट्र के लिए कुर्बान कर दिया। इस बात पर सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने गंभीरता से मंथन किया और आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर हम लोगों ने इस कार्यक्रम को चलकर जिले के विभिन्न अनुमंडलों में सेनानियों के द्वार पर पहुंचे और सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके वंशजों को भी सम्मानित किया । यात्रा दल में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्रीकिशोर पांडे ,प्रदेश सचिव अशोक वर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमीता निधि ,मेघना मिश्रा ,संजय सत्यार्थी, श्री गुप्ता ,किशोरी प्रसाद एवं अन्य थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीकिशोर पांडे ने कहा कि अभियान में शामिल सभी सदस्यों ने जिले के विभिन्न अनुमंडलो में भ्रमण कर अधिक से अधिक स्वतंत्रता सेनानी के द्वार पर जाने का प्रयत्न किया।

## भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन से संबंधित मामलों पर बैठक



**किशनगंज। (अली रेजा सिद्दिकी)।** किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किशनगंज जिला अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन से संबंधित मामलों पर बैठक आहूत की गई। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक ग्रामीणों के बसाव के कारण सीमा पर तस्करी / अवैध गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से रोकथाम लगाने का निदेश दिया गया तथा साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में डिफेंसिव विलेज को डेवलप करने की योजना और वाइब्रेंट विलेज बनाने की योजना पर विचार-विमर्श किया गया। एसएसबी,19 वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र में मुख्य तौर पर पशुओं की तस्करी होने का मामला पर प्रभावी ढंग से रोकथाम लगाने हेतु स्थानिय पुलिस को एसएसबी के साथ व्यापक रूप से समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया क्योंकि इन तस्करियों में मुख्य तौर पर सीमावर्ती गाँवों के लोग संलिप्त हैं। संभावित पशु तस्करी को रोकने के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों एवं एस.एस.बी. के बीच संघर्ष होने की संभावना नहीं बने,इसलिए स्थानीय ग्रामीणों और एसएसबी के साथ समन्वय का निर्देश दिया गया। बैठक में एसएसबी 19 वीं वाहिनी के द्वारा बताया गया कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा खुली होने के कारण सीमा के निगरानी एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी तौर पर रोकथाम लगाना एक चुनौती है,एसएसबी 19 वाहिनी द्वारा लगातार नाका, पेट्रोलिंग, ओ. पी. ड्यूटी के माध्यम से सीमा पर होने वाले अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वाहिनी को आसूचना तंत्र को भी सक्रिय रहने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस गश्ती/ पेट्रोलिंग की व्यवस्था के अंतर्गत किशनगंज जिला का नेपाल से 11 थानों की सीमा लगती है सीमावर्ती थाना 24 घंटे क्रियाशील रहती है। स्थानीय थाना द्वारा नियमित रूप से गस्ती के साथ-साथ आम सूचना भी दिया जाता है इसके अतिरिक्त एसएसबी के साथ गश्ती की जाती है। बैठक में गलगलिया में मद्य निषेध से संबंधित निर्माणाधीन चेक पोस्ट पर वाहनों का गहन जांच एवं अवैध मद्य निषेधक वस्तु के परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की सूचना दी गई। माह जुलाई एवं अगस्त में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु 12 लीटर शराब जप्त एवं 151 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीमावर्ती इलाके में दूरसंचार नेटवर्क बीएसएनएल और जिओ को ठीक ढंग से दूर संचार नेटवर्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि जल्द से जल्द सूचना का आदान प्रदान हो सके। जिलाधिकारी द्वारा सभी सीमावर्ती इलाके में एक दूसरे को सूचना आदान-प्रदान करने का निर्देश दिया गया। विदेशी नागरिकों , संदिग्ध व्यक्तियों एवं फरार तथा पेशेवर अपराधियों सहित सफेदपोश असामाजिक तत्वों पर नजर एवं रोकथाम हेतु सीमावर्ती थाना के साथ निरंतर बैठक करते हुए और सूचना संकलन के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि आतंकवादी एवं उग्रवादी गतिविधि खासकर बढ़ती हाईब्रीड आतंकवाद की घटनाओं पर नजर एवं रोकथाम हेतु सीमावर्ती थाना के साथ-साथ एसएसबी के साथ भी आसूचना का आदान-प्रदान कर इस तरह के किसी भी गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। बंगाल के सीमावर्ती इलाके में जहां चिकन नेक है वहां पर ज्यादा गस्ती करने तथा बांग्लादेशी घुसपैठियों, जाली नोट, मानव एवं पशु तस्कारियों एवं व्यापार पर सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

# नौगढ़ व शहाबगंज पीएचसी पर मरीजों को हो रही परेशानी



**चंदौली** । जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के बारे में अगर बात करें तो जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का वर्तमान की स्थितियों में बुरा हाल है। ऐसे में अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का सही ढंग से इलाज कर पाना संभव नहीं है। जिससे मरीजों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारी भी अनुदा अच्छी करते नजर आ रहे हैं। एक तरफ विभागीय लापरवाही तो देखी जा रही है, लेकिन दूसरी तरफ अस्पतालों में बिजली न होने से इलाज के लिए मोबाइल काफी सहायक साबित हो रही है। कुछ ऐसे ही तस्वीर चंदौली जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहाबगंज में देखने को मिली है जहां अस्पतालों में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। कई डॉक्टर तो अपने चेंबर में मौजूद रहे, लेकिन कुछ इमरजेंसी छोड़कर ही मौके से गायब रहे। ऐसे में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। और इन अस्पतालों में बिजली न होने से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों के इलाज और अन्य विभागीय कार्य के लिए मोबाइल की टॉर्च मददगार बन रही है। जिससे मरीजों का इलाज हो पाना संभव है। इन समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों के भी मामला संज्ञान में है। लेकिन बावजूद इसके समस्या हल नहीं हो पा रही। नौगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाइट की रोशनी में घायल मरीज का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी हालांकि आपको बताते चलें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ में पूर्व में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में देखा हुआ जाना है। इसके पूर्व भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहाबगंज में बेड पर कुत्ते के बैठे होने का मामला काफी चर्चित रहा है जो कि प्रदेश स्तर तक बवाल मचाया हुआ था जिसको लेकर यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी नाराजगी व्यक्त की थी।शहाबगंज पीएचसी पर अंधेरे में इमरजेंसी कक्ष, डाक्टर के इंतजार में खड़े मरीज। लेकिन अब देखना होगा कि विभागीय अधिकारियों के मामला संज्ञान में होने के बावजूद आखिर कब तक बिजली कटौती के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सही किया जाता है जिससे दूर दराज से पहुंचने वाले मरीजों को किसी भी परेशानियों से ना जूझना पड़े।इस संबंध में प्रभारी डॉ नितेश मालवीय ने बताया कि मौसम की खराबी की वजह से सोलर पैनल चार्ज नहीं हो पता है। वहीं अस्पताल की बिजली राममाड़ो फीडर ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ा गया है जिससे अधिकतर बिजली कटौती होने से परेशानियां रहती है।

## खास ख़बर

### पीड़िता का बयान घटनास्थल से भौतिक साक्ष्यों का संग्रह इत्यादी के बारे मे दी जानकारी



**शुभ भास्कर ,चंदौली** । पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा एसिड अटैक पीड़िताओं की समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट करते हुये पीड़िताओं के निःशुल्क चिकित्सीय उपचार,क्षतिपूर्ति, पेन्शन एवं रोजगार तथा पुनर्वास के सम्बन्ध में व माननीय न्यायालय में विचाराधीन वादों में प्रभावी पैरवी करने व जनपद के विवेचकों को एसिड अटैक के बारे में प्रशिक्षित करते हुए पीडित/पीड़िताओं की निःशुल्क चिकित्सीय उपचार, क्षतिपूर्ति,पेन्शन एवं रोजगार तथा पुनर्वास,घटना के 15 दिनों के भीतर ही प्रधानमंत्री राहत कोष द्वारा एक लाख रूपये की तात्कालिक पीड़ित को सहायता प्रदान करने तथा शासन द्वारा दिये गये एसओपी के अनुरुप एसिड अटैक की प्र०सू०रि० पंजीकरण,जॉच/विवेचना, इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की स्वीकार्यता तथा तेजाब खरीद मामले की जाँच एवं अभियोगों की प्रभावी विवेचना के संबंध में विवेचको को प्रशिक्षण प्रदान किया गया,साथ ही साथ एसिड अटैक के मामलो मे साक्ष्य सकंलन जैसे-सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के परीक्षण द्वारा,पीड़िता से पूछताछ के आधार पर यदि संभव हो 161 सीआरपीसी व 164 सीआरपीसी के तहत पीड़िता का बयान घटनास्थल से भौतिक साक्ष्यों का संग्रह इत्यादी के बारे मे जानकारी दी गयी।इसके साथ ही तेजाब हमलों को रोकने के लिए, तेजाब की बिक्री के लिये कठोर नियम,कड़े मानदण्ड, तेजाब के उपयोग/उद्देश्य आदि के बारे मे प्रशिक्षित किया गया तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत एक चुटकी माटी या एक चुटकी चावल दान करने का किया आह्वान



**बबुरी चंदौली** ।बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दुदे में शुक्रवार को ग्राम प्रधान ओम प्रकाश ने अमृत कलश मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत एक चुटकी माटी या एक चुटकी चावल दान करने का आवाहन किया गया। दुदे प्रधान ने कहा कि देश को आजाद कराने में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी सम्मान दे रहे है।मेरी माटी मेरा देश अभियान वृहद रूप से चलाकर हर घर से मिट्टी इकठ्ठा कर अमृत महोत्सव के समापन वर्ष में दिल्ली में स्वंत्रत्ता संग्राम सेनानियों व शहीदों की याद में दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा।इस मौके पर परदेशी,बबलू,अजीत, जित्तू,बाबू लाल, सीता,सजबू दिन इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### छठवां राष्ट्रीय पोषण को लेकर स्वास्थ्य को लेकर किया गया जागरूक



**चकिया चन्दौली** । छठवां राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर चकिया ब्लाक के आंगनबाड़ी केद्र पर्वत पुर चंदौली में पोषण अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती । महिलाओं,स्तनपान कराने वालीं धात्री आदि को पोषण में सुधार हेतु आयुर्वेदिक आहार, विहार, दिनचर्या के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसमें राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भटवारा खुर्द चंदौली, चंदौली (HWC) के द्वारा सम्पन्न हुआ तथा महिलाओं को जागरूक किया गया।

## बैग के अंदर प्लास्टिक में लिपटा मिला युवती का शव



**अशोक कुमार जायसवाल, चंदौल**। घने जंगलों के बीच मिला युवती का शव चंदौली में शुक्रवार की सुबह बने जंगलों के बीच एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर जांच पड़ताल में जुटी है। यूपी के चंदौली में शुक्रवार की सुबह बने जंगलों के बीच एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर जांच पड़ताल में जुटी है।जानकारी के अनुसार जिले के चकर्घट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत बॉर्डर के करीब घने जंगल के बीच एक लाल रंग का बड़ा बैग मिला। संदेह होने पर बैग को खोला गया तो उसमें एक युवती की अर्धनग्न शव मिली जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर मके पर पहुंची सोनभद्र जिले की रायपुर और चंदौली पुलिस न मौके पर छानबीन में जुटी है। दोनों जिले की पुलिस टीम मौके पर मौजूद है।बताया गया है कि युवती का बॉ जहां पर मिला है वह सोनभद्र जिले के रायपुर इलाके का बॉर्डर है। रायपुर पुलिस का कहना है कि घटना चंदौली जिले का है जो कि चकर्घट्टा थाना क्षेत्र में है। फिलहाल पुलिस टीमों द्वारा जांच पड़ताल जारी है।

## नाली सफाई न होने के कारण संक्रामक रोग फैलने का भय सता रहा है



**सकलडीहा चंदौली**। क्षेत्र के तारापुर गांव में साफ सफाई क्या भाव में जाम पड़ी नालियों से उठ रहे दुर्गंध के कारण लोगों को संक्रामक रोग का भाई सता रहा है इसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है शासन स्तर पर भले गांव को चमकाने के उद्देश्य से सफाई कर्मियों की नियुक्ति कर दी गई हो लेकिन हकीकत है कि सेटिंग गेटिंग के तहत बहुत से गांव में सफाई करने काम के बजाय गांव में दिखाई तक नहीं है जिस गांव की सफाई भगवान भरोसे चल रही है कामोवेश यही हालत इन दोनों विकासखंड सकलडिया के तारापुर के दलित बस्ती की बनी हुई है जहां शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी काम करने से कतरा रहा है जिससे गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है नाली ना प्रधान के पानी से जाम होकर गली में पसर रहा है इससे उठ रहा है दुर्गंध के कारण लोगों को संक्रामक रोग का भाई सता रहा है इसको लेकर गांव के उमेश कुमार रमेश कुमार संजय कुमार प्रदीप कुमार भोजू कुमार जेपी लाल शाहिद तमाम लोगों ने आपको दोस्त व्याप्त करते हुए जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुस्रवण समिति की बैठक संपन्न



**शुभ भास्कर,चंदौली** । जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुस्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प,शिक्षण सामग्री, शिक्षण योजना,हेल्थ इश्यू, इंस्पेक्शन विजिट कंप्लायंस,टॉयलेट,ड्रिंकिंग वॉटर आदि पर बिंदुवार चर्चा की गई।बैठक के दौरान कड़े तेवर दिखाते हुए जिलाधिकारी ने नौगढ़ में टॉयलेट के संबंध में सर्वाधिक पेंडेंसी होने पर नौगढ़ ब्लॉक के एडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ सैलरी रोकने का निर्देश दिए।ड्रिंकिंग वॉटर के संबंध में बरहनी,धानापुर,नौगढ़ ब्लॉक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।उन्होंने कहा कि जो कार्य पंचायत से नहीं हो सकता उसे नरेगा से पूर्ण कराया जाय।उन्होंने कहा कि पैसे का बहाना बनाकर किसी कीमत पर कार्य रोका न जाए।जिलाधिकारी ने सभी कार्यों के लिए 31 अक्टूबर की डेड लाइन देते हुए संबंधित अधिकारियों को दो टूक कहा कि सभी पेंडेंसी अक्टूबर माह तक अवश्य पूर्ण कर लें अन्यथा प्रसाद पाने के लिए तैयार रहें।उन्होंने टायलीकरण के कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अटेंडेंस कम होने पर नाराजगी जताते हुए हर ब्लॉक में इसके लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों में विशेष अभियान चला कर उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।इसके लिए अभिभावकों से संपर्क कर उन्हे समझाया जाए।चहनिया ब्लॉक में सबसे कम अटेंडेंस होने पर उन्होंने कहा कि किसी भी ब्लॉक में 60% से कम उपस्थिति होने पर संयुक्त रूप से जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।इंस्पेक्शन विजिट कंप्लायंस का अनुपालन न होने पर उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिमाह पांच विद्यालयों का निरीक्षण कर उसे प्रेरणा ऐप पर दर्ज कराने का निर्देश दिया।

## किशोर स्वास्थ्य मंच में डॉ तनु सिंह ने दिए बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स



**शुभ भास्कर ,चंदौली** । किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दुलहीपुर वी पी हायर सेकेंडरी स्कूल में नियामताबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद के आर बी एस के की टीम द्वारा किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया।इसमें किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य के बेहतरी पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कालेज में ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।विजेता छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉ विकास यादव द्वारा उपहार देकर हौसला बढ़ाया गया।कार्यक्रम का संचालन कर रही परामर्शदाता डॉ श्रीमती तनु सिंह ने छात्राओं को शारीरिक व मानसिक समस्याओं को लेकर अपनी झिझक को तोड़ने के लिए प्रेरित किया।

### सौरभ हत्याकांड में अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी हो - शालिनी यादव



**पड़ाव/चंदौली**। चिरईगांव के यादव परिवार के युवा सौरभ की हत्या सिर्फ एक नौजवान की ही मौत नही है बल्कि एक गरीब परिवार के सुनहरे भविष्य का भी अंत है।चूंकि वह युवक सेना में भर्ती की तैयारी गंभीरता से कर रहा था और उसमे काफी संभावनाएं थी जिसके चलते उक्त परिवार का आने वाला दिन भी अंधकारमय हो गया।उक्त भावनाएं मृतक के गांव मरढनी,शंकरपुर में उसके परिजनों से मिलने के बाद पूर्व लोकसभा वाराणसी प्रत्याशी एवम भाजपा नेत्री शालिनी यादव ने व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नही हो पाने से तनाव का वातावरण है, अतः उनकी तत्काल गिरफ्तारी होना आवश्यक है।श्रीमती यादव से मृतक के पिता ने बताया कि इस प्रकरण में चौबेपुर थाना की भूमिका संदिग्ध है जिसकी जांच होनी चाहिए ताकि उन्हें न्याय मिल सके।शालिनी यादव ने मांग किया कि प्रशासन दोषियों को पकड़ कर न सिर्फ सलाखों के पीछे डाले बल्कि उनको कड़ी सजा सुनिश्चित कराए।उन्होंने यह भी कहा कि मृतक का परिवार अत्यंत गरीब हैं और उनके पास खेती की भूमि भी नही है,अतः उन्हें आर्थिक मदद दिया जाना न्यायहित में होगा।श्रीमती यादव के साथ यादव महासभा के जिलाध्यक्ष श्री रामसूरत यादव प्रधान,योगेश वर्मा,बलदाऊ यादव,गौरव यादव,सोनू वर्मा एवम राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

### (दानापुर-सिकंदराबाद)एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला यात्री घायल होने के संबंध में





**डीडीयू** । जंक्शन पर गाड़ी संख्या 12791 डाउन की चपेट में आ जाने से एक महिला धर्मिला उम्र करीब 35 वर्ष पत्नी तूफानी सरोज निवासी- निवादा,थाना -जलालपुर जिला-जौनपुर,उत्तर प्रदेश घायल हो गयी।उक्त महिला सिकंदराबाद जाने के लिए स्टेशन पर आयी थी।जो अप ट्रैन के बजाय डाउन ट्रैन में चढ़ गई।गाड़ी के प्रस्थान के क्रम में जब महिला को ज्ञात हुआ कि यह ट्रेन सिकंदराबाद के बजाय दानापुर जा रही है।इसलिए महिला के चलती गाड़ी से उतरने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आने से महिला का दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गया। जिनको मौके पर ही पहुंचे आरपीएफ के ऑन डयूटी अधिकारी मुकेश कुमार व अन्य द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जीआरपी डीडीयू के सहयोग से तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल महिला को स्टेचर के माध्यम से उठाकर रेल मंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।जिनका इलाज महिला डॉक्टर निरूपमा द्वारा किया जा रहा है। घायल महिला के परिजन को सूचित किया गया। उनके देवर रंजीत कुमार अस्पताल पहुंच चुके हैं।जिनके द्वारा बताया गया कि मेरी भाभी पीएनआर नंबर 67239 73 553 के अनुसार डीडीयू से सिकंदराबाद की यात्रा करने के लिए डीडीयू जंक्शन पर आई थी। लेकिन गाड़ी संख्या 12792 अप की बजाय गाड़ी संख्या 12791 डाउन में चढ़ गई।इसी क्रम में गाड़ी खुलने के क्रम में ज्ञात हुआ कि गलत गाड़ी में चढ़ गए हैं जिस कारण चलती गाड़ी से उतरने के क्रम में मेरी भाभी ट्रेन के नीचे गिर गई जिस कारण यह घटना हुई। महिला का इलाज जारी है।

### बीजेपी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बने काशीनाथ सिंह



**पीडीडीयू नगर चंदौली में**। पार्टी द्वारा जारी की गई सूची में जनपद में भी बड़ा बदलाव किया गया है। अभिमन्यु सिंह को हटाते हुए काशीनाथ सिंह को जनपद का नया भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। काशीनाथ सिंह चकिया क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के निवासी हैं। पार्टी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक से भी जुड़े हुए हैं। पूर्व में भी भाजपा में जिला महामंत्री और जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद लोगों को यह उम्मीद है कि चंदौली की भाजपा की कार्यशाली में काफी कुछ सुधार हो पाएगा। सूत्रों की माने तो पूर्व में मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के तत्कालीन जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमेश जायसवाल के बीच केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडेय के सामने तू तू मैं मैं हुआ था।जिसका खामियाजा अभिमन्यु सिंह को उठाना पड़ा। साथ में जिला अध्यक्ष बदलना पड़ा जो नया चेहरा इस प्रकार नाम आया काशीनाथ सिंह।

पीड़ित | पुलिस टीम गठित कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई

## चंदौली : पुलिस अभिरक्षा से फरार कैदी गोलू खान को जमीन निगल गई या आसमान





**शुभ भास्कर , चंदौली** । से है जहां 29 अगस्त को चंदौली कोर्ट पहुंचा अपहरण और बलात्कार का आरोपी गोलू खान उर्फ हैदर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी के फरार होते ही पुलिस महकमें में खलबली मच गई, एसपी डा अनिल कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई। लेकिन आरोपी आज भी पुलिस टीम की पहुंच से दूर है। उसे जमीन खा गई या आसमान निगल गया पता नहीं। कुशल नेतृत्व और गैंगेस्टरों के लिए शामत बने, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित सदर थाना प्रभारी राजीव सिंह भी आरोपी गोलू खान की तलाश में नाकाम रहे! हालांकि मामले की गर्मी को शांत करने के लिए एसपी ने पुलिस अभिरक्षा में आरोपी को लेकर कोर्ट आए सिपाही राकेश पांडेय को दूसरे दिन ही निलंबित कर दिया। विदित हो कि 29 अगस्त को बलात्कार और अपहरण के आरोपी गोलू खान को पुलिस अभिरक्षा में चंदौली कोर्ट लाया गया था। लेकिन पेशी पश्चात आरोपी गोलू खान निवासी वार्ड नंबर नौ, बबुरी रोड चंदौली लोकेलिटी का फायदा उठाकर पगडंडियों के सहारे पुलिस टीम की पहुंच से दूर निकल गया। बता दें कि गोलू खान के ऊपर 13 मई को सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। लेकिन उस समय भी आरोपी पुलिस टीम को काफी छकाने के बाद 12 अगस्त को गिरफ्तार हुआ था। इसी मामले में पेशी पर आरोपी चंदौली कोर्ट पहुंचा था, लेकिन पेशी के पश्चात पुलिस को चकमा देकर जानी पहचानी पगडंडियों के सहारे पुलिस की पहुंच से दूर निकल गया। पीड़ित परिजनों को पुलिस ने कुछ दिनों तक सुरक्षा व्यवस्था तो मुस्तैद कराई लेकिन आज भी पीड़ित परिवार घटना के दिन से ही दहशत के साए में जीने को विवश हैं।

## किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है इसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है











**सकलडीहा चंदौली** । क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ो एकड किसान के फसल की सिंचाई होती है लेकिन इस मुख्य नहर की सफाई नहीं होने से झाड़ झंखाड से पूरी तरह पट जाने से किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है इसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है नरायनपुर पंप कैनाल से निकली धानापुर रजवाहा से दर्जनों गांव के सैकड़ो किसाने की हजारों एकड़ फसल सिंचित की जाती है लेकिन इस मुख्य राजवाहा की साफ सफाई नहीं होने से पूरी तरह झाड़ झंखाड से पट चुकी है जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो गया है जबकि इसकी शिकायत किसानों ने कई बार भी अधिकारियों से किया लेकिन इनकी बातों को अनसुना कर दिया गया इसको लेकर किसान प्रेम नारायण बताया कि धान का कटोरा कहे जाने वाले जनपद में किसान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है किसान केदार यादव ने बताया कि नहरो की सफाई के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक व पत्र के माध्यम से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है राम नगीना शर्मा ने बताया कि बादल किसान की व्यवस्था सुनने वाला कोई नहीं है धानापुर रजवाहा घासफूस से पूरी तरह पट चुकी है जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो गया है हालांकि इन दिनों हुई बरसात से किसानों के खेतों में आई दरार दूर हो गई है नगीना यादव ने बताया कि धान के कटोरा के नाम से चंदौली जनपद विख्यात है लेकिन बदली का दभ किसान इस कदर झेल रहा है अपनी व्यवस्था किसी से करने पर भी कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।